@Qpatrika
@qaumipatrika hindi
instagram.com/qaumipatrika

कौमी पत्रिका
राष्ट्रीय दैनिक अखबार

दिल्ली-हरियाणा-पंजाब-चण्डीगढ़-उत्तर प्रदेश से प्रसारित
मंगलवार, 24 सितंबर 2024

VISIT:
www.qaumipatrika.in
Email: qpatrika@gmail.com

R.N.I. No. UP-HIN/2007/21472 सम्पादक - गुरचरन सिंह बब्बर वर्ष 17 अंक 319 qaumipatrikahindi 011-41509689, 23315814, 9312262300 गाजियाबाद संवत् 2077-78, पेज (12) मूल्य 3.00 रुपये (हवाई शुल्क 50 पैसे अतिरिक्त)

मैं कांग्रेस की सच्ची सिपाही, जल्द दिखूंगी मैदान में: कुमारी सैलजा

हिसार, 23 सितंबर। हरियाणा विधानसभा में चुनाव प्रचार से पिछले कुछ दिन से दूर रही कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव कुमारी सैलजा ने आखिरकार अपनी चुप्पी तोड़ दी है। कुमारी सैलजा ने अमर उजाला संवाददाता से मोबाइल पर हुई बातचीत में कहा कि कांग्रेस की सच्ची सिपाही हूं। कांग्रेस के लिए ही काम करूंगी। तमाम तरह की अफवाहों को विराम देते हुए सैलजा ने कहा कि चुनाव प्रचार के कार्यक्रम तय कर रहे हैं। जल्द ही आपको प्रचार में दिखूंगी। उन्होंने कहा कि चुनाव के समय इस तरह की अफवाहें उड़ाई जाती हैं। इस तरह के भ्रम फैलाए जा रहे हैं। अमर उजाला से बातचीत में कुमारी सैलजा ने कहा कि मैं कांग्रेस में ही रहूंगी। मैं अपने पिता की तरह सच्ची कांग्रेसी हूं। भाजपा की ओर से दिए जा रहे ऑफर और टिप्पणी को लेकर उन्होंने कहा कि मेरा तीन दशक लंबा राजनीतिक अनुभव है। चुनाव के समय तरह तरह के हथकंडे अपनाए जाते हैं। मेरी पार्टी और मेरा नेतृत्व मेरा मुकाम तय करेगा। मैं अपना रास्ता खुद तय करना जानती हूं। अपने पिता की तरह से कांग्रेस के तिरंगे में दुनिया से विदा होकर जाऊंगी। मैं कांग्रेस छोड़ने के बारे में कभी नहीं सोच सकती। चुनाव प्रचार से दूरी के सवाल पर उन्होंने कहा कि कार्यक्रम तय किए जा रहे हैं। बहुत जल्द आपको चुनावी मैदान में ही दिखूंगी। कांग्रेस के लिए प्रचार करूंगी। उन्होंने बताया कि वह दिल्ली में हैं। अपने सिरसा लोकसभा के कार्यकर्ताओं से लगातार मिल रही हैं।

पीएम मोदी के डिजिटल इंडिया विजन के फैन हुए दिग्गज

सिम्मी कौर बब्बर

न्यूयॉर्क, 23 सितंबर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने अमेरिकी दौरे के दूसरे दिन दुनिया की दिग्गज कंपनियों के सीईओ से मुलाकात की। पीएम मोदी ने इस राउंडटेबल बैठक में टेक कंपनियों के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों से टेक्नोलॉजी और इनोवेशन संबंधी विषयों पर चर्चा की। जिसमें कटिंग-एज टेक्नोलॉजी जैसे कि एआई, क्वांटम कम्प्यूटिंग और सेमीकंडक्टर के क्षेत्र में साझेदारी को लेकर बात हुई। पीएम मोदी के साथ इस राउंडटेबल बैठक में गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई, एडोबी के सीईओ शांतनु नारायण, आईबीएम के सीईओ अरविंद कृष्णा, एएमडी की सीईओ लिसा सु, मॉडर्ना के सीईओ नूबर अफयान, एनवीडिया के सीईओ जेन्सेन हुआंग, होलटेक इंटरनेशनल के सीईओ क्रिस सिंह और एक्सेंचर की सीईओ जूली स्वीट समेत कई टेक क्षेत्र के शीर्ष अधिकारी शामिल हुए। पीएम मोदी से मुलाकात के बाद गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई ने कहा कि, प्रधानमंत्री भारत को ट्रांसफॉर्म करने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। यह डिजिटल इंडिया विजन है। उन्होंने हमें भारत में निर्माण, भारत में डिजाइन जारी रखने के लिए प्रेरित किया। हमें अब अपने पिक्सेल फोन भारत में निर्मित करने पर गर्व है। वे वास्तव में इस बारे में सोच रहे हैं कि्रद्ध भारत को किस तरह से बदल सकता है जिससे भारत के लोगों को लाभ हो। उन्होंने हमें स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा, कृषि में अनुप्रयोगों के बारे में सोचने के लिए चुनौती दी और वे भारत के बुनियादी ढांचे के बारे में भी सोच रहे हैं - चाहे वह डेटा सेंटर हो, बिजली हो, ऊर्जा हो और यह सुनिश्चित करने के लिए निवेश करना हो कि भारत बदलाव कर सके और हमें भारत के साथ साझेदारी करने पर गर्व है। पिचाई ने बताया कि, हम भारत में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस(एआई) में मजबूती से निवेश कर रहे हैं और हम और अधिक करने के लिए तत्पर हैं। हमने कई कार्यक्रम और साझेदारियां तय की हैं... उन्होंने हमेशा हम सभी को भारत के लिए और अधिक करने के लिए चुनौती दी है। अब, वह हमसे एआई के साथ भी ऐसा ही करने के लिए कह रहे हैं। उनके पास एक स्पष्ट दृष्टिकोण है, दोनों ही मामलों में्रद्ध द्वारा बनाए जाने वाले अवसर के संदर्भ में लेकिन वह यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि अंततः एआई भारत के लोगों को लाभ पहुंचाए और उनका एक स्पष्ट दृष्टिकोण है कि यह सब भारत के लोगों के लिए होना चाहिए। वे हमें और अधिक करने के लिए चुनौती दे रहे हैं। वहीं एनवीडिया के सीईओ जेन्सेन हुआंग ने कहा, मैंने प्रधानमंत्री के साथ कई बैठकों का आनंद लिया है... जब भी मैं उनसे मिलता हूं, वे प्रौद्योगिकी, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस , भारत के लिए क्षमता और अवसर, भारतीय समाज और उद्योग पर पड़ने वाले प्रभाव के बारे में सीखना चाहते हैं... भारत दुनिया के कुछ महानतम कंप्यूटर वैज्ञानिकों का घर भी है। इसलिए यह एक बेहतरीन अवसर है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस भी एक नया उद्योग है, एक नया विनिर्माण उद्योग जो बहुत महत्वपूर्ण है। इसलिए, मैं इसे संभव बनाने के लिए भारत के साथ बहुत घनिष्ठ साझेदारी करने के लिए उत्सुक हूं... यह भारत का समय है, आपको इस अवसर का लाभ उठाना होगा। बैठक में शामिल हुए होलटेक इंटरनेशनल के सीईओ क्रिस सिंह ने कहा कि, प्रधानमंत्री ने मुझसे कहा कि वह भारत को ऊर्जा के मामले में स्वतंत्र बनाना चाहते हैं, वह देश में स्वच्छ ऊर्जा को तेजी से बढ़ाना चाहते हैं और यह बैठक स्वच्छ ऊर्जा के लिए थी। मैंने उन्हें समझाया कि मौजूदा कोयला संयंत्रों को हमारे छोटे मॉड्यूलर रिएक्टरों में बदला जा सकता है, संयंत्र की क्षमता तीन गुना बढ़ जाएगी।

चाइल्ड पॉर्न देखना-डाउनलोड करना पॉक्सो-आईटी कानून के तहत अपराध: सुप्रीम कोर्ट

नरेश मल्होत्रा

नई दिल्ली, 23 सितंबर। सुप्रीम कोर्ट सोमवार को मद्रास हाईकोर्ट के उस फैसले को पलट दिया है। जिसमें कहा गया था कि केवल बाल पोर्नोग्राफी डाउनलोड करना और देखना पॉक्सो अधिनियम और सूचना प्रौद्योगिकी कानून के तहत अपराध नहीं है। जिसके बाद मद्रास हाईकोर्ट के इस फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई थी। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को इस फैसले पर सुनवाई करते हुए कहा कि, बाल पोर्नोग्राफी को डाउनलोड करना, फोन में रखना और देखना पॉक्सो और आईटी एक्ट के तहत अपराध है। मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्र की पीठ ने आज इस मामले पर सुनवाई करते हुए कहा कि, चाइल्ड पोर्नोग्राफी से जुड़े फोटो-वीडियो को स्टोर करना यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम के तहत अपराध है। यही नहीं सुप्रीम कोर्ट ने संसद को पॉक्सो अधिनियम में संशोधन के लिए कानून लाने का सुझाव दिया। जिसमें चाइल्ड पोर्नोग्राफी शब्द को चाइल्ड यौन शोषण और अपमानजनक सामग्री से बदल दिया जाए। आरोपी के खिलाफ आपराधिक कार्यवाही को बहाल करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने आज साफतौर पर कहा कि बाल पोर्नोग्राफी को शेयर, देखना, बनाना और डाउनलोड करना सभी दंडनीय अपराध हैं। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में दो याचिकाकर्ता संगठनों का प्रतिनिधित्व करने वाले वरिष्ठ वकील एचएस फुल्का की दलीलों पर ध्यान दिया था कि हाईकोर्ट का फैसला इस संबंध में कानूनों के विपरीत था। वरिष्ठ वकील फरीदाबाद स्थित गैर सरकारी संगठन जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन एलायंस और नई दिल्ली स्थित बचपन बचाओ आंदोलन की ओर से अदालत में पेश हुए। संस्थाएं बच्चों के कल्याण के लिए काम करती हैं। दरअसल शीर्ष अदालत ने हाईकोर्ट के फैसले के अत्याचारपूर्ण बताते हुए उसे चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई करने पर सहमति जताई थी। हाईकोर्ट ने अपने फैसले में कहा था कि बाल पोर्नोग्राफी को डाउनलोड करना और देखना यौन अपराधों से बच्चों की सुरक्षा (पॉक्सो) अधिनियम और सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) अधिनियम के तहत अपराध नहीं है। हाईकोर्ट ने 11 जनवरी के अपने फैसले में 28 साल के व्यक्ति के खिलाफ आपराधिक कार्यवाही भी रद्द कर दी थी, जिसके खिलाफ अपने मोबाइल पर बाल पोर्नोग्राफी सामग्री को डाउनलोड करने का आरोप था। हाईकोर्ट ने यह भी कहा था कि आजकल बच्चे पोर्नोग्राफी देखने की गंभीर समस्या से जूझ रहे हैं और समाज को उन्हें दंडित करने के बजाय उन्हें शिक्षित करने के लिए परिपक्व होना चाहिए। मद्रास हाईकोर्ट ने एस हरीश के खिलाफ पॉक्सो अधिनियम, 2012 और आईटी अधिनियम, 2000 के तहत आपराधिक मामला रद्द कर दिया था। आईटी अधिनियम की धारा 67 बी के तहत अपराध गठित करने के लिए, एक आरोपी को यौन-स्पष्ट कार्य या आचरण में बच्चों को चित्रित करने वाली सामग्री प्रकाशित, प्रसारित या बनाई जानी चाहिए, यह कहा गया था। उच्च न्यायालय ने कहा था, इस प्रावधान को ध्यान से पढ़ने से बाल पोर्नोग्राफी देखना, सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 की धारा 67बी के तहत अपराध नहीं बनता है।



'आतंकवादी' के बाद अब राहुल को बताया 'शैतान': केंद्रीय राज्य मंत्री बिट्टू

जयपुर, 23 सितंबर। केंद्रीय रेल राज्य मंत्री बिट्टू ने राहुल गांधी के हालिया बयानों को लेकर तीखी प्रतिक्रिया दी है। बिट्टू ने साफ तौर पर कहा कि वह अपने बयान पर पूरी तरह से कायम हैं और राहुल गांधी को इससे कोई तकलीफ लेने की जरूरत नहीं है। बिट्टू ने कहा कि 'राहुल गांधी मुझसे आकर बात करें, क्योंकि मैं भी उन्हीं में से हूँ। राहुल गांधी को मेरे से ज्यादा कौन जानता है। यह मामला कांग्रेस या बीजेपी का नहीं है, बल्कि सिक्खों का है। बिट्टू ने राहुल गांधी के सिक्खों से जुड़े बयान पर सवाल उठाते हुए कहा कि 'राहुल गांधी कह रहे हैं कि सिक्खों को पगड़ी बांधने या कड़ा पहनने से रोका जा रहा है। मैं उनसे कहता हूँ कि अगर कोई ऐसा सिख मिल जाए जो कहे कि उसे पगड़ी बांधने या कड़ा पहनने से रोका गया हो, तो मैं उसकी बात मान लूंगा। उन्होंने यह भी जोड़ा कि वर्तमान में ष्टस्स्न के डीजी भी पंजाब के एक सिक्ख हैं, और वे खुद भी एक सिख हैं। बिट्टू ने जोर देते हुए कहा, राहुल गांधी खुद भी गुरुद्वारा जाते हैं, पगड़ी बांधते हैं। उन्हें कौन रोकता है? बिट्टू ने यह भी आरोप लगाया कि राहुल गांधी जानबूझकर सिक्खों को उकसाने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा, राहुल गांधी यह चाहते हैं कि सिख युवा फिर से हथियार उठा लें। उन्हें ऐसा संदेश मिल रहा है कि युवाओं को भड़काया जाए। 1984 के सिख दंगों का जिक्र करते हुए बिट्टू ने कहा, राहुल गांधी की पार्टी कांग्रेस के राज में हजारों सिक्ख मारे गए थे। इंदिरा गांधी ने दरबार साहिब पर हमला किया और राजीव गांधी के शासन में सिक्खों का नरसंहार हुआ। अब राहुल गांधी, जो कांग्रेस की तीसरी पीढ़ी हैं, वही कर रहे हैं। उन्होंने गहलोत सरकार पर भी निशाना साधते हुए कहा, गहलोत जी से पूछिए कि कौन से सिख को पगड़ी बांधने से रोका जा रहा है। मैं अपने बयान पर कायम हूँ और वापस लेने का सवाल ही नहीं उठता। बिट्टू ने साफ शब्दों में कहा कि सिक्खों को जितनी इज्जत मोदी सरकार में मिल रही है, उतनी पहले किसी सरकार में नहीं मिली। उन्होंने कहा, 1984 में कांग्रेस ने सिक्खों के खिलाफ क्या-क्या किया, सबको पता है। लेकिन आज कांग्रेस के नेता जेल में हैं। मोदी सरकार ने उन पर कार्रवाई की है। हरियाणा चुनावों का जिक्र करते हुए बिट्टू ने कहा, राहुल गांधी केवल हरियाणा चुनावों को ध्यान में रखकर ऐसे बयान दे रहे हैं, क्योंकि यहां 30 सीटें सिक्ख समुदाय से प्रभावित होती हैं।

56 इंच की छाती में अब वो बात नहीं: राहुल गांधी

कौमी संवाददाता

जम्मू, 23 सितंबर। जम्मू कश्मीर में विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के मतदान से पहले जोरों पर प्रचार हो रहा है। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी जम्मू कश्मीर के दौरे पर हैं। पुंछ में राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर जमकर निशाना साधा। राहुल गांधी ने चुनावी रैली के दौरान कहा कि भारत गुट जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा प्रदान करेगा। कहा कि पहले लोग अपने निर्वाचित विधायकों के माध्यम से निर्णय लेते थे, लेकिन आज एक राजा (एलजी) को नियुक्त किया गया है जो एक हैं। बाहरी व्यक्ति जो यह नहीं समझ सकता कि लोगों के दिलों में क्या है। सोमवार को एक सार्वजनिक रैली में राहुल गांधी ने कहा कि पहले जम्मू-कश्मीर में लोग अपने चुने हुए विधायकों के माध्यम से निर्णय लेते थे, लेकिन आज एक राजा नियुक्त किया गया है। एलजी एक राजा की तरह हैं, और वह एक बाहरी व्यक्ति हैं। इसलिए वह वो नहीं कर सकते जो जम्मू-कश्मीर के लोगों के दिल में है। उन्हें यह भी नहीं पता कि यह कैसे करना है। पुंछ रैली में राहुल गाधी ने आगे कहा कि विपक्ष उनसे जो भी कराना चाहता है, हम करते हैं वे एक कानून लाते हैं लेकिन जब हम उसके खिलाफ मजबूती से खड़े होते हैं तो कानून पारित नहीं होता है और वे एक नया कानून लाते हैं जो उन्हें पहले था वह अब खत्म हो गया है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि भारत में केंद्रशासित प्रदेशों को राज्य बनाया गया। राज्यों को विभाजित किया गया। मध्य प्रदेश को विभाजित करके छत्तीसगढ़ बनाया गया। बिहार को विभाजित करके झारखंड बनाया गया, और आंध्र प्रदेश को विभाजित करके तेलंगाना बनाया गया।

फर्जी एनकाउंटर नाइंसाफी है: अखिलेश

लखनऊ, 23 सितंबर। सुल्तानपुर सराफा लूटकांड के आरोपी अनुज प्रताप सिंह के पुलिस मुठभेड़ में मारे जाने के बाद मचे विवाद पर सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बयान दिया है। उन्होंने कहा कि सबसे कमजोर लोग ही एनकाउंटर को अपनी ताकत मानते हैं। किसी का भी फर्जी एनकाउंटर नाइंसाफी है। उन्होंने एक्स पर बयान जारी कर कहा कि सबसे कमजोर लोग एनकाउंटर को अपनी शक्ति मानते हैं। किसी का भी फर्जी एनकाउंटर नाइंसाफी है। हिंसा और रक्त से उत्तर प्रदेश की छवि को घूमिल करना उत्तर प्रदेश के भविष्य के विरूद्ध एक बड़ा षड्यंत्र है। आज के सत्ताधारी जानते हैं कि वो भविष्य में फिर कभी वापस नहीं चुने जाएंगे। इसीलिए वो जाते-जाते यूपी में ऐसे हालत पैदा कर देना चाहते हैं कि प्रदेश में कोई प्रवेश-निवेश ही न करे। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश की जागरूक जनता ने जिस तरह लोकसभा चुनाव में भाजपा को हराया है, भाजपाई उसी का बदला ले रहे हैं। जिनका खुद का कोई भविष्य नहीं होता, वहीं भविष्य बिगाड़ते हैं।

अजित पवार एक परिवार के रूप में साथ हैं: शरद पवार

मुंबई, 23 सितंबर। पूर्व केंद्रीय मंत्री शरद पवार ने सोमवार को कहा कि वह और भतीजे अजित पवार एक परिवार के रूप में साथ हैं। उन्होंने यह स्पष्ट किया कि अजित पवार एक अलग राजनीतिक पार्टी का नेतृत्व कर रहे हैं। तटीय कोंकण क्षेत्र के चिपलून में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में दिग्गज राजनेता ने कहा कि घरात तारी एकतरच आहेत (कम से कम हम घर पर साथ हैं)। वह राज्य में विभिन्न हलकों से मांग के बारे में पूछे गए एक सवाल का जवाब दे रहे थे कि चाचा-भतीजे की जोड़ी को एक बार फिर साथ आना चाहिए। पिछले साल जुलाई में अजित पवार ने अपने चाचा से अलग होकर सभी को चौंका दिया था। उन्होंने राज्य में एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली सरकार में हिस्सेदारी कर ली थी। इसके बाद उन्हें उपमुख्यमंत्री बना दिया गया था। हाल ही में सत्तारूढ़ गठबंधन के बारे में कई तरह की अटकलें लगाई जा रही हैं। कहा जा रहा है कि अगर चुनाव में सीटों के बंटवारे पर सहमति नहीं बनी तो वह महायुति से बाहर हो जाएंगे। अजित पवार की हालिया टिप्पणी के बारे में पूछे जाने पर कि उनकी पत्नी सुनेत्रा पवार को बारामती में सुप्रिया सुले के खिलाफ लोकसभा चुनाव लड़ाने का फैसला एक गलती थी? शरद पवार ने कहा कि वह एक अलग पार्टी में हैं। हमें किसी अन्य पार्टी द्वारा लिए गए निर्णयों पर टिप्पणी क्यों करनी चाहिए? यह पूछे जाने पर कि क्या एनसीपी (सपा), कांग्रेस और शिवसेना (यूबीटी) के विपक्षी महा विकास अघाड़ी (एमवीए) गठबंधन ने अपना मुख्यमंत्री चेहरा तय कर लिया है?

सांसद कंगना रणौत पर करेंगे मानहानि का दावा: विक्रमादित्य

सौरभ शर्मा

शिमला, 23 सितंबर। हिमाचल प्रदेश सरकार के लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में मीडिया से बातचीत के दौरान कहा कि या तो सांसद कंगना यह साबित करें कि प्रदेश सरकार की ओर से सोनिया गांधी को पैसा दिया जा रहा है, अन्यथा उनके खिलाफ मानहानि का मुकदमा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सेंसर बोर्ड ने कंगना की फिल्म को बैन किया हुआ है, इसका दुख मनाने सांसद आजकल हिमाचल में आई हुई हैं। कहा कि कंगना का बयान दर्शाता है कि उनका मानसिक दिवालियापन हो चुका है। उन्होंने कहा कि कंगना ज्यादा शिक्षित नहीं है। इसलिए वह बार-बार ऐसे बयान देती रही हैं। कंगना ने बीते कल कहा था कि केंद्र से जो मदद आ रही है, वह सोनिया गांधी को दी जा रही है। इस पर विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि कंगना या तो इसके प्रमाण दें, ऐसा नहीं किया तो सोनिया गांधी की छवि खराब करने के लिए मानहानि को तैयार रहें। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि इससे मूर्खतापूर्ण कोई बयान नहीं हो सकता है। केंद्र से जो बजट मिलता है, उसका खर्च लाइन ऑफ क्रेडिट(एलओसी) के आधार पर होता है। उन्होंने कंगना को चैलेंज किया कि कंगना एक रुपये की हेराफेरी साबित करके दिखाए। उन्होंने कहा कि ये वही सांसद है, जिन्हें भारतीय जनता पार्टी का हाईकमान फटकार लगा चुका है कि संवेदनशील मुद्दों पर ऐसी बयानबाजी न करें। विक्रमादित्य ने कहा कि जिस तरीके का एक माहौल हिमाचल में बना हुआ है। हम सब चाहते हैं कि सब लोग शांति के साथ रहे, भाईचारे व प्रेम के साथ रहे। प्रदेश में शांति व्यवस्था बनाए रखना यह सरकार की जिम्मेदारी है। लेकिन जिस तरीके के सवाल जमीन आवंटन को लेकर उठ रहे हैं, उसको देखते हुए समय के साथ हर संगठन, ट्रस्ट व धार्मिक संस्था में बदलाव व सुधार होना चाहिए। विक्रमादित्य ने कहा कि भीमाकाली मंदिर भी पहले उनकी निजी संपत्ति थी, लेकिन पूर्व सीएम वीरभद्र सिंह ने इसे सरकार के अधीन लाया ताकि इसमें पारदर्शिता आए। इसलिए वक्फ बोर्ड सहित अन्य संगठनों में भी पारदर्शिता आनी चाहिए। हिमाचल के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री व कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कौल सिंह ठाकुर ने सांसद कंगना रणौत पर पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि कंगना रणौत की बातें अनपढ़ जैसी होती हैं कि उन्हें गंभीरता से नहीं लिया जा सकता। कांग्रेस की बैठक में भाग लेने पहुंचे कौल सिंह ठाकुर ने कहा कि चुनाव से पहले और चुनाव के बाद जनता से जो वादे किए थे, उन्हें पूरा करना चाहिए, लेकिन वे तो लापता हैं, सिर्फ एक बार अपने इलाके की जनता से मिलीं और उसके बाद उनका कोई पता नहीं है। उन्होंने कहा कि आपदा के वक्त कंगना कहीं नजर नहीं आईं, सिर्फ एक दौरा किया। इस बीच हिमाचल प्रदेश सरकार आपदा प्रभावितों के बीच में रही।

महाराष्ट्र में रिलीज नहीं होने देंगे फवाद खान की फिल्म: राज ठाकरे

तेजिन्दर कौर बब्बर

मुंबई, 23 सितंबर। पड़ोसी मुल्क के अभिनेता फवाद खान और अभिनेत्री माहिरा खान की पाकिस्तानी फिल्म द लीजेंड ऑफ मौला जट्ट भारत में रिलीज से पहले मुश्किलों में पड़ती दिख रही है। दरअसल, महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के प्रमुख राज ठाकरे ने कड़ी चेतावनी देते हुए कहा है कि फिल्म को महाराष्ट्र में रिलीज नहीं होने दिया जाएगा। बयान ऐसे समय में आया है, जब यह फिल्म भारतीय सिनेमाघरों में एक दशक से अधिक समय में रिलीज होने वाली पहली पाकिस्तानी फिल्म बनने जा रही है। इसका प्रीमियर 2 अक्तूबर को होना है। राज ठाकरे ने भारत में पाकिस्तानी कलाकारों वाली फिल्मों की रिलीज की आलोचना करते हुए कहा कि दोनों देशों के बीच तनावपूर्ण संबंधों को देखते हुए पाकिस्तान के साथ सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बर्दाश्त नहीं किया जाना चाहिए। यह तय है कि यह फिल्म महाराष्ट्र में रिलीज नहीं होगी और अगर हुई तो अंजाम अच्छा नहीं होगा। राज ठाकरे ने माइक्रोब्लॉलिंग साइट एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर लिखा, पाकिस्तानी अभिनेता फवाद खान की फिल्म लीजेंड ऑफ मौला जट जल्द ही भारत में रिलीज होने वाली है। महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना किसी भी हालत में फिल्म को महाराष्ट्र में रिलीज नहीं होने देगी। पाकिस्तानी कलाकारों की फिल्मों को भारत में रिलीज करने की इजाजत क्यों दी गई? कला की कोई राष्ट्रीय सीमा नहीं होती, जो अन्य मामलों में तो ठीक है, लेकिन पाकिस्तान के केस में यह बिल्कुल भी काम नहीं करेगा। भारत से नफरत के मुद्दे पर बंटे देश के कलाकारों को यहां लाकर नाचने और उनकी फिल्में दिखाने के लिए किस तरह की कार्रवाई की जा रही है? सरकारों को इस फिल्म को महाराष्ट्र तो क्या, देश के किसी भी राज्य में प्रदर्शित होने की इजाजत नहीं देनी चाहिए। उन्होंने आगे लिखा, बेशक, सवाल यह है कि बाकी राज्यों को क्या करना चाहिए? यह तय है कि इस फिल्म को महाराष्ट्र में रिलीज नहीं होने दिया जाएगा। पहले भी ऐसी घटनाएं होने पर महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना की कार्रवाई सभी को याद होगी। इसलिए अब थिएटर मालिकों से विनम्रतापूर्वक अनुरोध किया जाता है कि वे फिल्मों की स्क्रीनिंग की दुविधा में न पड़ें। जिस वक्त यह फिल्म रिलीज होगी, उसी वक्त के आस पास नवरात्रि उत्सव शुरू हो जाएगा। मैं नहीं चाहता कि महाराष्ट्र में कोई टकराव हो और ऐसा राज्य के मुख्यमंत्री, गृह मंत्री और पुलिस महानिदेशक भी नहीं चाहते होंगे। हम कोई संघर्ष नहीं चाहते। राज ठाकरे ने लिखा, इसलिए हमें समय रहते कदम उठाना चाहिए और देखना चाहिए कि यह फिल्म हमारे देश में रिलीज न हो।

अखिलेश यादव की इच्छा पूरी हो गई: अनुज के पिता

अमेठी, 23 सितंबर। सुल्तानपुर सराफा लूटकांड के आरोप में एसटीएफ द्वारा उन्नाव में मारे गए शातिर अनुज प्रताप सिंह के पिता ने सरकार व सपा मुखिया पर तीखी प्रतिक्रिया दी है। मोहनगंज के जनापुर निवासी धर्मराज सिंह ने कहा कि उनका बेटा अनुज चार जून को घर से गया था। उसे पुलिस ने एनकाउंटर में मार दिया है। उन्होंने कहा कि जिन लोगों पर 35 से 40 मुकदमें हैं। उनका कुछ नहीं हो रहा है। उनके बेटे पर एक मुकदमा था और सुल्तानपुर डकैती में नाम आया। पुलिस ने उनके बेटे का एनकाउंटर कर दिया। कहा कि सपा मुखिया अखिलेश यादव की इच्छा पूरी हो गई। ठाकुर का एनकाउंटर होने से उनकी इच्छा पूरी हो गई। सरकार की मर्जी है। जो सरकार कराए। एनकाउंटर में मारे गए अनुज सिंह की बहन अमीषा सिंह का कहना है कि जो भी हो रहा बहुत गलत है। सरकार मनमानी कर रही है। अगर किसी ने अपराध किया है तो उसको सजा कानून देगा लेकिन पुलिस ऐसे एनकाउंटर में मार रही है। पुलिस को वर्दी दी गई है जिसका गलत फायदा उठा रही है। जिस पर 36 मुकदमें हैं, उनका कुछ नहीं हुआ जिस पर एक मुकदमा था, उसका भी एनकाउंट कर दिया। अगर 15 लोग शामिल थे घटना में तो सभी का एनकाउंटर होना चाहिए। कोई इंसाफ नहीं मिल रहा है।

इराक के आतंकवादी गुट ने जॉर्डन घाटी में इज़रायली ठिकानों पर ड्रोन हमले की जिम्मेदारी ली

एजेंसी

बगदाद। इराक के आतंकवादी गुट एक शिया मिलिशिया समूह ने को जॉर्डन घाटी में एक इज़रायली ठिकानों पर ड्रोन हमले की जिम्मेदारी ली। मिलिशिया समूह ने एक बयान में कहा कि अपनी तरह का पांचवां हमला, गाजा पट्टी के लोगों के साथ एकजुटता में किया गया था जिसमें दुश्मन के गढ़ों को निशाना बनाना जारी रखने का संकल्प लिया गया था। समूह ने प्रभावित स्थलों को निर्दिष्ट नहीं किया या किसी हताहत की सूचना नहीं दी।

ब्रिटेन ने चीन समर्थित कन्फ्यूशियस संस्थानों का वित्त पोषण रोका

लंदन। ब्रिटेन सरकार ने चीन प्रायोजित कन्फ्यूशियस संस्थानों (चीनी संस्कृति के प्रसार के लिए अंतरराष्ट्रीय सांस्कृतिक और शैक्षिक केंद्रों का एक नेटवर्क) की वित्तीय मदद पूरी तरह से बंद कर दी है जिससे चीन के बढ़ते प्रभाव और सुरक्षा को लेकर देश की चिंताएं दूर होंगी। 'टेलीग्राफ' अखबार ने ब्रिटेन शिक्षा विभाग के हवाले से यह जानकारी दी है।

फ्रांस में कई 'पुराने चेहरों'के साथ नये मंत्रिमंडल की घोषणा

पेरिस। फ्रांस में नये मंत्रिमंडल के गठन की घोषणा की गयी है जिसमें पिछली सरकार के कई मंत्रियों उनके पदों पर बरकरार रखा गया है। मीडिया की रिपोर्ट के अनुसार, मई 2022 से देश के रक्षा मंत्री का कार्यभार संभाल रहे श्री सेबेस्टियन लेकोर्नू अपने पद पर बने रहेंगे। राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने यूक्रेन में संघर्ष और फ्रांस द्वारा उसे दी जाने वाली सहायता पर समझौतों के संदर्भ में रक्षा मंत्री को उनके पद पर बनाये रखा।न्याय मंत्री रचिदा दाती का पद भी बरकरार रखा गया है।

म्यांमार में बाढ़ से मरने वालों की संख्या 384 पहुंची

यांगून। म्यांमार की बाढ़ से मरने वालों की संख्या बढ़कर 384 हो गई है, जबकि सुबह तक 89 लोग लापता हैं, म्यांमार की राज्य प्रशासन परिषद की सूचना टीम ने शनिवार को बताया। रिपोर्ट मेंकहा गया है कि मरने वालों में नेपीता केंद्र शासित प्रदेश से 164, मांडले क्षेत्र से 134, शान राज्य से 78, कायिन राज्य से पांच, बागो क्षेत्र से दो और अयेयारवाडी क्षेत्र से एक व्यक्ति शामिल है। इसमें कहा गया है कि बाढ़ ने नौ क्षेत्रों और राज्यों में दर्जनों टाउनशिप को प्रभावित किया है, जो देश के लगभग 16 प्रतिशत हिस्से को कवर करता है। इसने यह भी कहा कि 2,149 इमारतें पूरी तरह से नष्ट हो गईं

, 3,455 आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हो गईं और 546 स्कूल जलमग्न हो गए और क्षतिग्रस्त हो गए। इसके अतिरिक्त, 533 सड़कें और पुल, 2,489 बिजली के खंभे और 99 संचार टावर भी नष्ट हो गए रिपोर्ट में कहा गया है कि बाढ़ ने 735,461 एकड़ धान के खेतों को तबाह कर दिया है और 144,998 जानवरों को मार डाला है। रिपोर्ट में कहा गया है कि तूफ़ान यागी और बंगाल की खाड़ी में गहरे दबाव के कारण आई बाढ़ पिछले 50 सालों में सबसे विनाशकारी थी। रात में भारी बारिश और पहाड़ों से बहते पानी के कारण हताहतों की संख्या में वृद्धि हुई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि स्थानीय अधिकारी, बचाव संगठन और निवासी प्रभावित क्षेत्रों को साफ करने, स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने और पीड़ितों को भोजन और अन्य आवश्यक चीजें वितरित करने के लिए मिलकर काम कर रहे हैं।

यूक्रेन शांति शिखर सम्मेलन में भाग नहीं लेगा रूस

मास्को। रूस यूक्रेन पर संभावित दूसरे शांति शिखर सम्मेलन में भाग नहीं लेगा। रूस के विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मारिया ज़खारोवा ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यह सम्मेलन संघर्ष को हल करने से संबंधित नहीं है। ज़खारोवा ने यह टिप्पणी यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर ज़ेलेंस्की की नवंबर में दूसरे शांति शिखर सम्मेलन की योजना के जवाब में की। जेलेंस्की ने सम्मेलन में रूसी प्रतिनिधियों को आमंत्रित करने का इरादा किया था। उन्होंने मंत्रालय की वेबसाइट पर कहा, रूसी प्रतिनिधियों ने तथाकथित बर्गनस्टॉक प्रक्रिया के तहत किसी भी बैठक में भाग नहीं लिया है और ऐसा करने की योजना नहीं है। इस प्रक्रिया का वास्तविक संघर्ष समाधान से कोई लेना-देना नहीं है। उन्होंने कहा कि शिखर सम्मेलन का उद्देश्य संघर्ष को हल करने के एकमात्र आधार के रूप में अव्यवहारिक ज़ेलेंस्की सूत्र को बढ़ावा देना, अंतर्राष्ट्रीय समर्थन प्राप्त करना और इसे रूस को आत्मसमर्पण के लिए अल्टीमेटम जारी करने के लिए एक मंच के रूप में उपयोग करना है। जखारोवा ने दोहराया कि रूस संकट के कूटनीतिक समाधान को अस्वीकार नहीं करता है और गंभीर प्रस्तावों पर चर्चा के लिए खुला है जो ज़मीनी स्थिति, उभरती भू-राजनीतिक वास्तविकताओं और 14 जून को रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन द्वारा प्रस्तावित पहल को दर्शाते हैं। उन्होंने कहा, रूस के बिना और उसके हितों को ध्यान में रखे बिना, निष्पक्ष और टिकाऊ समाधान प्राप्त करना असंभव है। ज़खारोवा ने कुर्स्क क्षेत्र पर हाल ही में यूक्रेनी हमलों और रूसी क्षेत्र में गहराई तक हमला करने में सक्षम लंबी दूरी के नाटो हथियारों के अनुरोधों का हवाला देते हुए शांति के बजाय युद्ध पर ध्यान केंद्रित करने के लिए कीव और पश्चिमी देशों की आलोचना की।

बोस्टन और लॉस एंजिल्स में दो नए वाणिज्य दूतावास खोलेगा भारत – पीएम मोदी

एजेंसी

वॉशिंगटन। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने घोषणा की कि भारत सरकार अमेरिका में बोस्टन में और लॉस एंजिल्स में दो नए वाणिज्य दूतावास खोलेगी।

पीएम मोदी ने कहा, पिछले साल, मैंने सिएटल में एक नए भारतीय वाणिज्य दूतावास के उद्घाटन की घोषणा की थी। मैंने दो अतिरिक्त वाणिज्य दूतावासों के लिए आपके सुझाव मांगे थे। भारत ने अब बोस्टन और लॉस एंजिल्स में दो नए वाणिज्य दूतावास खोलने का फैसला किया है। पीएम मोदी ने यह घोषणा न्यूयॉर्क के नासाउ कोलिज़ीयम में भारतीय प्रवासियों के साथ बातचीत करते हुए की। अपने भाषण के दौरान, पीएम मोदी ने अमेरिका के साथ भारत के बढ़ते संबंधों पर प्रकाश डाला। भीड़ को संबोधित करते हुए, उन्होंने लोगों को कार्यक्रम में आने के लिए धन्यवाद दिया और अपने भाषण को समाप्त करने से पहले लोगों से भारत माता की जय दोहराने को कहा। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने भाषण के दौरान जिन मुद्दों पर जोर दिया, उनमें से एक भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार की सत्ता में

वापसी थी। प्रधानमंत्री के इस विषय पर बोलते समय भीड़ ने अब की बार, मोदी सरकार के नारे लगाए। लॉन्ग आइलैंड में आयोजित कार्यक्रम में 16 हजार से अधिक लोग आए थे। इनमें से कई तो अमेरिका के कोने-कोने से रात भर यात्रा करके आए थे। प्रधानमंत्री के पहुंचने से बहुत पहले ही भारतीय संस्कृति की विविधता को दर्शाने वाला एक सांस्कृतिक कार्यक्रम शुरू हो गया था। फिलाडेल्फिया पहुंचने के तुरंत बाद प्रधानमंत्री ने न्यूयॉर्क कार्यक्रम में अमेरिका भर से आए भारतीय प्रवासियों और अमेरिकियों से मिलने की अपनी उत्सुकता जाहिर की थी।

दिल्ली से लगभग 16 घंटे की यात्रा के बाद फिलाडेल्फिया में उतरने के बाद उन्होंने कहा, भारतीय समुदाय ने अमेरिका में अपनी अलग पहचान बनाई है, जिसने विभिन्न क्षेत्रों में सकारात्मक प्रभाव डाला है। उनके साथ बातचीत करना हमेशा खुशी की बात होती है। रविवार, 22 सितंबर को भारत के समयानुसार रात करीब 9:30 बजे मैं न्यूयॉर्क शहर में 'मोदी और अमेरिका' कार्यक्रम को संबोधित करूंगा। आइए उन बंधनों का जश्न मनाएं जो हमारे देशों को जोड़ते हैं! डेलावेयर में अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन द्वारा आयोजित क्वाड शिखर सम्मेलन और सोमवार को संयुक्त राष्ट्र के भविष्य के शिखर सम्मेलन में पीएम मोदी के संबोधन के बीच होने वाले इस कार्यक्रम की तैयारियां कई हफ्तों से चल रही हैं। आयोजकों को इस बात की खुशी है कि 'मोदी और अमेरिका, प्रगति एक साथ' के नाम से आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग शामिल होना चाहते हैं। कार्यक्रम स्थल पर सुबह-सुबह पहुंची एक महिला ने कहा,'हमें मोदी जी पर बहुत गर्व है, और हमें इस कार्यक्रम का हिस्सा बनने पर गर्व है। मोदी जी, हम आपसे प्यार करते हैं, और हम चाहते हैं कि आप हमारे देश के लिए जो कुछ भी कर रहे हैं, उसमें आप सफल हों।

विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने पहले कहा था, 'यह एक ऐसा कार्यक्रम है, जिसका आयोजन भारतीय समुदाय द्वारा किया जा रहा है। जैसा कि आप जानते हैं, संयुक्त राज्य अमेरिका में लगभग 4.5 मिलियन भारतीय प्रवासी हैं, जो वहां सबसे बड़े समूहों में से एक है, और जिसने अपनी पहचान बनाई है तथा दोनों देशों के बीच जीवंत सेतु के रूप में कार्य करके दोनों देशों के बीच संबंधों में योगदान दे रहा है।'

'अगर नवंबर में हार गया तो फिर से चुनाव नहीं लड़ूंगा', चुनाव से पहले ट्रंप का बड़ा एलान

एजेंसी

पेरिस। अमेरिका में राष्ट्रपति पद के रिपब्लिकन उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि अगर वह 5 नवंबर को चुनाव हार गए तो वह लगातार चौथी बार अमेरिकी राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव नहीं लड़ेंगे। उन्होंने एक साक्षात्कार में कहा कि यही होगा। दरअसल, जब उनसे यह पूछा गया कि अगर वह व्हाइट हाउस के लिए अपनी लगातार तीसरी दावेदारी में सफल नहीं होते हैं तो क्या वह खुद को चार साल बाद फिर से चुनाव लड़ते हुए देखते हैं? इस पर 78 वर्षीय पूर्व राष्ट्रपति ने कहा कि नहीं, मुझे नहीं लगता। मुझे ऐसा बिल्कुल नहीं लगता। उम्मीद है कि हम इस बार जरूर सफल होंगे।

कमला हैरिस से मिल रही कड़ी टक्कर

बता दें कि ट्रंप को डेमोक्रेटिक अमेरिकी उपराष्ट्रपति कमला हैरिस से कड़ी टक्कर मिल रही है। डेमोक्रेटिक पार्टी ने राष्ट्रपति जो बाइडन के रेस से हटने के बाद कमला हैरिस को राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनाया था। फिलहाल पोल्स में दोनों प्रमुख राज्यों में कड़ी टक्कर दिखाई दे रही है। यह विजेता का फैसला करने में निर्णायक हो सकता है। कमला हैरिस ने राष्ट्रव्यापी पोल्स में बढ़त हासिल करना शुरू भी कर दिया है।

पहले कब-कब ठोकी दावेदारी

राष्ट्रपति बनने के बाद ट्रंप ने 2020 के चुनाव के लिए अपनी दावेदारी 2017 में ही पेश कर दी थी। इसी तरह उन्होंने दो साल पहले नवंबर 2022 में व्हाइट हाउस के लिए तीसरी बार दावा ठोका था। ट्रंप लगातार डेमोक्रेटिक राष्ट्रपति बाइडन से 2020 में अपनी हार की वजह व्यापक मतदाता धोखाधड़ी बताते आ रहे हैं। वह खुद भी चुनाव परिणामों को पलटने के प्रयासों के लिए संघीय और राज्य आपराधिक आरोपों का सामना कर रहे हैं। हालांकि, उन्होंने खुद पर लगे आरोपों से इनकार ही किया है। वह इन्हें एक राजनीतिक हमला करार देते आए हैं।

भारत अब नेतृत्व करता है, देश अब रुकने या थमने वाला नहीं : प्रधानमंत्री मोदी

एजेंसी

वॉशिंगटन। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीन दिवसीय अमेरिका यात्रा पर हैं। वह न्यूयॉर्क में लॉन्ग आइलैंड में आयोजित 'मोदी एंड अमेरिका' नामक कार्यक्रम में भारतीय समुदाय को संबोधित कर रहे हैं। प्रवासी भारतीयों को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि हमने हर सेक्टर को आगे बढ़ाने के लिए पॉलिसी बनाई है। हमने लोगों को सस्ते डेटा देने पर काम किया। मोबाइल का हर बड़ा ब्रांड आज मेड इन इंडिया है। भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा मोबाइल निर्माता है। उन्होंने कहा कि एक दौर था, जब हम मोबाइल आयात करते थे और आज हम मोबाइल निर्यात कर रहे हैं।

पीएम मोदी ने कहा कि भारत अब पीछे-पीछे नहीं चलता, भारत अब नेतृत्व करता है, व्यवस्था बनाता है। भारत ने दुनिया को डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर का कॉन्सेप्ट दिया। भारत का यूपीआई पूरी दुनिया को आकर्षित कर रहा है। आपकी जेब में वॉलेट है, लेकिन भारत में लोगों के पास ई वॉलेट है, डिजी लॉकर है। भारत अब रुकने या थमने वाला नहीं है। आज भारत का 5जी मार्केट अमेरिका से भी बड़ा हो चुका है और ये सिर्फ दो साल के भीतर हुआ है। अब भारत 'मेड इन इंडिया' 6जी पर काम कर रहा है। यह इसलिए संभव हो सका, क्योंकि हमने इस क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए नीतियां बनाईं। हमने मेड इन इंडिया तकनीक पर काम किया।

महिला सशक्तिकरण का जिक्र करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि सरकार ने जो करोड़ों घर बनवाएं हैं, उनकी रजिस्ट्री महिलाओं के नाम हुई है। भारत में जो करोड़ों बैंक खाते खुले, उसमें आधे से ज्यादा खाते महिलाओं के खाते खुले। एमएसएमई योजना से भारत की दस करोड़ महिलाएं जुड़ी हैं। कृषि को तकनीकी से भी हम भारत में जोड़ने का प्रयास कर रहे हैं। आज खेती-किसानी में ड्रोन का इस्तेमाल हो रहा है। ड्रोन शायद आपके लिए नई बात नहीं है, लेकिन नई बात यह है कि इसकी जिम्मेदारी महिलाओं के पास है। हम हजारों महिलाओं को ड्रोन पायलट बना रहे हैं।

उन्होंने कहा कि कार्बन उत्सर्जन में भारत की भूमिका न के बराबर है। दुनिया को बर्बाद करने में हमारी कोई भूमिका नहीं है। हमने ग्रीन ट्रांजिशन का रास्ता चुना है। उन्होंने कहा कि आज भारत की बातों को लोग गंभीरता से सुनते हैं। जब भारत वैश्विक मंच पर बोलता है, तब दुनिया सुनती है। कुछ समय पहले जब मैंने कहा था कि यह युद्ध का युग नहीं है, तब सभी ने सुना था। भारत की प्राथमिकता दुनिया में दबाव बढ़ाने की नहीं, प्रभाव बढ़ाने की है। हम विश्व में दबदबा नहीं चाहते, हम विश्व में सहयोग देना चाहते हैं।

श्रीलंका राष्ट्रपति चुनाव में अनुरा दिसानायके विजयी, बनेंगे दसवें राष्ट्रपति

एजेंसी

कोलंबो। श्रीलंका के राष्ट्रपति चुनाव में बड़ा उलटफेर हुआ है। यहां मार्क्सवादी नेता अनुरा दिसानायके ने जीत दर्ज की है। वामपंथी पार्टी जनता विमुक्ति पेरामुना (जेवीपी) के नेता दिसानायके श्रीलंका के 10वें राष्ट्रपति बनने जा रहे हैं। कल 23 सितंबर को वो राष्ट्रपति पद की शपथ ले सकते हैं।

श्रीलंका के चुनाव आयोग ने औपचारिक रूप से घोषणा की है कि 55 वर्षीय अनुरा कुमार दिसानायके ने शनिवार के चुनाव में 42.31 फीसदी वोट हासिल किए। जबकि विपक्षी नेता सजीथ प्रेमदासा दूसरे स्थान पर रहे, जिन्हें 32 प्रतिशत मत मिले। वहीं रानिल विक्रमसिंघे 17 प्रतिशत वोट के साथ तीसरे स्थान पर रहे अपनी जीत के बाद, अनुरा दिसानायके ने राष्ट्रीय एकता का आह्वान किया और कहा, सिंहली, तमिल, मुस्लिम और सभी श्रीलंकाई लोगों की एकता एक नई शुरुआत का आधार है। उन्होंने देश की आकांक्षाओं को साकार करने के लिए एक नई शुरुआत की उम्मीद जताई

है। उल्लेखनीय है कि अनुरा दिसानायके कोलंबो से सांसद हैं और जेवीपी के अध्यक्ष हैं। दिसानायके का जन्म 24 नवंबर 1968 को अनुराधापुरा जिले के थंबूथेगामा गांव में हुआ था। वे अपने गांव के पहले ऐसे छात्र थे, जिसने किसी विश्वविद्यालय में दाखिला लिया था। छात्र जीवन से ही वे राजनीति में सक्रिय रहे दिसानायके ने पहली बार 2000 में विधायक का चुनाव जीता था। वे 2014 में जेवीपी के अध्यक्ष बने। वर्ष 2019 के राष्ट्रपति चुनावों में उन्हें सिर्फ 03 प्रतिशत वोट मिले थे।

कोयला खदान में विस्फोट, 30 की मौत, 17 घायल

एजेंसी

तेहरान। ईरान के पूर्वी प्रांत दक्षिण खुरासान में एक कोयला खदान में हुए विस्फोट में कम से कम 30 लोगों की मौत हो गई। हादसे में 17 लोग घायल हो गए। ईरानी मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, प्रांतीय संकट प्रबंधन मुख्यालय के महानिदेशक मोहम्मद अली अखौंदी ने सुबह बताया कि तबास काउंटी में मदनजू कंपनी की खदान में शनिवार को स्थानीय समयानुसार रात करीब 9 बजे विस्फोट हुआ। एक सुरंग में मीथेन गैस की मात्रा बढ़ने की वजह से धमाका हुआ।

अखौंदी ने कहा कि विस्फोट के समय घटनास्थल पर 69 खनिक काम कर रहे थे। ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन ने कहा कि उन्होंने फंसे हुए लोगों को बचाने और उनके परिवारों की मदद करने के लिए हरसंभव प्रयास करने का आदेश दिया है। उन्होंने यह भी कहा कि

घटना की जांच शुरू हो गई है।

स्टेट मीडिया ने बताया कि यह दुर्घटना खदान के बी और सी ब्लॉक में मीथेन गैस के रिसाव के बाद विस्फोट के कारण हुई। दक्षिण खोरासान प्रांत के गवर्नर अली अकबर रहीमी ने सरकारी टीवी को बताया, देश को 76 प्रतिशत कोयला इसी क्षेत्र से मिलता है और इस क्षेत्र में करीब आठ से 10 बड़ी कंपनियां काम कर रही हैं, जिनमें मदनजू कंपनी भी शामिल है।

ईरान के रेड क्रिसेंट ने कहा कि खदान में खोज और बचाव अभियान जारी है। सरकारी न्यूज एजेंसी ईआरएनए ने स्थानीय अभियोजक अली नेसेई के हवाले से कहा कि खदान में गैस के जमाव के कारण खोज अभियान मुश्किल हो गया है। इससे पहले अखौंदी ने जानकारी दी थी कि 40 टीमें बचाव अभियान में लगी हैं। इसमें 100 बचावकर्मी शामिल हैं। दो एम्बुलेंस बसें और 13 एम्बुलेंस मौके पर मौजूद हैं।

ईरान के खनन उद्योग में यह पहला हादसा नहीं है। पिछले साल, उत्तरी शहर दमघन में एक कोयला खदान में हुए विस्फोट में छह लोगों की मौत हो गई थी। स्थानीय मीडिया के अनुसार, यह धमाका भी संभवतः मीथेन गैस की वजह से हुआ था। मई 2021 में, उसी साइट पर दो खनिकों की मौत हो गई थी। 2017 में उत्तरी ईरान के आजाद शहर में हुए विस्फोट में 43 खनिकों की मौत हो गई थी। इस हादसे के बाद अधिकारियों के प्रति लोगों में गुस्सा भड़क उठा था।

पाकिस्तान में विस्फोट में एक पुलिसकर्मी की मौत, तीन घायल

एजेंसी

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के उत्तर पश्चिमी प्रांत खैबर पख्तूनख्वा में एक पुलिस वाहन को निशाना बनाकर किये गये विस्फोट में एक पुलिसकर्मी की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। 'डॉन' की रिपोर्ट के अनुसार, यह घटना स्वात जिले में हुई जहां सड़क किनारे लगाए गए उपकरण से वाहन को निशाना बनाया गया।मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, हमले में चार पुलिसकर्मी घायल हो गए। सभी घायलों को अस्पताल ले जाया गया गया, जहां एक उनमें से एक ने दम तोड़ दिया। अभी तक किसी समूह ने हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है। पुलिस ने आगे की जांच के लिए इलाके की घेराबंदी कर दी है।

बेरूत पर इजरायली एयर स्ट्राइक, मरने वालों की संख्या बढ़कर हुई 45

एजेंसी

बेरूत। बेरूत के दक्षिणी उपनगर में एक इमारत पर इजरायली हवाई हमले में मरने वालों की संख्या बढ़कर 45 हो गई है। लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने यह जानकारी दी।

समाचार एजेंसी ने मंत्रालय के हवाले से बताया कि हवाई हमले में मलबे को हटाने और पीड़ितों की तलाश तीसरे दिन भी जारी है।इस में एलीट राडवान फोर्स के एक्टिंग कमांडर इब्राहिम अकील और 14 अन्य कमांडर भी मारे गए।

इस बीच हिजबुल्लाह ने रविवार तड़के उत्तरी इजरायल में रमत डेविड एयरबेस को सतह से सतह पर मार करने वाली मिसाइलों से निशाना बनाया। लेबनानी इलाकों पर इजरायली हमलों के जवाब में यह हमला किया गया। समाचार एजेंसी के मुताबिक हिजबुल्लाह ने एक बयान में कहा, रमत डेविड बेस, जायोनी यूनिट के तीन मेन एयरबेस में से एक है, जिसका लेबनान और सीरिया के लिए रणनीतिक महत्व है। वहीं लेबनानी क्षेत्रों में इजरायली



हमले भी जारी है। लेबनानी सैन्य सूत्रों के मुताबिक इजरायली लड़ाकू विमानों ने रविवार तड़के लेबनान के दक्षिण और पूर्व में कई कस्बों और गांवों पर हवाई हमले किए। इजरायली सेना ने कहा कि उसने शनिवार को लगभग 290 ठिकानों पर हमला किया। इनमें हजारों हिजबुल्लाह रॉकेट लॉन्चर बैरल शामिल थे। इजरायली सेना के मुताबिक वह और टारगेट्स पर हमला करना जारी रखेगी। इस सप्ताह के शुरुआत में लेबनान में संचार उपकरणों में हुए विस्फोटों के बाद इजरायल-लेबनान सीमा पर तनाव तेजी से बढ़ गया। दो दिन तक हुए इन धमाकों में 37 लोग मारे गए और 2,931 घायल हो गए। वहीं बेरूत के दक्षिणी उपनगरीय क्षेत्र जामौस में शुक्रवार को एक इमारत को निशाना बनाकर किए गए इजरायली हवाई हमले में कम से कम 31 लोग मारे गए और 66 घायल हो गए। ये घटनाक्रम इजरायल-लेबनान सीमा पर चल रहे संघर्ष के नवीनतम विस्तार को दर्शाते हैं। यह संघर्ष 8 अक्टूबर, 2023 को शुरू हुआ था, जब हिजबुल्लाह ने गाजा पट्टी में हमास के साथ एकजुटता दिखाते हुए इजरायल पर रॉकेट दागे। इसके बाद इजरायल ने जवाबी कार्रवाई करते हुए दक्षिण-पूर्वी लेबनान में हवाई हमले किए थे।

बता दें कि 7 अक्टूबर 2023 को फिलिस्तीनी आतंकवादी ग्रुप हमास ने इजरायल में बड़ा हमला किया था। इसमें लगभग 1,200 लोग मारे गए थे और करीब 250 का अपहरण किया गया था। इसके बाद इजरायल ने हमास के खिलाफ युद्ध की घोषणा कर दी और गाजा पट्टी में सैन्य ऑपरेशन शुरू किया। इजरायली हमलों में गाजा में बड़े पैमाने पर जानमाल का नुकसान हुआ है। गाजा में इजरायल का मिलिट्री ऑपरेशन आज भी जारी है।

दिग्गजों से मोदी की मुलाकात : फलस्तीनी राष्ट्रपति से कहा– गाजा को लेकर चिंतित, मदद जारी रहेगी; ओली से भी मिले

एजेंसी

न्यूयॉर्क। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी फिलहाल अमेरिका के तीन दिवसीय दौरे पर हैं। इस दौरान उन्होंने अपने नेपाली समकक्ष केपी शर्मा ओली और फलस्तीनी राष्ट्रपति महमूद अब्बास सहित विश्व के नेताओं से अलग-अलग से बातचीत कर द्विपक्षीय संबंधों के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की। इसके अलावा, फलस्तीनी लोगों के लिए भारत के समर्थन की फिर से पुष्टि की।

बता दें, मोदी अमेरिका की तीन दिवसीय यात्रा के दूसरे चरण में न्यूयॉर्क में हैं और उन्होंने संयुक्त राष्ट्र महासभा के सत्र से इतर नेताओं से मुलाकात की।

पीएम मोदी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा, न्यूयार्क में नेपाली प्रधानमंत्री केपी ओली के साथ बहुत अच्छी बैठक हुई। भारत और नेपाल के बीच दोस्ती बहुत मजबूत है। हम अपने संबंधों को और अधिक गति देने के लिए तत्पर हैं। हमारी बातचीत ऊर्जा, प्रौद्योगिकी और व्यापार जैसे मुद्दों पर केंद्रित रही।

दोनों नेताओं ने सदियों पुराने... वहीं, विदेश मंत्रालय ने भी

इसकी जानकारी दी। एक्स पर कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज यूएनजीए के मौके पर नेपाल के पीएम केपी शर्मा ओली से मुलाकात की। यह दोस्ती को गहरा करना है। दोनों नेताओं ने सदियों पुराने, बहुआयामी और विस्तारित साझेदारी के सभी क्षेत्रों में सहयोग मजबूत करने के लिए आपसी हित के मामलों पर चर्चा की। नेपाल में परंपरा रही है कि जब भी वहां नया प्रधानमंत्री चुना जाता है या नए पीएम के तौर पर जो भी शपथ लेता है, वह अपनी पहली विदेश यात्रा भारत की करता है। मगर ओली ने पड़ोसी देश जाने की परंपरा तोड़ते हुए यूएनजीए के 79वें सत्र में शामिल होने के लिए अपनी पहली विदेश यात्रा पर अमेरिका आए हैं। ओली ने मंच एक्स पर कहा, यूएनजीए के 79वें सत्र से इतर भारत के प्रधानमंत्री मोदी के साथ सार्थक बैठक हुई। बैठक के दौरान, द्विपक्षीय संबंधों के विभिन्न मामलों पर चर्चा की गई। इसके अलावा, पीएम मोदी ने फलस्तीन के राष्ट्रपति अब्बास से भी मुलाकात की और फलस्तीनी लोगों के प्रति भारत के समर्थन को दोहराया। विदेश मंत्रालय ने बताया, %प्रधानमंत्री मोदी ने आज संयुक्त राष्ट्र महासभा से इतर फलस्तीन के राष्ट्रपति महामहिम महमूद अब्बास से मुलाकात की। प्रधानमंत्री ने गाजा में मानवीय स्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त की और फलस्तीन के लोगों के लिए भारत के निरंतर समर्थन की फिर से पुष्टि की।

कौमी पत्रिका

संपादक-गुरचरन सिंह बब्बर

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक, गुरचरन सिंह बब्बर ने कौमी पत्रिका प्रिंटिंग प्रेस, सेक्टर ए-4/ए-144 इंडस्ट्रीयल एरिया ट्रोनिका सिटी लोनी (गाजियाबाद), उत्तर प्रदेश से छापकर प्रकाशित किया।

Corporate Office:
5, Bahadurshah Zafar Marg
ITO, New Delhi-110002

फोन : 011-41509689, 23315814
मोबाइल नंबर : 9312262300

E - mail address :
qpatrika@gmail.com
Website: www.qaumipatrika.in

R.N.I. No.
UP-HIN/2007/21472

Legal Advisors:
Advocate Mohd. Sajid
Advocate Dr. A.P.Singh
Advocate Manish Sharma
Advocate Pooja Bhaskar Sharma

हिजबुल्ला के 400 ठिकानों पर बमबारी, इस्राइल ने जवाबी कार्रवाई में रॉकेट लॉन्चर नष्ट किए

एजेंसी

गाजा। गाजा युद्ध का दंश झले रहे पश्चिम एशिया के एक और मोर्चे पर वार-पलटवार तेज हो गया है। लेबनान समर्थक हिजबुल्ला ने उत्तरी इस्राइल के भीतरी व व्यापक क्षेत्र में 115 से अधिक रॉकेट दागे। इसके जवाब में इस्राइल के लड़ाकू विमानों ने हिजबुल्ला के 400 के करीब ठिकानों पर बमबारी की। इनमें हिजबुल्ला के रॉकेट लॉन्चर शामिल थे। इस्राइल के इस हमले को करीब एक साल से जारी संघर्ष की सबसे भीषण बमबारी माना जा रहा है।

इस्राइली सेना के प्रवक्ता लेफ्टिनेंट कर्नल नादव शोशानी ने बताया कि उनकी सेना ने हिजबुल्ला के 400 ठिकानों पर भीषण बमबारी की। इनमें रॉकेट लॉन्चर भी शामिल थे। यह हिजबुल्ला के हाइफा पर हमलों का जवाब था। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में हिजबुल्ला के ठिकानों पर हमले और भी तेज किए जाएंगे। इस्राइली सेना ने बताया कि हिज़बुल्ला ने उत्तरी क्षेत्र के आबादी वाले हिस्से हाइफा व नजारत पर पूरी रात बमबारी की। इसके कारण हजारों लोगों को सुरक्षित ठिकानों पर आश्रय लेना पड़ा। इस्राइल की मैगन डेविड एडोम बचाव सेवा ने बताया कि छर्रे लगने से चार लोग घायल हुए हैं, जिनमें 76 वर्षीय एक व्यक्ति भी शामिल है। हाइफा के निकट किरयात बियालिक इमारतें क्षतिग्रस्त हुई हैं और कारें खाक हो गई हैं। हमलों को देखते हुए उत्तरी इस्राइल के कई क्षेत्रों में स्कूलों को बंद कर दिया गया और लोगों के एकत्रित होने पर रोक लगा दी गई। उधर, हिजबुल्ला ने दावा किया कि इस्राइल पर हमले में उसने फादी-1 व फादी-2 मिसाइलों का भी इस्तेमाल किया। यह नए तरह का हथियार है, जिसका हिजबुल्ला ने पहले कभी इस्तेमाल नहीं किया। आतंकी संगठन ने दावा किया कि इन मिसाइलों का इस्तेमाल उसने रमत डैविड एयरबेस को निशाना बनाने के लिए किया। उसने कहा मुख्य रूप से हाइफा स्थित राफील इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनी को निशाना बनाया, जो पेजर हमलों का प्रारंभिक जबाव है। हिजबुल्ला जिस समय उत्तरी इस्राइल पर हमले कर रहा था, उसी समय इराक का इस्लामिक रजिस्टेंस दक्षिणी क्षेत्र को निशाना बना रहा था। सूत्रों ने बताया कि इस्लामिक रजिस्टेंस ने उत्तरी इस्राइल पर क्रूज मिसाइलें दागीं, जबकि दक्षिणी इस्राइली में विस्फोट ड्रोन भेजे। इस्राइली सैनिकों ने रविवार तड़के अपने देश के कब्जे वाले वेस्ट बैंक में समाचार संगठन अल जजीरा के कार्यालय पर छापे मारे। सैनिकों ने वहां मौजूद लोगों को तत्काल काम बंद करने का आदेश दिया।

सिग्नेचर ब्रिज से छात्र नदी में कूदा

एजेंसी

नई दिल्ली। उत्तरी जिले के वजीराबाद स्थित सिग्नेचर ब्रिज से एक युवक ने यमुना नदी में छलांग लगा दी। युवक की पहचान लोनी के रहने वाले 18 वर्षीय अंश चौधरी के रूप में हुई है। सूचना के बाद मौके पर पहुंची दिल्ली बोट क्लब की टीम ने रेस्क्यू आपरेशन शुरू किया, जिसके बाद रविवार देर रात तक युवक का पता नहीं चल पाया है। अंश चौधरी 12वीं कक्षा में पढ़ता था और यमुना विहार में कोचिंग सेंटर पढ़ने के लिए जाता था। भी वह कोचिंग सेंटर के लिए निकला था, मगर बाद में पता चला कि उस दिन कोचिंग सेंटर की छुट्टी थी। अंश के भाई आकाश ने बताया कि उन्हें करीब सात बजे सूचना मिली कि अंश ने सिग्नेचार ब्रिज से छलांग लगा दी और उसकी बाइक सिग्नेचर ब्रिज पर खड़ी है, जिसपर उसका मोबाइल फोन और बैग रखा है। इस सूचना पर उसके स्वजन सिग्नेचर ब्रिज पहुंचे जहां पता चला कि पुलिस बाइक और बरामद सामान तिमारपुर थाने ले आई है और वहां बोर्ड क्लब के गोताखोर उसे ढूंढने में लगे थे। रेस्क्यू आपरेशन में कैट्स एंबुलेंस, दमकलकर्मी भी मौके पर पहुंचे और यमुना से अंश को ढूंढने में पूर दिन जुटे रहे मगर उसका कोई सुराग नहीं मिल सका। रविवार रात तक अंश चौधरी का कोई सुराग नहीं मिल सका। पुलिस के मुताबिक अंश के मोबाइल में मिले कॉल रिकॉर्ड की जांच की जा रही है और उसे ढूंढने का प्रयास जारी है।

बातचीत न करने पर आरोपित ने युवती पर किया चाकू से हमला

नई दिल्ली। पश्चिमी जिले के ख्याला इलाके में एक सिरफिरे आशिक ने लड़की और उसके माता पिता पर चाकू से हमला किया। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपित मौके से फरार हो गया। मामले की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को तुरंत नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया। जांच में पता चला कुछ दिनों से लड़की आरोपित से बात नहीं कर रही थी। घटना सुबह की है। पकड़े गए आरोपित की पहचान अभिषेक के रूप में हुई है, जो राजौरी गार्डन का रहने वाला है।

पश्चिमी जिले के डीसीपी विचित्र वीर ने बताया कि शनिवार सुबह ख्याला थाना इलाके में चाकूबाजी की घटना के संबंध में सूचना प्राप्त हुई। घटना सुबह 9 बजे के आसपास की है। जिसमें आरोपित अभिषेक पीड़िता के घर आया और उस पर चाकू से हमला कर दिया। इस बीच उसके माता-पिता उसे बचाने आए तो उसने उन पर भी हमला कर दिया। अब तक मिली जानकारी के अनुसार, आरोपित अभिषेक, जो डबल स्टोरी, राजौरी गार्डन का रहने वाला है, पीड़िता का दोस्त था, क्योंकि वे दोनों राजौरी गार्डन में एक सैलून में साथ काम करते थे। काफी दिन से पीड़िता ने युवक से दूरी बना ली थी। फिलहाल पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है।

वोट की चोट से दिल्ली की जनता केजरीवाल से करेगी हिसाब बराबरः राजकुमार आनंद

नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 में होने हैं लेकिन इससे पहले सियासत खूब हो रही है। केजरीवाल का इस्तीफा, आतिशी की दिल्ली के सीएम पद पर ताजपोशी और राष्ट्रीय राजधानी में अपना इकबाल बुलंद करने की कोशिश एक तरफ आम आदमी पार्टी कर रही है तो दूसरी ओर भाजपा भी हर वार पर पलटवार कर रही है। भाजपा ने केजरीवाल सरकार के दस सालों का रिपोर्ट कार्ड पेश करते हुए 'आप' पर हमलावर है।

दिल्ली सरकार के पूर्व मंत्री और भाजपा नेता राजकुमार आनंद ने कहा कि,कोई भी आंदोलन नौजवानों से चालू होता है। नौजवान सबसे पहले जागता है, उसी कड़ी में आज युवा मोर्चा द्वारा प्रदर्शनी लगाई गई है। प्रदर्शनी

वार्ड नंबर 24 में चलाया गया स्टूडेंट्स क्लॉथ डोनेशन ड्राइव स्कूल के बच्चों ने क्लॉथ किए डोनेट

(संजय अरोड़ा)

चंडीगढ़: चंडीगढ़ समाजसेवा के प्रति बच्चों को बालपन से ही जागरूक करने के उद्देश्य से वार्ड नम्बर 24 में एरिया पार्षद जसबीर सिंह बंटी के नेतृत्व में क्लॉथ बैग लँगर का आयोजन किया गया। जिसके तहत गवर्नमेंट मॉडल हाई स्कूल, सेक्टर 42 बी, चंडीगढ़ के

छात्रों और कर्मचारियों ने नगर निगम, चंडीगढ़ द्वारा शुरू किए गए अभियान के लिए कपड़े दान किए। एरिया पार्षद जसबीर सिंह बंटी, स्कूल की प्रधानाध्यापिका श्रीमती नवदीप कौर और स्कूल स्टाफ सहित राजकुमार, जे ई सुरेश कुमार, एमओएच के हेल्थ इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार भी कार्यक्रम के दौरान उपस्थित रहे। एरिया पार्षद जसबीर सिंह बंटी ने बताया कि चंडीग? नगर निगम द्वारा 17 सितंबर से 02 अक्टूबर 2024 तक स्वच्छता ही सेवा अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में वार्ड नंबर 24 के कम्युनिटी सेन्टर और आसपास के क्षेत्र में साफ सफाई की गई। वहीं स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत स्कूलों में बच्चों को बालपन से स्वच्छता और समाजसेवा के प्रति जागरूक करने के लिए सेक्टर 42 बी गवर्नमेंट मॉडल हाई स्कूल में एक कार्यक्रम किया गया। स्कूल के स्टाफ और कर्मचारियों द्वारा छात्र कपड़ा दान अभियान के तहत कप? दान किए गए। कप? दान का उद्देश्य उन गरीब लोगों को तन ढकने के लिए कप?ा मुहैया करवाना है, जो इस स्थिति में नही की अपने लिए कप? भी खरीद सकें।

दिल्ली में भाजपा का केजरीवाल के खिलाफ अनोखा प्रदर्शन, शीश महल की प्रदर्शनी लगाई

नई दिल्ली। दिल्ली भाजपा ने आज कनॉट प्लेस में केजरीवाल सरकार के खिलाफ अनोखा प्रदर्शन किया है। प्रदर्शन में अरविंद केजरीवाल के आवास (शीश महल) की प्रदर्शनी लगाई गई है। इसके साथ ही भाजपा की ओर से केजरीवाल सरकार पर कथित शराब घोटाले और दिल्ली में बिजली की दरों में बढ़ोतरी का आरोप लगाते हुए एक कटआउट भी लगाया गया है। कनॉट प्लेस में एक मंच तैयार किया गया है। मंच पर कार्यकर्ताओं के पीछे एक बड़ा पोस्टर लगा है, जिसमें लिखा है कि भ्रष्टाचारी अरविंद केजरीवाल, भ्रष्टाचार का हिसाब देना होगा। इसके अलावा प्रदर्शन में अरविंद केजरीवाल के आवास (शीश महल) की प्रदर्शनी लगाई गई है। अरविंद केजरीवाल के आवास (शीश महल) की प्रदर्शनी के पास एक पोस्टर लगा है जिसमें लिखा है कि 52 करोड़ वाला भ्रष्टाचार का 'शीश महल' आम आदमी पार्टी का खास महल।

कारोबारी से लूटपाट के मामले में चार आरोपित गिरफ्तार

एजेंसी

नई दिल्ली। विवेक विहार थाना पुलिस ने 20 सितंबर को कारोबारी के साथ लूट की वारदात को अंजाम देने वाले चार बदमाशों को गिरफ्तार किया है। आरोपितों में कारोबारी के दो कर्मचारी भी शामिल हैं। दोनों कर्मचारियों ने ही अपने दोस्तों के साथ वारदात की साजिश रची और फिर लूट को अंजाम दिया।

पुलिस ने आरोपितों की पहचान पुष्पेंद्र, इब्राहिम, नदीम और अमर सिंह के रूप में हुई है। पुलिस ने इनके पास से लूटी गई दो लाख 66 हजार रुपये की नकदी और चोरी की स्कूटी बरामद की है। पुलिस आरोपितों के एक अन्य साथी दीपक की तलाश में छापेमारी कर रही है।शाहदरा जिले के डीसीपी सुरेन्द्र सिंह ने बताया कि पीड़ित माधव लाल सिंह अपने परिवार के साथ मकान नंबर एन-172, सेक्टर-12, नोएडा, उत्तर प्रदेश में रहता है। 19 सितम्बर को माधव लाल सिंह ने पुलिस को फोन अपने साथ लूट होने की सूचना दी। विवेक विहार थाना पुलिस मौके पर पहुंची और पीड़ित के बयान दर्ज किए। पीड़ित ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि उसकी मानसरोवर पार्क इलाके में फैक्टरी है और वह फैक्टरी से काम खत्म कर अपने घर लौट रहा था।

इसी दौरान साई बाबा मंदिर कट के पास बाइक सवार तीन युवकों ने जबरन उसे रोका और पिस्तौल दिखाकर उसका पैसों से भरा बैग लूट कर फरार हो गए। बैग में 4,50,000 रुपये, स्कूटी की आरसी और प्रदूषण के दस्तावेज मौजूद थे। एसएचओ इंस्पेक्टर अफाक अहमद, एसआई सुमित पूनिया, एएसआई राजवर्धन की टीम ने घटनास्थल के पास लगे कई सीसीटीवी कैमरों की फुटेज जब्त की और उसका विश्लेषण करने पर दो संदिग्ध दिखाई दिए। संदिग्धों की पहचान पीड़ित की फैक्टरी में काम करने वाले पुष्पेंद्र और इब्राहिम के रूप में हुई। फुटेज में इब्राहिम अपराध करने से पहले तीन संदिग्धों को लेकर फैक्टरी के पास घूमता दिखाई दे रहा था। इतना ही नहीं जांच में सामने आया कि फैक्टरी बंद करने के बाद, पुष्पेंद्र ने अचानक अपने मोबाइल से इब्राहिम और अन्य संदिग्धों के पास लूट को अंजाम देने का मैसज किया। पुलिस टीम ने सभी आरोपितों की पहचान के बाद उनके घर पर छापेमारी कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया।

आरोपित इब्राहिम ने बताया कि पुष्पेंद्र ने पीड़ित के पास पैसे होने की जानकारी दी थी। इसके बाद वारदात को अंजाम देने की साजिश रची गई। पुलिस ने आरोपितों के पास से लूट के दो लाख 66 हजार रुपए और चोरी की स्कूटी बरामद की।

ड्रग्स तस्करी के मामले में पति-पत्नी गिरफ्तार

नई दिल्ली। स्पेशल सेल ने नारकोटिक्स ड्रग्स सिंडिकेट का भंडाफोड़ करते हुए करीब 70 लाख रुपये कीमत की 7.134 किलोग्राम बढ़िया क्वालिटी की चरस बरामद की है। पुलिस का दावा है कि यह गिरोह दिल्ली एनसीआर में ऐप के जरिए ग्राहकों को चरस की आपूर्ति कर रहा था। पूछताछ में पता चला है कि बरामद चरस को दिल्ली एनसीआर में आपूर्ति के लिए नेपाल से तस्करी कर लाया गया था। पुलिस ने बताया कि इस मामले में ममिता लामा उर्फ नपीशा व नवीन को मालवीय नगर से पकड़ा गया और आरोपितों के घर से कुल 7.134 किलोग्राम चरस बरामद की गई है। पुलिस टीम को सूचना मिली थी कि ममिता लामा नामक एक महिला अपने पति नवीन के साथ मिलकर अपने घर से ड्रग्स की आपूर्ति में शामिल है। इस सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने दोनों को पकड़ा। महिला मूल रूप से सिक्किम की रहने वाली है और साउथ एक्सटेंशन में एक सैलून में काम करते हुए उसकी मुलाकात नवीन से हुई थी।

वर्ष 2020 में नवीन की मुलाकात एक व्यक्ति से हुई, जिसने उसे चरस की आपूर्ति करने और बेहतर जीवन के लिए पैसे कमाने का लालच दिया। उसने नबीन के साथ चरस की आपूर्ति शुरू कर दी। उन्हें अपने फोन पर व्हाट्सएप पर चरस की मांग मिलती थी और फिर वे ग्राहक द्वारा दिए गए पते पर पोर्टर ऐप पर पार्सल बुक करके ग्राहकों को चरस पहुंचाते थे। नवीन मूलतः नेपाल का रहने वाला है और पहले जनकपुरी में एक होटल में रसोइए के रूप में काम करता था। वर्ष 2020 में उसकी मुलाकात खानपुर दिल्ली में रहने वाले एक व्यक्ति से हुई जो अफीम और चरस की सप्लाई में शामिल था। फिलहाल पुलिस उस आरोपित की तलाश में जुटी हुई है।

वक्फ संशोधन कानून वक्फ की संपत्तियों पर कब्जा करने का प्रयास :राशिद अल्वी

एजेंसी

नई दिल्ली। कांग्रेस नेता राशिद अल्वी ने जाकिर नाइक की पाकिस्तान यात्रा, वक्फ संशोधन बिल, रेलवे सुरक्षा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अमेरिका दौरे पर टिप्पणी की। से बातचीत करते हुए उन्होंने महत्वपूर्ण मुद्दों पर अपनी राय रखी। राशिद अल्वी ने जाकिर नाइक की पाकिस्तान यात्रा पर कहा कि जाकिर नाइक हों या कोई अन्य व्यक्ति, उसे कहीं भी जाने का अधिकार है। यदि वह पाकिस्तान जा रहे हैं और वहां इस्लाम का प्रचार कर रहे हैं, तो इसमें किसी को आपत्ति नहीं होनी चाहिए। हमारा संविधान हर किसी को अपने धर्म को प्रचारित करने का अधिकार देता है। इसलिए, अगर वह पाकिस्तान या दुनिया के किसी भी मुल्क में जाकर यह काम कर रहे हैं, तो इसमें किसी को कोई आपत्ति नहीं होनी चाहिए। वक्फ संशोधन बिल पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा लाए जा रहे वक्फ कानून में कुछ बड़ी साजिश छिपी हुई है। यह कानून केवल वक्फ की संपत्तियों पर कब्जा करने का एक प्रयास है। अगर ज्वाइंट पार्लियामेंट्री कमेटी (जेपीसी) इस मुद्दे पर चर्चा कर रही है, तो सरकार कैसे कह सकती है कि वह इसे सर्दियों के सत्र में इसे पास करेगी। यह एक बड़ा धोखा है। मैं बड़े अदब से पूछना चाहता हूं अगर जेपीसी में बिल पर चर्चा हो रही है, तो आप जेपीसी के फैसले से पहले यह कैसे कह सकते है कि हम ऐसा करेंगे। फिर तो जेपीसी का कोई मतलब नहीं रह जाता। पसमांदा मुसलमानों की ओर से वक्फ संशोधन बिल का समर्थन किए जाने पर उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ऐसे लोगों को बुलाकर बयान दिलवा सकती है, जो वक्फ के बारे में बहुत कम जानते हैं।

एबीवीपी उम्मीदवारों ने छात्रावासों में किया प्रचार

एजेंसी

नई दिल्ली। दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ चुनाव को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) से अध्यक्ष पद के प्रत्याशी ऋषभ चौधरी, उपाध्यक्ष पद के प्रत्याशी भानु प्रताप सिंह सहित एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने दिल्ली विश्वविद्यालय के राजीव गांधी महिला छात्रावास, ग्वायर हॉल, मानसरोवर छात्रावास, पीजी मेन्स, मेघदूत, आदि छात्रावासों में संपर्क अभियान चलाते हुए इस वर्ष होने वाले डूसू चुनावों में विद्यार्थियों को अपने मुद्दे बताते हुए चुनाव प्रचार किया और उनसे सहयोग मांगा।

उल्लेखनीय है कि दिल्ली विश्वविद्यालय में छात्र संघ चुनाव 27 सितंबर को वोट पड़ने वाले हैं, इसको लेकर एबीवीपी के चारों प्रत्याशी दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रत्येक कॉलेज के विद्यार्थियों से अपने मुद्दों को प्रमुखता से रखते हुए उनका समर्थन एवं सहयोग मांग रहे हैं। एबीवीपी द्वारा जारी किया गया

घोषणा-पत्र विद्यार्थियों द्वारा दिए गए सुझावों के अनुसार ही बनाया गया है और उनकी समस्याओं के निवारण हेतु एक विस्तृत रोडमैप तैयार किया गया है। आगामी छात्रसंघ चुनाव में हम रिकॉर्ड मतों से चारों सीटों पर विजयी होते दिखाई देंगे। एबीवीपी की तरफ से अध्यक्ष पद के प्रत्याशी ऋषभ चौधरी ने कहा,दिल्ली विश्वविद्यालय के छात्रों के लिए एबीवीपी नेतृत्व वाला डूसू हमेशा से प्रतिबद्ध रहा है। एबीवीपी के नेतृत्व में डूसू ने छात्रों के सर्वांगीण उत्थान के लिए हर स्तर पर कार्य किया है। आज हमने दिल्ली विश्वविद्यालय में पढ़ने वाले छात्रों के आवासों पर जाकर उनसे संवाद किया एवं उनकी समस्याओं को जाना तथा उनके निराकरण के लिए हर संभव प्रयास भी किया। हम दिल्ली विश्वविद्यालय के छात्रों के लिए लगातार कार्य कर रहे हैं और आगे भी ऐसे ही करते रहेंगे। एबीवीपी की तरफ से सचिव पद की प्रत्याशी मित्रविंदा कर्णवाल ने कहा,एबीवीपी नीत डूसू दिल्ली विश्वविद्यालय में पढ़ने वाले छात्रों के लिए 365 दिन किसी भी परिस्थिति में उपस्थित रही है और आगे भी रहेगा। दिल्ली विश्वविद्यालय में पढ़ने वाले छात्रों की समस्याओं के निराकरण के लिए हम हमेशा से प्रतिबद्ध हैं। आज हम दिल्ली विश्वविद्यालय में पढ़ने वाले छात्रों की समस्याओं को जानने के लिए उनके छात्रावास, पीजी, फ्लैट्स में गए एवं उनके निवारण के लिए प्रयास भी किया।

दुनिया में किसी की इतनी ताकत नहीं जो लक्ष्मण को राम से अलग कर सके : सिसोदिया

एजेंसी

नई दिल्ली। दिल्ली के जंतर-मंतर पर आयोजित 'जनता की अदालत में केजरीवाल' सभा के दौरान पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने भी भाजपा पर जोरदार हमला बोला। उन्होंने कहा कि जेल में भाजपा ने मुझे अरविंद केजरीवाल से अलग करने के लिए तमाम धमकियां और लालच दिलवाए, लेकिन मैंने उसका संदेश लेकर आने वालों को जवाब दिया कि दुनिया के किसी रावण में इतनी ताकत नहीं है, जो लक्ष्मण को राम से अलग कर सके। जब तक अरविंद केजरीवाल तानाशाही के रावण के खिलाफ राम बनकर यह लड़ाई लड़ते रहेंगे, तब तक मैं लक्ष्मण बनकर इनके साथ खड़ा रहूंगा। सिसोदिया ने कहा कि मैं भी केजरीवाल के साथ जनता की अदालत में जाऊंगा और तभी उपमुख्यमंत्री की कुर्सी पर बैठूंगा जब जनता हमारी ईमानदारी पर मुहर लगा देगी। दिल्ली में अभी शिक्षा पर बहुत काम होना है, अब शिक्षा मंत्री की कुर्सी पर तभी बैठेंगे जब जनता हमारी ईमानदारी पर मुहर लगा देगी।

उन्होंने कहा कि दिल्लीवालों को यह यकीन है कि अगले तीन-चार

महीने बाद दोबारा अरविंद केजरीवाल दिल्ली के मुख्यमंत्री होंगे। हम सबको खुशी इस बात की है कि तानाशाह के ताले को तोड़कर भ्रष्टाचार के काल केजरीवाल हम सबके बीच में आ गए हैं। वह भी 17 महीने जेल में थे। लेकिन तब सबसे ज्यादा खुशी हुई, जब अरविंद केजरीवाल बाहर आए। क्योंकि सुप्रीम कोर्ट तक ने कह दिया कि यह झूठा केस है। उन्होंने कहा कि जब मैं पत्रकार था, तब मैंने 2002 में पांच लाख में एक छोटा सा घर खरीदा था। उस घर को भी इन्होंने मुझसे छीन लिया, अपने कब्जे में कर लिया। मेरे बैंक खाते में सेलरी के 10 लाख रुपये पड़े थे, उस पैसे को भी इन्होंने अपने कब्जे में कर लिया। मेरा बेटा कॉलेज में पढ़ता है, मुझे उसकी फीस भरने के लिए लोगों के सामने हाथ फैलाने पड़े कि मुझे बेटे की फीस देनी है, मेरा बैंक अकाउंट ईडी ने फ्रीज कर दिया है। ये लोग इस तरह से मुझे मानसिक तौर पर परेशान करते थे। क्योंकि इनकी कोशिश थी कि मनीष सिसोदिया टूट जाए, लेकिन मैं भी अरविंद केजरीवाल की टीम में सच्चा सिपाही हूं। मैं टूटा नहीं, घबराया नहीं।

से अरविंद केजरीवाल की सरकार बनाई और उन्होंने पूरी निष्ठा से दिल्ली की जनता के लिए काम किया। केजरीवाल ने अपनी ईमानदारी से दिल्ली के लोगों को फ्री बिजली और पानी, अच्छे स्कूल, अस्पताल, मोहल्ला क्लीनिक, महिलाओं की मुफ्त बस यात्रा और बुजुर्गों की तीर्थयात्रा की सुविधा दी। लेकिन यह सब देखकर भाजपा के पेट में दर्द होने लगा। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा ने पहले एलजी के माध्यम से काम रोकने की कोशिश की, लेकिन काम नहीं रुका। इसके बाद उसने दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन, शिक्षा मंत्री और उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया, सांसद संजय सिंह और मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जेल में डाल दिया। उन्होंने कहा कि हम सब लोगों की ज़िम्मेदारी है कि दिल्ली की जनता विधानसभा चुनाव में अरविंद केजरीवाल को प्रचंड बहुमत दे और उन्हें फिर से मुख्यमंत्री बनाएं।

NAME CHANGE

I hitherto known as RANU S/O JITENDER R/O ALLIPUR, GHAZIABAD, UTTAR PRADEH-201102 have changed my name and shall hereafter be known as AKSHAY

NAME CHANGE

I, RENU DEVI Wife of No-4574093W Rank-HAV, Name-ISHWAR SINGH R/o RAM VIHAR COLONY, GAU SHALA ROAD, NEAR RAJA MARRIAGE PALACE, MAHENDERGARH, HARYANA-123029 have changed my name from RENU DEVI to RENU for all future purposes vide Affidavit dated 23/09/2024 before Notary Public Delhi.

PUBLIC NOTICE

Be it known to all concerned that our clients SH. SANT LAL S/o LATE SH. DALIP SINGH AND SMT.DHARMA VATI W/o SH. SANT LAL, both R/o H. No.139 Gali no. 4 Shakti Vihar Meethapur extn. Badarpur New Delhi-110044, abovementioned both have severed their all relations with their son Ashok Kumar Gautam and disowned and disinherited him from their all moveable and immovable properties/assets. Anybody dealing with him shall do so at his/her/their own risk and cost.

SHANTNU BAGGA Advocates
Chamber No. 310, Lawyers Block, Saket Court Complex, New Delhi-110017

PUBLIC NOTICE

Be informed that my client Ms. Chanchal Kumari W/o Late Chander Bhan Wadhwa R/o E-35A, Gali No. 2, Nanhey Park near Som Bazar Road, Uttam Nagar, New Delhi-110059 have disowned and debarred their son Kapil Kumar Wadhwa and daughter-in-law Ms Shalu Wadhwa socially and economically as the above said son and daughter-in-law of my client is totally out of control of my client and used to misbehaved, abuse, quarrels and threaten and disobeyed with my client and also tortured and harassed them. My client shall not be held responsible for any of their acts, deed and things in whatsoever in any manner and if anyone deal as per his/her own risk, cost and consequences.

Raj Karan Advocate
Chamber: K-10, Lawyers' chambers, Tis Hazari Courts, Delhi-54

PUBLIC NOTICE

BE IT KNOW TO ALL CONCERNED THAT MY CLIENT MRS. KANTA BHATIA W/O LATE SH. RAMESH CHANDER BHATIA R/O F-103, GROUND FLOOR, RAJOURI GARDEN, NEW DELHI-110027, HEREBY DECLARE THAT SHE HAVE EXPELLED, DISOWNED AND DISINHERITED HER DAUGHTER I.E. MEENU ARORA, HER SON-IN-LAW I.E. ARUN ARORA (HUSBAND OF MEENU ARORA), HER GRANDDAUGHTER I.E. SHREYA ARORA & HER GRANDSON I.E. AAKASH ARORA (CHILDS OF MEENU ARORA) DUE TO THEIR MISBEHAVIOUR FROM HER ALL MOVABLE, IMMOVABLE PROPERTIES WHATSOEVER / WHEREEVER SITUATED & BANK DEPOSITS ETC. SHE HAVE ALSO RELEASED ALL HER RELATIONS WITH THEM FOR ALL INTENTS AND PURPOSES, AND MY CLIENT HEREBY DECLARE THAT SHE SHALL NOT BE RESPONSIBLE FOR ANY OF THEIR ACTS AND OMISSIONS FROM HERETO. ANYBODY DEALING WITH THEM SHALL DO SO AT HIS/HER/THEIR OWN PERIL.

GULSHAN CHANANA ADVOCATE
Office: 11/80, Ground Floor, Subhash Nagar, New Delhi-110027,

PUBLIC NOTICE

It is for general information that I DALVIR SINGH YADAV S/o SAHAB SINGH YADAV R/O Village - Nagla Ante Post-Maman Tehsil, Bharthana Distt- Etawah, Bharthana Etawah Bharthana, Uttar Pradesh - 206242 declare that name of mine has been wrongly written as DAL VIR SINGH YADAV in my service record the actual name of mine is DALVIR SINGH YADAV respectively which may be amended accordingly.

सार्वजनिक सूचना

यह सूचित किया जाता है कि श्री सियाराम यादव ठाकुर आवासीय फ्लैट नंबर G-3, भूतल पर, बिना छत के अधिकार के, जिसका क्षेत्रफल 49.25 वर्ग मीटर, खसरा नंबर 73-M, शेफाली अपार्टमेंट, गाँव भंगेल बेगमपुर, तहसील दादरी, जिला गौतम बुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश में स्थित है को श्रीमती गुंजा कुमारी और श्री रोशन कुमार सिंह से खरीदने का इरादा रखते हैं।श्रीमती गुंजा कुमारी और श्री रोशन कुमार सिंह ने यह संपत्ति श्रीमती अख्तर बानो और श्री शाजर अली तथा श्री नवाजिश अली से 18 जनवरी 2024 को हस्ताक्षरित बिक्री विलेखों के माध्यम से प्राप्त की थी। पहले, श्री सलामत हुसैन, श्री शाजर अली, और श्री नवाजिश अली 5 दिसंबर 2017 को बिक्री विलेख के माध्यम से इस संपत्ति के मालिक थे। इसके बाद, श्री सलामत हुसैन का 12 दिसंबर 2018 को निधन हो गया, और उन्होंने अपनी कानूनी वारिसों, श्रीमती अख्तर बानो (पत्नी) और श्रीमती ताजवार सुल्तान (बेटी) को छोड़ दिया। श्रीमती ताजवार सुल्तान ने अपनी माँ द्वारा संपत्ति की बिक्री के लिए अपनी सहमति दे दी है। उन्होंने संपत्ति पर एक भवन का निर्माण किया और इस मंजिल को संयुक्त रूप से बेचा गया है। इसी संपत्ति को महिंद्रा रूरल हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड, शाखा नोएडा द्वारा वित्तपोषित किया जा रहा है। यदि किसी व्यक्ति को संबंधित संपत्ति के संबंध में कोई आपत्ति हो, तो कृपया नोटिस की तिथि से 07 दिनों के भीतर अपनी आपत्ति लिखित रूप में प्रस्तुत करें। उक्त आपत्ति को पंजीकृत डाक के माध्यम से निम्नलिखित पते पर और ई-मेल के माध्यम से भेजा जा सकता है। यदि ऐसा नहीं किया जाता है, तो उपर्युक्त के अनुसार दावा को संबंधित संपत्ति के संबंध में शून्य और अमान्य माना जाएगा।।

[ASHWANI KUMAR] Advocate
Chamber No. 122, Tehsil Compound, Ghaziabad, U.P.

सार्वजनिक सूचना

यह सूचित किया जाता है कि श्री जितेंद्र कुमार, दूसरी मंजिल के बाईं ओर का भाग (Left Side Portion), बिना छत के अधिकार के साथ, जो कि संपत्ति संख्याएँ एम.सी. संख्या 2424 और 2430, क्षेत्रफल 126.78 वर्ग मीटर, चिप्पीवाड़ा कलां, जामा मस्जिद, दिल्ली पर स्थित है, को श्री राज कपूर, श्रीमती नीना कपूर, श्री तरुण खन्ना और श्रीमती मधु खन्ना से खरीदने का इरादा रखती हैं। सम्पूर्ण संपत्ति श्री राम कुमार सिंघल और श्री रज्जू सिंघल ने श्री प्रेम चंद जैन से विक्रय विलेख के माध्यम से 15.05.1989 को खरीदी थी। इस विक्रय विलेख से पहले, श्री राम कुमार सिंघल ने 04.04.1985 को मास्टर रज्जू सिंघल के पक्ष में एक पंजीकृत वसीयत बनाई थी। इसके बाद, श्री राम कुमार सिंघल का निधन 01.04.2013 को हो गया, और उनकी पत्नी श्रीमती सुशीला देवी सिंघल का भी निधन 19.09.1995 को हो गया। वे केवल एक कानूनी वारिस, श्री रज्जू सिंघल, को छोड़ गए। इसके बाद, श्री रज्जू सिंघल ने संपत्ति के पूरे हिस्से में से प्रत्येक को 1/4 हिस्सा, श्री राज कपूर, श्रीमती नीना कपूर, श्री तरुण खन्ना और श्रीमती मधु खन्ना को व्यक्तिगत चार विक्रय विलेख के माध्यम से बेचा। उन्होंने इस संपत्ति पर एक भवन का निर्माण किया और अब दूसरी मंजिल को संयुक्त रूप से बेचने का इरादा है। उसी संपत्ति का वित्तपोषण आरबीएल बैंक लिमिटेड द्वारा किया जा रहा है, जो एएफ 19, 20, 21 एफएफ आदित्य मॉल, इंदिरापुरम, गाजियाबाद यूपी में स्थित है।. यदि किसी व्यक्ति को संबंधित संपत्ति के संबंध में कोई आपत्ति हो, तो कृपया नोटिस की तिथि से 07 दिनों के भीतर अपनी आपत्ति लिखित रूप में प्रस्तुत करें। उक्त आपत्ति को पंजीकृत डाक के माध्यम से निम्नलिखित पते पर और ई-मेल के माध्यम से भेजा जा सकता है। यदि ऐसा नहीं किया जाता है, तो उपर्युक्त के अनुसार दावा को संबंधित संपत्ति के संबंध में शून्य और अमान्य माना जाएगा।

[ASHWANI KUMAR] Advocate
Chamber No. 122, Tehsil Compound, Ghaziabad, U.P.

NAME CHANGE

I, Joshua Daly T S/o Daly Thomas Thottathil R/o 1-B, Neethi Apartments, Plot No-84, I.P.Extension, Patparganj, East Delhi, Delhi-110092 Have Changed My Name To Joshua Daly Thottathil For All Future Purpose

PUBLIC NOTICE

It is for general information that I Ratan Kumar Chaki S/O: Ranjeet, R/O 4665, GALI NO-6,OLD SEELMAPUR, Gandhi Nagar, East Delhi, Delhi - 110031, declare that name of mine and my wife has been wrongly written as Rattan and Pinki in my minor son Rohan Chaki aged 14 years in his birth certificate no MCDOLIR21104022478,The actual name of mine and my wife are RATAN KUMAR CHAKI AND MAMNI HALDER,which may be amended accordingly

PUBLIC NOTICE

NOTICE is hereby given to public at large that my client Mrs. Reshma is the owner of Unit No. S-1, on Second Floor Rear Side (without roof rights), Property bearing No. 582-B/2, admeasuring 29.25 sq. yds. out of Khasra No. 583, Situated within Extended Abadi (Lal Dora), of Village Devli, Tehsil Saket, New Delhi-110080 by the virtue of Sale Deed dated 02.02.2022 and intend to get the financial assistance from Piramal Capital & Housing Finance Limited will provide the financial assistance . If any person(s) /Institution has/have any objection(s) or claim(s) with respect to the right, title or interest in the said property may please contact us within 07 days from the date of this notice on the address mentioned herein below, failing which my client(s) shall not be held responsible in any manner whatsoever.

Khaitan and Khaitan
A - 38, Kailash Colony, New Delhi-110048, Ph. No: 011-49774545

NAME CHANGE

I, SHOBHA PATEL is legally wedded spouse of No. 14831381L Rank NK/MT Name PREM NARAYAN, presently residing VPA PADLIYA, TEH –TONKKHOURD, DISTT. DEWAS, MADHYA PRADESH- have changed my name from SHOBHA PATEL to SHOBHNA PATEL for all future purposes. Vide affidavit No IN-DL58650641812547W dated 20.09.2024 before Public Notary Delhi.

NAME CHANGE

I, JAGDISH CHAND is legally Father of No. 6499465Y Rank SEP/CHEF Name CHANDRA PAL, presently residing VPO-BOHIT, Teh- BAREILLY, Dist- BAREILLY, STATE –UTTAR PRADESH- have changed my name from JAGDISH CHAND to JAGDISH for all future purposes. Vide affidavit No IN-DL58650072887342W. dated 20.09.2024 before Public Notary Delhi.

NAME CHANGE

I, SUPHALA MAJHI mother of NO-15207656N Rank-HAV Name-RATIKANTA MAJHI residing at VILL-GADATARAS, PO-GADATARAS, TEH-ANGUL, DIST-ANGUL, ODISHA-759129 have changed my name from SUPHALA MAJHI to SUFALA MAJHI for all future purposes vide affidavit dated 23/09/2024 before Notary Public, Delhi.

NAME CHANGE

It is for general information that I, PROMILA KRISTOPHAR D/o PALTOO SINGH, W/o KRISTOPHAR R/o 3/97, Ayudh Nirmani Estate, Muradnagar, Murad Nagar, Ghaziabad, Uttar Pradesh-201206, declare that name of mine and my husband have been wrongly written as PROMILA CHRISTOPHER and CHRISTOPHER HEARALD in my Service Record. The actual name of mine and my husband are PROMILA KRISTOPHAR and KRISTOPHAR respectively, which may be amended accordingly.

NAME CHANGE

I, JC-768701F Rank-SUB Name-SURESH KUMAR legal Father of SUGAM KUMARI R/o VPO-ZAINABAD, TEH + DIST-REWARI, HARYANA-123411 have changed my daughter's name from SUGAM KUMARI to SUGAM YADAV for all future purposes vide Affidavit dated 23/09/2024 before Notary Public, Delhi.

NAME CHANGE

It is for general information that I, SANTOSH MISHRA W/o CHANDRA SHEKHAR MISHRA R/o A-19, STREET NO-4, NANGLI DAIRY, GHASI PURA, NEAR PRINCE MEDICOSE, NAJAFGARH, SOUTH WEST DELHI, DELHI-110043 declare that name of mine has been wrongly written as MAMTA in my minor daughter ANGEL MISHRA aged 15 years in her school records and Birth certificate-MCDOLR09203364. The actual name of mine is SANTOSH MISHRA, which may be amended accordingly.

NAME CHANGE

I, BABY UPADHAYAY is legally wedded wife of No-14674063L Rank-NK/ATOTECBV Name-SATYENDRA KUMAR UPADHYAY permanent resident of VILL-RISHRA, POST-RISHRA, TEHSIL-SERAMPORE, DISTT- HOOGHLY, WEST BENGAL-712248 have change my name from BABY UPADHAYAY to BABY UPADHYAY (due to my name is wrongly mentioned in the service record of my husband.) for all future purposes. Vide affidavit No In-DL59523812466363W dated 22.09.2024 before Public Notary Delhi.

NAME CHANGE

I, No-3005163A Rank-HAV Name-DHARMENDRA SINGH S/o MAN SINGH R/o VILL-RAUTIYAPUR, PO-CHIRUHULI, DIST-AURAIYA, UTTAR PRADESH-206122 have changed my minor son's name from BASHU CHAUHAN to ABHAY SINGH for all future purposes vide Affidavit dated 23/09/2024 Before Notary Public, Delhi.

NAME CHANGE

I, Molana sher Mohd Amini S/o Haji Fateh Khan R/o house no 43, Saidu Mohalla, Near Madarsa Islamia, Ghasera(161) Mewat, Haryana-122103 have changed my name to Sher Mohammad Amini.

NAME CHANGE

I, SAVITRI BAHEN mother of JC-292313A Rank-NB SUB Name-RAJPUT JAYPRAKASH RAMBAKSH SINGH residing at BHAILAL MUKHI CHAL, B/H CALICO MILS, PO-BAHERAMPURA, DIST-AHMEDABAD, GUJARAT-380022 have changed my name from SAVITRI BAHEN to RAJPUT SAVITRIBEN for all future purposes vide affidavit dated 23/09/2024 before Notary Public, Delhi.

NAME CHANGE

I, SARITA DEVI W/O RAMESH KUMAR R/O PLOT NO 115/1 BINDAPUR UTTAM NAGAR NEW DELHI 110059 DECLARES THAT I HAVE CHANGED NAME OF MY MINOR DAUGHTER FROM MINU KUMARI TO MINU AND HER CORRECT DOB IS 07/09/2009. THAT HER NAME MINU WILL BE USED FOR ALL FURTHER PURPOSE.

NAME CHANGE

I, ASHOK KUMAR son of CHIRANJI LAL residing at 8, RAYSEENA ROAD, NEW DELHI-110001 have changed my minor son`s name from DEVYENSH to DEVYANSH for all future purpose

NAME CHANGE

I, JAGDISH CHAND is legally Father of No. 6499465Y Rank SEP/CHEF Name CHANDRA PAL, presently residing VPO-BOHIT, Teh- BAREILLY, Dist- BAREILLY, STATE –UTTAR PRADESH- have changed my date of birth from 01/07/1957 to 01/01/1958 for all future purposes. Vide affidavit No IN-DL58649377605327W dated 20.09.2024 before Public Notary Delhi.

NAME CHANGE

I, Mohd Arshad S/o-Abdul Khalik R/O F-112,New Vijay Nagar,12 Ghaziabad Uttar Pradesh -201009 have changed my name from Mohd Arshad to Arshad Khan for all future purpose.

NAME CHANGE

I, Poonam Singh / Poonam Charak W/o Jaswant Singh R/o J-2061 Devendir Vihar, Sector, Gurgaon, Haryana-122011 Have Changed My Name To Poonam Singh Charak For All Future Purposes

NAME CHANGE

I, Sanjay Kumar S/o Lakhpat Rai R/o H.No-RZ-15, South West Kamla Park, Near Agrwal Sweet, Najafgarh-110043, Delhi, Have Changed My Name To Sanjay Goyal For All Future Purpose

NAME CHANGE

I, PRAVEEN KUMARI Wife of JC-811746X Rank-SUB/MAJ Name-RAKESH KUMAR R/o VILL-TIPPA, PO-SURANI, TEH-KHUNDIAN, DISTT-KANGRA, HIMACHAL PRADESH-176031 have changed my name from PRAVEEN KUMARI to PARVEEN KUMARI for all future purposes vide Affidavit Dated 23/09/2024 before Notary Public, Delhi.

NAME CHANGE

I, No-15326865P Rank-HAV Name-MANJU M BADIGER legal Father of AJAY KUMAR R/o VPO-SIDDAPUR, TEH-BILAGI, DISTT-BAGALKOT, KARNATAKA-587117 have changed my minor son's name from AJAY KUMAR to AJAYKUMAR MANJU BADIGER for all future purposes vide Affidavit dated 23/09/2024 Before Notary Public, Delhi.

NAME CHANGE

I, No-15326865P Rank-HAV Name-MANJU M BADIGER legal Father of AMBIKA R/o VPO- SIDDAPUR, TEH-BILAGI, DISTT-BAGALKOT, KARNATAKA-587117 have changed my minor daughter's name from AMBIKA to AMBIKA MANJU BADIGER for all future purposes vide Affidavit dated 23/09/2024 Before Notary Public, Delhi.

नाम परिवर्तन

मैं मुकेश सैनी पुत्र के.एल.सैनी उम्र 46 वर्ष निवासी शांति नगर बड़ बिशनपुरा कोलाना दौसा राज.-303313 ने नोटरी पब्लिक/राजस्थान से पहले एफिडेविट संख्या-बीडब्ल्यू 538782 के माध्यम से अपना नाम मुकेश सैनी बदलकर मुकेश कुमार सैनी कर लिया है।

D.O.B. CHANGE

I, PRAKASH LAXMAN GAWDE father of NO-14839596Y Rank-HAV Name-GAWDE LALIKANT PRAKASH R/O 273/B, KAMLESHWAR GALLI, VTC-HANDIGANUR, TEH and DIST-BELAGAVI, KARNATAKA-591143 in my son's service record my date of birth wrongly mentioned as 01/07/1953 instead of my correct date of birth as 01/06/1950 vide affidavit dated 19/09/2024 before Notary Public BELAGAVI, KARNATAKA.

PUBLIC NOTICE

It is for general information that I, YOGESH KUMAR S/O HARMUKH R/O B-36, Shanti Colony, Mandi Pahadi, Mehrauli, South Delhi, Delhi-110047, declare that the name of my father has been wrongly written as HERMUKH in my 10th and 12th class educational documents. The actual name of my Father is HARMUKH, Respectively, which may be amended accordingly.

NAME CHANGE

I, LEELA PRAKASH GAWDE mother of NO-14839596Y Rank-HAV Name-GAWDE LALIKANT PRAKASH R/O 273/B, KAMLESHWAR GALLI, VTC-HANDIGANUR, TEH and DIST-BELAGAVI, KARNATAKA-591143 have changed my name from LEELA PRAKASH GAWDA to LEELA PRAKASH GAWDE for all future purposes, in my son's service record my date of birth wrongly mentioned as 01/07/1958 instead of my correct date of birth as 05/04/1954 vide affidavit dated 19/09/2024 before Notary Public BELAGAVI, KARNATAKA.

आदमपुर में जीत के लिए नहीं,दूसरे नंबर पर आने के लिए संघर्ष कर रहे विपक्षी:कुलदीप बिश्नोई

एजेंसी

हिसार। भाजपा समन्वय समिति के संयोजक एवं पूर्व सांसद कुलदीप बिश्नोई ने कहा है क्षेत्र की जनता के प्यार व अपनेपन की बदौलत कोई दूसरा 56 वर्षों में हमारे परिवार में दखल नहीं दे पाया। देश भर में आदमपुर ही ऐसा हलका है जहां विपक्षी उम्मीदवार जीतने के लिए नहीं बल्कि दूसरे नंबर पर आने के लिए संघर्ष करते हैं। कुलदीप बिश्नोई विधायक भव्य बिश्नोई के साथ क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान चला रहे थे। उन्होंने कहा कि यहां की जनता ने हमेशा से ही चौ. भजनलाल परिवार के कंधे से कंधा मिलाकर उन्हें मजबूती दी है। जनता के प्यार और अपनेपन का लोहा विपक्षी भी मानते हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा उम्मीदवार भव्य बिश्नोई यहां की समस्याओं बारे पूरी तरह से गंभीर है और वह हर समस्या का समाधान करवाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने भी आदमपुर के विकास के लिए भरपूर भरोसा दिलाया है। भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश प्रभारी व पार्टी प्रत्याशी भव्य बिश्नोई ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में आज देश की सीमाएं पूरी तरह से सुरक्षित हैं। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश चहुंमुखी विकास कर रहा है।

भाजपा उम्मीदवार कमल गुप्ता के समर्थन में चिकित्सा प्रकोष्ठ ने किया सम्मेलन

हिसार। चिकित्सा प्रकोष्ठ से जुड़े डाक्टरों व अन्य लोगों ने भाजपा उम्मीदवार डॉ. कमल गुप्ता के समर्थन में सम्मेलन किया। सभी ने इस चुनाव में डॉ. कमल गुप्ता का साथ देने की बात कही। हुए इस सम्मेलन में भाजपा प्रत्याशी डॉ. कमल गुप्ता मुख्य अतिथि रहे। सम्मेलन में सभी आईएमए डॉक्टर, नीमा डॉक्टर, डेंटल डॉक्टर, केमिस्ट, मेडिकल प्रतिनिधि सहित हॉस्पिटल स्टाफ उपस्थित रहा।

सम्मेलन में पहुंचने पर डॉ. एनके खेतरपाल, डॉ. एपी सेतिया, डॉ. अजय महाजन, डॉ. एनके मेहता, डॉ. जेपीएस नलवा, डॉ. बीएस जैन, डॉ. जसवंत राय बंसल, डॉ. संदीप कालरा व अन्य डॉक्टरों ने डॉ. कमल गुप्ता का पुष्पगुच्छ भेंट कर व शॉल ओढ़ाकर भव्य स्वागत किया। सम्मेलन में उपस्थित डॉक्टरों ने कहा कि डॉक्टरों की हमारी सभी संस्थाएं भाजपा की नीतियों और जनहित में उठाये गए कदमों को लेकर भाजपा प्रत्याशी का पूरे तन मन से सहयोग कर रही है।

मुकाम के लिए रवाना हुए गुजवि एनएसएस के स्वयंसेवक

हिसार। गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में एनएसएस इकाई की ओर से विश्विद्यालय स्तर पर सांस्कृतिक भ्रमण (राजस्थान मुकाम) के लिए रवाना हुआ। ये सांस्कृतिक भ्रमण 23 सितंबर तक रहेगा। लगभग 50 स्वयंसेवकों ने इस सांस्कृतिक भ्रमण में भाग लिया। एनएसएस समन्वयक डॉ. अंजू गुप्ता ने बताया कि मुकाम एक ऐसा सांस्कृतिक स्थल है जो बिश्नोई संप्रदाय के मुकाम मुक्तिधाम मंदिर का सबसे पवित्र स्थल है। यहां बिश्नोई समाज के प्रवर्तक गुरु श्री जंभेश्वर महाराज जी का लोकप्रिय प्रमुख समाधिस्थल मंदिर है, जिसे मुक्ति धाम मुकाम के नाम से भी जाना जाता है। इसके पास में ही समराथल धाम स्थित है जहां बिश्नोई संप्रदाय के प्रवर्तक गुरु श्री जंभेश्वर महाराज ने बिश्नोई संप्रदाय की स्थापना की थी। जो बीकानेर-जोधपुर राज्य राजमार्ग 20 पर नोखा से लगभग 10 मील यानी 16 किलोमीटर और बीकानेर से 40 मील 64 किलोमीटर दूर भारतीय राज्य राजस्थान में बीकानेर जिले में स्थित है।कुलपति प्रोफेसर नरसी राम बिश्नोई ने इस सांस्कृतिक भ्रमण के लिए बधाई दी। इस सांस्कृतिक भ्रमण में एनएसएस कोऑर्डिनेटर अंजू गुप्ता, कार्यकारी अधिकारी व लिपिक दलबीर रवाना हुए।

दीपेंद्र हुड्डा के हेलीकॉप्टर पर फोटो खिंचवाने चढ़ी भीड़,कोताही पर एसएचओ निलंबित

कैथल। विधानसभा चुनाव प्रचार के लिए शाम को कैथल पहुंचे दीपेंद्र हुड्डा के हेलीकॉप्टर पर फोटो खिंचवाने के लिए लोगों की भीड़ चढ़ गई। जिस कारण हेलीकॉप्टर को उड़ान भरने में परेशानी हुई। हेलीकॉप्टर की सुरक्षा में लापरवाही बरतने पर पुलिस अधीक्षक ने पुंडरी थाना के एसएचओ रामनिवास को सस्पेंड कर दिया है। पुंडरी थाना प्रभारी पर आरोप है कि हेलिकॉप्टर की सुरक्षा को लेकर पुख्ता इंतजाम नहीं किए थे। एसएचओ रामनिवास को दूसरी बार निलंबित किया गया है।

इससे पहले मुख्यमंत्री नायब सैनी की के कार्यक्रम में उनके स्टाफ और भाजपा नेताओं के साथ दुर्व्यवहार करने के मामले में उन्हें सस्पेंड किया गया था। दीपेंद्र हुड्डा पुंडरी से कांग्रेस प्रत्याशी सुल्तान जड़ौला के समर्थन में लोगों से वोट की अपील करने पहुंचे थे। यह जनसभा पुंडरी हलके के गांव कुराड में की गई थी। दीपेंद्र हुड्डा के हेलिकॉप्टर की लैंडिंग गांव पाई में करवाई गई थी। इसके बाद वह गाड़ी से जनसभा में पहुंचे। आरोप है कि इस दौरान एसएचओ राम निवास ने हेलिकॉप्टर को पुख्ता सुरक्षा नहीं उपलब्ध करवाई, जिसके कारण लोग हेलिकॉप्टर पर बैठकर फोटो खिंचवाते रहे।

कांग्रेस का काम सिर्फ लोगों को बरगलाना और वोट बैंक बनाना : योगी आदित्यनाथ

एजेंसी

जींद। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जस राम के नाम से हमें मोह बंधन से मुक्ति मिलती है, उसी राम के नाम से कांग्रेस को परेशानी होती है। अगर आजादी के तत्काल बाद अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण नही हो पाया तो इसके लिए सैक्यूलर का लबादा ओढने् वाले दल जिम्मेवार हैं। कांग्रेस लोबी जीवनभर यही काम करती रही है। सभी दल परिवारवाद में मस्त हैं। यह लोग कभी बाबा साहेब का अपमान करते हैं तो कभी राम और भगवान श्रीकृष्ण का। सब मिल कर भारत की सुरक्षा में सेंध लगाने का काम करते हैं।

कांग्रेस ने अपने आजादी के बाद सबसे ज्यादा लंबे समय तक देश के अंदर शासन करने के बावजूद एक भी एयरपोर्ट का नामकरण महर्षि वाल्मीकि के नाम पर नही किया। किसी भी संत के नाम पर एयरपोर्ट के नाम पर नही रखा है। यह लोग केवल अपने पूर्वजों के नाम पर ही नाम रखते थे। जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अयोध्या के इंटरनेशनल एयरपोर्ट का नाम भगवान वाल्मीकि के नाम पर रखा

है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ नरवाना में आयोजित रैली को संबोधित कर रहे थे। यह रैली नरवाना से भाजपा प्रत्याशी कृष्ण बेदी के समर्थन में आयोजित की गई थी। इस दौरान उनके साथ भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली, नरवाना प्रत्याशी कृष्ण बेदी, जिलाध्यक्ष तेजिंदर ढुल, प्रभारी मदन गोयल, पूर्व सांसद अशोक तंवर आदि मौजूद रहे। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि राहुल गांधी जब भी बाहर जाते हैं तो भारत की आस्था को लेकर प्रचार करते हैं, गुरू परम्परा पर टिप्पणी करते हैं। भारत को अपमानित करने का कोई भी अवसर नही चूकते हैं। ये लोग जो देश की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ करते हैं, इन लोगों से उम्मीद रखना बेमानी होगा। कांग्रेस आज इस बेमानी पर उतर चुकी है।

आजादी के बाद 75 वर्षों में लगातार अपने राजनीतिक स्वार्थ के लिए समाज को लड़ाने का काम किया। जातिगत सेनाएं खड़ी की। अगर हमें विकास करना है तो हमें इन बैरियर्स को पार करना होगा जो जातिवाद के नाम पर है। मत और सम्प्रदाय के नाम पर है। इन सबसे ऊपर उठ कर काम करना होगा। उन्होंने कहा कि हरियाणा में विस चुनाव होने वाला है। 2017 से पहले उत्तर प्रदेश की स्थिति के बारे में आप सब जानते हैं। हर तीसरे दिन दंगे होते थे। बेटियां सुरक्षित नही थी। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में दंगों से उत्तर प्रदेश को मुक्ति दिला दी है। पिछले साढ़े सात साल में एक भी दंगा उत्तर प्रदेश में नही हुआ है। दंगा करने वाला जानता है कि अगर उसने दंगा किया तो उसकी सात पुश्तों की कमाई जब्त हो जाएगी। आज सबका साथ और सबका विकास के तहत कार्य किए जा रहे हैं। उत्तर प्रदेश की तरह हरियाणा की भी डबल इंजन की सरकार ने बड़े-बड़े काम किए हैं।

जेजेपी ने चुनाव के बाद मतदाताओं से विश्वासघात कर भाजपा से किया गठबंधन: दीपेंद्र हुड्डा

एजेंसी

जींद। सांसद दीपेंद्र हुड्डा उचाना विधानसभा के गांव छात्तर कांग्रेस प्रत्याशी बृजेंद्र सिंह के समर्थन में आयोजित जनसभा को संबोधित

करते हुए कहा कि बीजेपी की अत्याचारी, अन्यायी सरकार से पीछा छुड़ाने का जिस पल का इंतजार पूरे प्रदेश की जनता कर रही थी वो घड़ी आ गई है। भाजपा ने 2014, 2019 में झूठ बोल कर वोट बटोरे अब हरियाणा की जनता भाजपा की वादा खिलाफी का हिसाब चुकता कर देगी। प्रदेश की जनता इस बात को समझ चुकी है कि कांग्रेस के पक्ष में वोट डालकर ही भाजपा को सत्ता से बेदखल किया जा सकता है।

अन्य वोट काटू दल व निर्दलियों का कोई भरोसा नही कि चुनाव के बाद वो कहां जाएंगे। उन्होंने याद दिलाया कि गत चुनाव में जेजेपी ने बीजेपी को जमना पार करके वोट मांगे और चुनाव के बाद मतदाताओं से विश्वासघात करके भाजपा की गोद में जा बैठे। उन्होंने कहा कि पिछली बार भी लोग बीजेपी सरकार को हराना चाहते थे लेकिन दुष्यंत चौटाला और निर्दलियों ने अपने मतदाताओं से धोखा करके भाजपा की सरकार बना दी। जिनको पिछली बार एक सीट मिलीए अगर उनको भी ज्यादा सीट मिलती तो वो भी वही करते जो दुष्यंत चौटाला ने किया।

बुढ़ी हो चुकी है कांग्रेस, आयुष्मान कार्ड से कराएंगे इलाज : नायब सिंह सैनी

एजेंसी

रोहतक। कार्यवाहक मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि कांग्रेस बुढ़ी हो चुकी है और जो भी 70 साल से ऊपर है, उन्हें किसी प्रकार की चिंता करने की जरूरत नहीं है। यहां तक कि कांग्रेस नेता भी चिंता ना करे, जो 70 साल से अधिक उम्र के हो चुके है, उनके लिए भाजपा सरकार आयुष्मान कार्ड से मुफ्त ईलाज करवा रही है, हुड्डा, कादयान व कुलदीप शर्मा भी स्वास्थ्य की चिंता छोड़ दें और वे अपना भी ईलाज करवा सकते है। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश की जनता कांग्रेस की गुंडागर्दी को नहीं भूली है और यह स्पष्ट हो चुका है कि तीसरी बार भाजपा की सरकार बनने लग रही है। नायब सिंह सैनी ने कहा कि कांग्रेस का घोषणा पत्र पूरी तरह से झूठ का पुलिंदा है और कांग्रेस का यह इतिहास भी रहा है कि उन्होंने कभी घोषणा पत्र लागू नहीं किया। हिमाचल और तेंलगना में कांग्रेस सरकार होते

हुए उन्होंने यहां अपना घोषणा पत्र लागू नहीं किया, जिससे साफ है कि हरियाणा विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस ने जो घोषणा पत्र जारी किया है, वह सिर्फ झूठ है और प्रदेश की जनता कांग्रेस के झांसे में नहीं आएगी। कार्यवाहक मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी रोहतक पहुंचे और भाजपा प्रत्याशी मनीष ग्रोवर के समर्थन में आयोजित जनसभाओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के तौर पर कम समय मिला है, लेकिन उस कम समय में भी हरियाणा के लिए मजबूत फैसले लिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा की नीति स्पष्ट थी और विजन भी क्लियर था। हमें पता था कि किस गति पर चलना है, इसीलिए मात्र 56 दिनों में हरियाणा के विकास के लिए 126 मजबूत फैसले लिए। नायब सिंह सैनी ने कहा कि कांग्रेस बूढी हो चुकी है, हुड्डा और उनके बूढे नेता हरियाणा और रोहतक को 2014 से पहले वाले भयानक दौर में ले जाना चाहते हैं। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि कांग्रेस हरियाणा को आगे नहीं बढ़ाना चाहती, बल्कि 20 साल पीछे घसीटना चाहती है। कांग्रेस पार्टी फिर से 2014 से पहले की स्थिति पैदा करना चाहती है जहां वे नौकरियों को बेचते थे और गरीब व्यक्तियों को नौकरी पाने के लिए अपनी जमीन-जेवरात बेचने पड़ जाते थे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी की सोच आज भी 2014 से पहले वाली ही है और उसमें कोई भी परिवर्तन नहीं आया है।

विपक्ष का एजेंडा बांटो और राज करो : योगी आदित्यनाथ

एजेंसी

सोनीपत। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि राष्ट्रहित को समर्पित भाजपा हरियाणा में तीसरी बार सरकार बनाने जा रही है। जिसके लिए राई से उम्मीदवार कृष्णा गहलावत को विजयी बनाकर मजबूती प्रदान करें। कांग्रेस-आप-बसपा-इनेलो के एजेंडा में आम आदमी, महिला, किसान, गांव नहीं है। इनका एजेंडा तो बांटो और राज करो का है। भाजपा पूरे राष्ट्र को एकसूत्र में पिरोकर रखते हुए राष्ट्र को मजबूती दे रही है।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को राई हलका की भाजपा उम्मीदवार कृष्णा गहलावत के पक्ष में जाखौली गांव में आयोजित जन आशीर्वाद रैली में बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे। योगी ने कहा कि कांग्रेस-बसपा-आप-इनेलो एक ही थैली के चट्टे-बट्टे हैं, जिनका आम जनमानस के हितों से कोई सरोकार नहीं है। विपक्षी दलों का एजेंडा संकीर्ण है, जिन्हें सिर्फ सत्ता की कुर्सी चा?हिए। जम्मू एवं कश्मीर में धारा-370

कांग्रेस ने लगाई थी, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खत्म किया है। आज जम्मू एवं कश्मीरमें आतंकवाद आखरी सांसे ले रहा है, जिसे कांग्रेस ने पालन-पोषण देने का काम किया। जाति-धर्म-संप्रदाय-क्षेत्र के नाम पर कांग्रेस बांटने का काम कर रही है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कांग्रेस ने परिवारवादको बढ़ावा दिया है। ऐसा राजनीतिक दल राष्ट्र और जनता का भला नहीं कर सकता। भाजपा में परिवारवाद के लिए कोई स्थान नहीं है। भाजपा केवल राष्ट्र की मजबूती के लिए विकास को बढ़ावा देने का काम करती है। इसका स्पष्ट उदाहरण हरियाणा में देखने को मिला है। भाजपा सरकार ने हरियाणा की तस्वीर बदल दी है।

इंसान बनना ही सच्चा धर्म: डॉ मणिभद्र मुनि

एजेंसी

सोनीपत। नेपाल केसरी राष्ट्र संघ मानव मिलन के संस्थापक डॉ.मणिभद्र मुनि जी महाराज ने कहा कि प्रतियोगी युग में हम बड़े और श्रेष्ठ बनने की होड़ में लगे हुए हैं, लेकिन सबसे पहले हमें एक अच्छा इंसान बनना है। उन्होंने दिव्य संदेश में कहा कि भगवान ने हमें मानव रूप में पृथ्वी पर उतारा है और मानव बनना ही हमारा पहला धर्म है।

वह सेक्टर 12 स्थित गेटवे इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित अंतरराष्ट्रीय मानव मिलन सम्मेलन के रंगारंग समापन सत्र में मंगलकारी प्रवचनों की रसधारा प्रवाहित कर रहे थे। दो दिवसीय सम्मेलन में नेपाल और भारत से सैकड़ों श्रद्धालु श्रावक शामिल हुए। डॉ मणिभद्र मुनि जी ने कहा कि मानव मिलन संस्था सेवा, शिक्षा और चिकित्सा के क्षेत्र में कार्य कर रही है। कोई भी आध्यात्मिक व्यक्ति इस संस्था से जुड़कर समाज सेवा कर सकता है। डॉ मुनि जी ने कहा कि यदि हमारे मन में करुणा और दया का भाव है, तो हम एक-दूसरेकी सेवा के लिए तत्पर रह सकते हैं। अगर हमें भगवान तक पहुंचना है, तो सबसे पहले हमेंअपने स्वार्थ से ऊपर उठना होगा। स्वार्थी व्यक्ति कभी सेवा नहीं कर सकता। पूर्व मंत्री कविता जैन ने कहा कि भगवान की सबसे बड़ी रचनामानव है और उसकी सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है।

जब हिंदुस्तान का विभाजन हुआ और लोग दर दर भटके, तब कांग्रेस कहां थी- अनिल विज

एजेंसी

अंबाला। हरियाणा के पूर्व गृहमंत्री अनिल विज ने कहा कि कांग्रेस में महिलाओं का सम्मान नहीं होता है और ना ही कांग्रेस में दलितों का सम्मान है अगर इतनी बड़ी नेता कुमारी शैलजा के बारे में कोई जाति सूचक शब्द बोल सकता है तो कांग्रेस में क्या हाल है इनका, यह सब को पता होना चाहिए। विज आज मीडिया कर्मियों द्वारा पूछे गए सवालों का जवाब दे रहे थे। उन्होंने कांग्रेस पार्टी की सोच पर तंज कसते हुए कहा कि मैंने बहुत पहले कांग्रेस के एक पूर्व प्रधानमंत्री के बारे में पढ़ा था जिन्होंने महिलाओं के बारे में लिखा था। उन्होंने कहा कि जहां तक भूपेंद्र सिंह हुड्डा जी पंजाबी राग अलाप रहे हैं तो मैं इनसे पूछना चाहता

हूं कि पहले यह कहां थे जब हिंदुस्तान का विभाजन हुआ और तब वह लोग दर दर भटके, तब कांग्रेस कहां थी। इसके अलावा, उन्होंने कहा कि मैं कहना चाहता हूं कि वह लोग हिंदुस्तान से ही हिंदुस्तान में आए बल्कि उनके साथ जिस प्रकार का इनका व्यवहार होना चाहिए था वह इन्होंने नहीं किया।

केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर द्वारा कुमारी सैलजा के आने की संभावना को लेकर किए गए स्वागत के संबंध में पूछे गए सवाल के जवाब में विज ने कहा कि संभावनाओं पर प्रतिक्रिया नहीं दी जाती, अगर मनोहर लाल जी कुछ कह रहे हैं तो कुछ ना कुछ होगा। कांग्रेस द्वारा भाजपा पर लगाए गए आरोप कि कांग्रेस का वोट बैंक काटने के लिए केजरीवाल को बेल दी गई, के संबंध में पूछे गए सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि कांग्रेस का वोट बैंक तो वह खुद ही काट रहे हैं क्योंकि कांग्रेस अलग-अलग धड़ों की जमात है।उन्होंने कहा कि कांग्रेस के सभी धड़े कई सीटों पर प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष के रूप में खड़े होकर एक दूसरे को काट रहे हैं। इस प्रकार से कांग्रेस अपने वोट बैंक को खुद ही काट रही है। अंबाला छावनी विधानसभा में अनिल विज द्वारा किए जा रहे प्रचार और लोगों के लगातार जुड़ने के संबंध में पूछे गए सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि ÷इस बार अंबाला छावनी में जो चुनाव हो रहा है वह एक ऐतिहासिक चुनाव है। यह चुनाव बातें करने वालों और काम करने वालों के बीच में है और लोग कामों को सराहा रहे हैं।

कांग्रेस के बंद दरवाजे की चाबी मेरे पास: मनोहर लाल

एजेंसी

यमुनानगर। भारतीय जनता पार्टी द्वारा जगाधरी व यमुनानगर के कॉलेज में आयोजित प्रबुद्ध नागरिक सम्मेलन में केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे। यह कार्यक्रम यमुनानगर के डीएवी कन्या कॉलेज व जगाधरी के अग्रसेन कॉलेज में आयोजित किए गए। इस मौके पर कैबिनेट मंत्री कंवर पाल, विधायक घनश्याम दास अरोड़ा, जिला अध्यक्ष राजेश सपरा सहित अन्य नेता भी उपस्थित रहे।

हुए प्रबुद्ध नागरिक सम्मेलन के दौरान अपने संबोधन में केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने कहा कि विधानसभा चुनाव में हम अपना 10 वर्ष का रिपोर्ट कार्ड लेकर जनता के बीच में है।

हमने जितने विकास कार्य प्रदेश में कराए हैं वह बिना किसी भेदभाव के कराए हैं। उन्होंने कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा और कहा कि कांग्रेस के हमारे से पूर्व उनके भी 10 साल के शासन को जनता ने देखा।उन्होंने कहा कि आज आलम यह है कि कांग्रेस को सत्ता में आने का दूर-दूर तक अभी पता नहीं। लेकिन कांग्रेस का हर नेता अपने आप को मुख्यमंत्री की दावेदारी के लिए ही लड़ कर रहा हैं। और उससे

आगे बढ़कर अब बाप-बेटा भी अपने आप को मुख्यमंत्री बनाने का दावा कर रहे हैं। उन्होंने कुमारी सैलजा को लेकर कहा कि किसी भी महिला या वरिष्ठ नेता का यह अपमान पूरे समाज का अपमान है। इससे पहले भी कांग्रेस अशोक तंवर के साथ ऐसा कर चुकी है। अगर कुमारी सैलजा हमारी पार्टी में आती है तो स्वागत है। हमारी सरकार में बिना खर्ची और बिना पर्ची के नौकरियां दी जा रही है। जबकि कांग्रेस के प्रत्याशी नौकरियां खरीदने और बेचने का दावा का रहें है जिनके वीडियो भी वायरल हो रहें है। उन्होंने कहा कि 10 वर्षों में का हमने अपना रिपोर्ट कार्ड जनता के बीच में रखा है। और जनता हमारे सुशासन को देख चुकी है। तीसरी बार भी जनता भारतीय जनता पार्टी को प्रदेश की जनता सरकार बनाने का आशीर्वाद देने जा रही है।और हमारी 60 से अधिक सीटें आएंगी।

भाजपा का संकल्प पत्र भगवान समान, वादों को पूरा करते हैं: नायब सैनी

एजेंसी

सोनीपत। हरियाणा के कार्यवाहक मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बरोदा में कांग्रेस और पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा पर तंज कसते हुए कहा कि यह क्षेत्र बरोदा

भूपेंद्र सिंह हुड्डा का गढ़ बताया जा रहा है। असल में ये हुड्डा का नहीं बल्कि यहां रहने वाले लोगों का गढ़ है। कांग्रेस के चुनाव घोषणा पत्र को झूठ का पुलिंदा है जबकि भाजपा के संकल्प पत्र को हम भगवान के समान मानते हैं और वादों को पूरा करते हैं। कार्यकारी मुख्यमंत्री सैनी ने कहा कि कांग्रेस के नेता राहुल गांधी हरियाणा में जब भी आते हैं अंधेरे में आते हैं। क्या दिन के उजाले में आने से उनको डर लगता है। उन्होंने कहा कि हमने भाजपा सरकार में युवाओं को मेरिट के आधार पर नौकरियां दी। अब कांग्रेसियों को देख लें, कांग्रेस वाले तो अभी से नौकरियों के हिस्से बांट रहे हैं। नायब सैनी ने बरोदा रैली में भाजपा के पूर्व सांसद स्व. किशन सिंह सांगवान को याद किया और लोगों से उनके बेटे भाजपा उम्मीदवार प्रदीप सांगवान के लिए वोट देने की अपील की। उन्होंने कहा कि किशन सिंह ने सोनीपत में भाजपा का कमल खिलाया है। भाजपा के सांसद रामचंद्र जांगड़ा, सुधा यादव समेत कई अन्य वरिष्ठ नेता मंच पर मौजूद हैं।

हिसार की सभी विधानसभाओं में भाजपा दूसरे दलों से काफी आगे : बिप्लब देब

एजेंसी

हिसार। त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री एवं चुनाव सह प्रभारी बिप्लब देब ने दावा किया है कि हम हिसार जिले की सभी सातों विधानसभा सीटों पर दूसरों से बहुत आगे चल रहे हैं। प्रदेश में नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में भारी बहुमत से भाजपा सरकार बनेगी। सह प्रभारी बिप्लब कुमार देब चुनाव कार्यालय सुशीला भवन में जिला अध्यक्ष अशोक सैनी की अध्यक्षता में हुई बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कार्यकर्ताओं को चुनाव जीतने के अनेक टिप्स दिए व कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने अपने थोड़े से कार्यकाल में बहुत अधिक लोकप्रियता हासिल कर ली है। वह प्रदेश जनता के चहेते बन चुके है। उन्होंने कहा कि केवल भाजपा ही एक ऐसी पार्टी है जिसमें एक साधारण से साधारण कार्यकर्ता भी ऊंचे से ऊंचे पद पर पहुंच सकता है। दूसरी पार्टियों का आधार केवल वंशवाद, परिवारवाद व जातिवाद है, जबकि भाजपा का आधार उसका कैडर है। इसी कारण भाजपा को विश्व की सबसे बड़ी पार्टी होने का गौरव प्राप्त हुआ है।बैठक में

भाजपा प्रत्याशी डॉ. कमल गुप्ता, प्रवासी विधानसभा संयोजक रवि नैयर, नलवा के प्रवासी प्रभारी वासुदेव चावला, जिला अध्यक्ष अशोक सैनी, पूर्व सीनियर डिप्टी मेयर अनिल सैनी मानी, सरोज सिहाग, कृष्ण सरसाना, जिला महामंत्री आशीष जोशी, संजीव रेवड़ी, सुजीत कुमार, तीनों मंडल अध्यक्ष विकास जैन, सुशील बुडाकिया, लोकेश असीजा, जिला प्रवक्ता एडवोकेट कृष्ण खटाणा, प्रवीण पोपली, रामचन्द्र गुप्ता, अनिल गोदारा व नलवा हलका मीडिया प्रभारी सोनू बासड़ा आदि भी उपस्थित रहे।

प्रधानमंत्री मोदी 26 को नमो एप से देंगे जीत का मंत्र: नायब सिंह सैनी

एजेंसी

चंडीगढ़। हरियाणा विधानसभा चुनाव में बड़ी जीत पक्की करने को लेकर भाजपा पूरी तरह मैदान में उतर चुकी है। पार्टी माइक्रो मैनजमेंट पर फोकस कर रही है। चुनावी बेला में कार्यकर्ताओं में नया जोश और ऊर्जा भरने के लिए अब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 26 सितंबर को नमो एप के माध्यम से कार्यकर्ताओं से जुड़ेंगे। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने जारी बयान में बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नमो एप के माध्यम से पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं से संवाद करेंगे और जीत का मंत्र देंगे। मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों से भी नमो एप पर ज्यादा से ज्यादा जुड़कर प्रधानमंत्री मोदी के विचारों को सुनने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन से डबल इंजन की सरकार को मजबूती और प्रदेश के विकास को नई दिशा मिलेगी। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता चुनाव में बड़ी जीत के लिए उत्साह व समर्पण के साथ जुटे हुए हैं। ऐसे में प्रधानमंत्री मोदी का संबोधन प्रदेश की राजनीति को नई दिशा देने का काम करेगा।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि आज भाजपा प्रदेश में आम जन की आवाज बन चुकी है। हर तरफ सरकार के विकास कार्यों की गूंज है। सरकार ने ईमानदारी से लाखों युवाओं को बिना पर्ची व बिना खर्ची के सरकारी नौकरी देने का काम किया है। आगे भी भाजपा की सरकार इसी नीति पर चलकर प्रदेश को और खुशहाल बनाने का कार्य करेगी। मुख्यमंत्री सैनी ने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस के भ्रष्टचार व पर्ची और खर्ची की पोल हर दिन खुल रही है जिसे प्रदेश की जनता देख रही है। फरीदाबाद एनआईटी से कांग्रेस प्रत्याशी नीरज शर्मा, असंध से कांग्रेस प्रत्याशी शमशेर गोगी के बाद गन्नौर से कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवार कुलदीप शर्मा भी बईमानी से नौकरियां बांटने की बात कबूल कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के ऐसे लोगों को प्रदेश की जनता कभी माफ नहीं करेगी।

बेहतर स्थिति में भारत की अर्थव्यवस्था, डेलॉइट ने वित्त वर्ष 2025 में 7फीसदी की वृद्धि का जताया अनुमान

एजेंसी

नई दिल्ली। डेलॉइट के दक्षिण एशिया के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) रोमल शेट्टी ने कहा कि भारत एक ऐसे समय में भी उज्ज्वल स्थान पर बना हुआ है, जब वैश्विक अर्थव्यस्था में अनिश्चितताएं बढ़ रही हैं। भारत मौजूदा वित्तीय वर्ष (2025) में सात फीसदी की वृद्धि हासिल कर सकता है। रोमल शेट्टी ने कहा कि महंगाई काफी हद तक नियंत्रित है, ग्रामीण मांग में तेजी आई है और वाहनों की बिक्री में सुधार हो रहा है। उन्होंने कहा, हमारा मानना है कि इस वित्तीय वर्ष में हमारी वृद्धि दर 7 से 7.1 फीसदी के बीच होगी। शेट्टी भारत में चार बड़ी अकाउंटिंग और कंसल्टेंसी फर्म के मुख्य कार्यकारी अधिकारी हैं। उन्होंने कहा, हमारा मानना है कि वित्त वर्ष 2025 में वृद्धि के मामले में हम 7 से 7.1 फीसदी के दायरे में रहेंगे। परिस्थितियां विपरीत हैं। लेकिन सच तो यह है कि वैश्विक स्तर पर जो कुछ भी हो रहा है, उसके बावजूद भारत अभी भी बेहतर स्थिति में हैं। लेकिन हम यह नहीं कह सकते कि हम दुनिया से अलग हैं। उन्होंने कहा, पश्चिम एशिया और यूक्रेन में जारी संकट और पश्चिमी दुनिया में मंदी का असर जीडीपी की वृद्धि पर पड़ेगा। डेलॉइट के अनुमानों के मुताबिक, अगले वित्तीय वर्ष (2025-26) में जीडीपी की वृद्धि दर 6.7 फीसदी रहन की संभावना है। पिछले वित्तीय वर्ष (2023-24) में भारत की अर्थव्यवस्था 8.2 फीसदी की दर से बढ़ी थी।

2032 तक 10 लाख करोड़ डॉलर होगी देश की जीडीपी, आईआई में अमेरिका, चीन, जर्मनी, जापान छूटेंगे पीछे

नई दिल्ली। देश की अर्थव्यवस्था 2032 तक बढ़कर 10 लाख करोड़ डॉलर तक पहुंच जाएगी। अगले छह वर्षों तक हर 18वें महीने में इसमें एक लाख करोड़ डॉलर की बढ़त होगी। आईडीबीआई कैपिटल ने शनिवार को जारी रिपोर्ट में कहा, 2030 तक भारत तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में उभरेगा। रिपोर्ट के अनुसार, देश की तेज वृद्धि मुख्य रूप से विनिर्माण क्षेत्र के दम पर होगी। यह क्षेत्र सकल मूल्यवर्धित (जीवीए) में 32 फीसदी का योगदान कर सकता है। मेक इन इंडिया जैसी प्रमुख पहलों से देश की विनिर्माण क्षमताओं को बढ़ाने और भारत को वैश्विक विनिर्माण केंद्र के रूप में स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की उम्मीद है। रिपोर्ट के मुताबिक, कोरोना महामारी के कारण अर्थव्यवस्था को बढ़ने में थोड़ी देरी हुई। इससे 2024 के अंत तक चार लाख करोड़ डॉलर तक पहुंचने की समयसीमा बढ़ गई, लेकिन अब आने वाले वर्षों में तेजी से विकास के लिए देश तैयार है। रिपोर्ट के मुताबिक, भारत औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) में अमेरिका, चीन, जर्मनी, दक्षिण कोरिया व जापान जैसे देशों को पछाड़कर विनिर्माण के क्षेत्र में अग्रणी वैश्विक अर्थव्यवस्थाओं से आगे निकल जाएगा।

टेस्ला साइबरट्रक जितनी महंगी घड़ी पहने दिखे मेटा संस्थापक, एक साल में सिर्फ 20 ही बनतीं हैं

नई दिल्ली। मेटा के संस्थापक और सीईओ मार्क जुकरबर्ग को हाल ही में एक आकर्षक कलाई घड़ी पहने देखा गया। इस घड़ी की कीमत हैरान करने वाली है। बिजनेस इनसाइडर के अनुसार इस आर्म कैंडी, डी बेथ्यून डीबी 25 स्टारी वैरियस घड़ी की कीमत 90,000 डॉलर और 95,700 (75 लाख से 80 लाख रुपये) के बीच है। इस तरह इसकी कीमत भविष्य की टेस्ला साइबरट्रक के लगभग बराबर है, जिसकी कीमत 99,990 डॉलर रखी गई है। नीलामी कंपनी बोनहम्स के घड़ी विशेषज्ञ ब्रायन ली ने बताया कि साल में यह घड़ी सिर्फ 20 पीस ही बनती है। स्विस घड़ी निर्माता की वेबसाइट के अनुसार, इस घड़ी में सफेद और गहरे नीले रंग का डायल है, जिस पर सफेद सोने की पिन लगी हुई हैं, जो सितारों को दर्शाती हैं। पिन छोटे मिल्की वे पैटर्न से जुड़े हुए हैं, जिन पर 24 कैरेट सोने की पत्ती लगी हुई है। यह पहली बार नहीं है जब जुकरबर्ग को प्रीमियम घड़ी पहने देखा गया है। हाल ही में मेटा के सीईओ ने इंस्टाग्राम पर अपनी पत्नी के कंधों पर हाथ रखे हुए एक सेल्फी पोस्ट की थी। उस दौरान उन्होंने पैटेक फिलिप घड़ी पहली थी, जिसकी खुदरा कीमत 141,400 डॉलर है।

पांच माह में रिकॉर्ड 1,669 लाख करोड़ का डिजिटल लेन-देन

नई दिल्ली। वित्त वर्ष 2024-25 के पहले पांच महीने में रिकॉर्ड 1,669 लाख करोड़ रुपये का डिजिटल लेनदेन हुआ है। वित्त मंत्रालय के मुताबिक, अप्रैल से लेकर अगस्त तक देश में कुल 8,659 डिजिटल भुगतान किए गए। इस दौरान यूपीआई से 101 लाख करोड़ रुपये का लेनदेन हुआ। मंत्रालय के मुताबिक, डिजिटल भुगतान लेनदेन की कुल संख्या 44 फीसदी की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर (सीएजीआर) के साथ वित्त वर्ष 2017-18 में 2,071 करोड़ से बढ़कर वित्त वर्ष 2023-24 में 18,737 करोड़ हो गई। वहीं, लेनदेन का मूल्य 11 फीसदी सीएजीआर पर 1,962 लाख करोड़ से बढ़कर 3,659 लाख करोड़ हो गया। मंत्रालय ने यह भी बताया कि यूपीआई भारत के डिजिटल भुगतान इकोसिस्टम की आधारशिला बना हुआ है। यूपीआई से देश में डिजिटल भुगतान में क्रांति आई है। यूपीआई लेनदेन 129 फीसदी सीएजीआर पर वित्त वर्ष 2017-18 में 92 करोड़ से बढ़कर वित्त वर्ष 2023-24 में 13,116 करोड़ हो गया।

सर्राफा बाजार में सोने की घटी चमक, चांदी के भाव में बदलाव नहीं

एजेंसी

नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में आज सोने की कीमत में मामूली गिरावट नजर आ रही है, जबकि चांदी की कीमत में आज कोई बदलाव नहीं हुआ है। आज की गिरावट के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 76,070 रुपये से लेकर 75,920 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना भी आज 69,740 रुपये से लेकर 69,590 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी आज सपाट स्तर पर बिना किसी बदलाव के कारोबार कर रहा है। इस वजह से दिल्ली सर्राफा बाजार में चांदी की कीमत आज भी 93,000 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बनी हुई है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 76,070 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 69,740 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 75,920 रुपये प्रति 10 ग्राम और

22 कैरेट सोना 69,590 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 75,970 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 69,640 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 75,920 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 69,590 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 75,920 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 69,590 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर आ गया है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 76,070 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 69,740 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। वहीं पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 75,970 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई है, जबकि 22 कैरेट सोना 69,640 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 76,070 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 69,740 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी आज सोने के भाव में मामूली गिरावट आई है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज 75,920 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह इन तीनों शहरों के सर्राफा बाजारों में 22 कैरेट सोना 69,590 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

टॉप 10 की 6 कंपनियों का मार्केट कैप करीब 2 लाख करोड़ बढ़ा, आईसीआईसीआई को सबसे ज्यादा फायदा

एजेंसी

नई दिल्ली। कारोबारी सप्ताह के दौरान देश की टॉप 10 मोस्ट वैल्यूड कंपनियों में से 6 के मार्केट कैप में करीब 1.98 लाख करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हो गई। मार्केट कैप में बढ़ोतरी होने के मामले में सबसे अधिक फायदा आईसीआईसीआई बैंक और एचडीएफसी बैंक को हुआ। सोमवार से शुक्रवार के बीच के कारोबार में आईसीआईसीआई बैंक का मार्केट कैप 63,359.79 करोड़ रुपये बढ़कर 9,44,226.88 करोड़ के स्तर पर पहुंच गया। इसी तरह एचडीएफसी बैंक का मार्केट कैप 58,569.52 करोड़ की उछाल के साथ 13,28,605.29 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया।

इसके अलावा भारती एयरटेल का मार्केट कैप 44,319.91 करोड़ रुपये बढ़कर 9,74,810.11 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया। इसी तरह रिलायंस इंडस्ट्रीज का मार्केट कैप 19,384.07 करोड़ रुपये की उछाल के साथ 20,11,544.68 करोड़ रुपये, हिंदुस्तान यूनिलीवर का मार्केट कैप 10,725.88 करोड़ रुपये बढ़ कर 7,00,084.21 करोड़ रुपये और आईटीसी का मार्केट कैप 1,375.6 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी के साथ 6,43,907.42 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया। इसके विपरीत टाटा कंसलटेंसी सर्विसेज (टीसीएस) का मार्केट कैप 85,730.59 करोड़ रुपये की गिरावट के साथ 15,50,459.04 करोड़ रुपये रह गया। इसी तरह इंफोसिस का मार्केट कैप 15,861.16 करोड़ रुपये घट कर 7,91,438.39 करोड़ रुपये, भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) का मार्केट कैप 14,832.12 करोड़ रुपये घट कर 6,39,172.64 करोड़ रुपये और स्टेट बैंक ऑफ इंडिया का मार्केट कैप 7,719.79 करोड़ रुपये की गिरावट के साथ 6,97,815.41 करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया।

मार्केट कैप के लिहाज से रिलायंस इंडस्ट्रीज 20,11,544.68 करोड़ रुपये के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) के साथ देश की सबसे अधिक मार्केट कैप वाली कंपनी रही।

सीतारमण ने मछुआरों से कहा- वित्त मंत्रालय की सेवाओं से लाभ लेकर बढ़ाएं व्यापार

एजेंसी

चेन्नई/नई दिल्ली। केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने रविवार को मछुआरों से किसान क्रेडिट कार्ड के जरिए दी जाने वाली सुविधाओं का लाभ उठाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि इनसे उनके व्यापार को बढ़ावा मिलेगा। केंद्रीय वित्त मंत्री ने पुडुचेरी में आयोजित पोंडी लिट फेस्ट 7वें संस्करण को संबोधित करते हुए कहा कि हम 2047 तक विकसित भारत बनने की दिशा में सही रास्ते पर हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मछली पालन से संबंधित मुद्दों के समाधान के लिए एक अलग विभाग स्थापित किया है। उन्?होंने कहा कि हम संस्थागत क्षमता निर्माण इसमें अहम भूमिका निभाएगा। निर्मला सीतारमण ने कहा कि हमने अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा को प्राथमिकता दी है। हमने आत्मनिर्भर भारत के अनुरूप निर्णयों के माध्यम से रक्षा क्षमताओं में अपनी आत्मनिर्भरता बढ़ाने की दिशा में निवेश करने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। उन्होंने कहा कि पिछली सरकार

के दौरान ऐसा नहीं था, तब यह सोचा गया था कि सीमावर्ती गांवों पर निवेश करना हमारी राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए सही काम नहीं है।

वित्त मंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि हमें अपने बैंकों, समग्र बुनियादी ढांचे, बाजार में कंपनियों की सेहत और भारतीय अर्थव्यवस्था के डिजिटलीकरण को प्राथमिकता देने की भी आवश्यकता होगी। उन्होंने कहा कि सशक्त भारत, सुरक्षित भारत और 2047 तक विकसित भारत के लिए हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि हमारे नागरिकों के आर्थिक स्तर में सुधार हो। उन्हें आज जहां वे हैं, वहां से उठाकर उच्च स्तर पर ले जाना होगा-बेहतर जीवन स्तर और अवसरों तक बेहतर पहुंच के साथ। सीतारमण ने कहा कि भारत एक गैर-आक्रामक राष्ट्र है। हमने हमेशा दूसरे देशों के प्रति मैत्रीपूर्ण व्यवहार किया है, चाहे वह वैक्सीन मैत्री हो या ऑपरेशन समुद्र सेतु। हालांकि, देश अलग-थलग रहकर सुरक्षित नहीं रह सकते। उन्?होंने कहा कि कुछ देशों द्वारा राष्ट्रीय हितों की असंतुलित खोज वैश्विक स्तर पर असंतुलन पैदा कर सकती है और हमें ऐसी किसी भी स्थिति का सामना करने के लिए तैयार रहना होगा। इससे पहले केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला ने पोंडी लिट फेस्ट के दौरान अपनी स्कूल शिक्षिका सविता से बातचीत की। सविता ने वित्त मंत्री सीतारमण को तमिलनाडु के तिरुचिरापल्ली में होली क्रॉस गर्ल्स हाई स्कूल में पढ़ाया था। गौरतलब है कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण तमिलनाडु के आधिकारिक दौरे पर हैं।

वोडाफोन आइडिया ने की 3.6 अरब डॉलर की डील

एजेंसी

नई दिल्ली। निजी क्षेत्र की दूरसंचार सेवा प्रदाता कंपनी वोडाफोन आइडिया लिमिटेड (वीआईएल) ने तीन वर्षों की अवधि में नेटवर्क उपकरणों की आपूर्ति के लिए नोकिया, एरिक्सन और सैमसंग के साथ 3.6 अरब डॉलर का एक बड़ा सौदा किया है। कंपनी ने बयान जारी कर बताया कि यह डील कंपनी की 6.6 अरब डॉलर की तीन-वर्षीय पूंजीगत व्यय योजना को लागू करने की दिशा में पहला कदम है। इस पूंजीगत व्यय का लक्ष्य 4जी कवरेज को 1.03 अरब यूजर से बढ़ाकर 1.2 अरब यूजर तक करना, प्रमुख बाजारों में 5जी लांच करना तथा डेटा वृद्धि के अनुरूप क्षमता विस्तार करना है। कंपनी ने अपने मौजूदा साझेदारों नोकिया और एरिक्सन के साथ काम जारी रखा है और सैमसंग को भी नए साझेदार के रूप में शामिल किया है। वीआईएल ने कहा कि यह अनुबंध कंपनी को बेहतर ग्राहक अनुभव प्रदान करने के लिए नवीनतम अत्याधुनिक उपकरणों का तुरंत लाभ उठाने में सक्षम बनाएगा। इसके अलावा, पिछले दो वर्षों में भारतीय बाजार में विक्रेताओं द्वारा प्राप्त की गई सीख और अंतर्दृष्टि कंपनी को सभी उन्नत तकनीकों (4जी और 5जी) के लिए सेवाओं को अनुकूलित करके अधिक लचीली और मॉड्यूलर रोलआउट योजना शुरू करने में सक्षम बनाएगी। साथ ही नए उपकरण ऊर्जा में दक्षता लाभ भी लाएंगे और इस प्रकार परिचालन लागत कम होगी। वोडाफोन आइडिया लिमिटेड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अक्षय मूंदड़ा ने कहा, हम अपने ग्राहकों को सर्वश्रेष्ठ अनुभव प्रदान करने के लिए उभरती नेटवर्क तकनीकों में निवेश करने को प्रतिबद्ध हैं। हमने निवेश चक्र शुरू कर दिया है। हम वीआईएल 2.0 की अपनी यात्रा पर हैं और यहां से वीआईएल उद्योग के विकास के अवसरों में प्रभावी रूप से भाग लेने के लिए एक स्मार्ट बदलाव करेगा। नोकिया और एरिक्सन शुरुआत से ही हमारे साझेदार रहे हैं और यह उस निरंतर साझेदारी में एक और मील का पत्थर है। हमे सैमसंग के साथ अपनी नई साझेदारी शुरू करने की खुशी है। हम 5जी युग में आगे बढ़ने के साथ अपने सभी भागीदारों के साथ मिलकर काम करने के लिए तत्पर हैं।

पीयूष गोयल ने सिंगापुर में इवेंस्ट इंडिया कार्यालय का किया उद्घाटन

एजेंसी

नई दिल्ली। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने रविवार को सिंगापुर में इवेंस्ट इंडिया कार्यालय का उद्घाटन किया। इसके साथ ही उन्होंने यहां कुछ चुनिंदा उद्यमियों और निवेशकों के साथ अलग-अलग बैठकें कीं। इस दौरान उन्होंने भारत में निवेश के अवसरों और इन कंपनियों की संभावित योजनाओं के बारे में चर्चा की। गोयल लाओस के दो दिवसीय आधिकारिक दौरे से लौटते हुए सिंगापुर में रूके हुए थे। केंद्रीय वाणिज्य मंत्री गोयल ने कहा कि सिंगापुर में इवेंस्ट इंडिया कार्यालय का उद्घाटन करते हुए गर्व हो रहा है। उन्होंने कहा कि यह भारत और सिंगापुर के बीच आर्थिक संबंधों को मजबूत करने और विशाल निवेश अवसरों को आगे बढ़ाने में एक

महत्वपूर्ण क्षण है। उन्होंने कहा कि ये वैश्विक साझेदारी को बढ़ावा देने और साझा समृद्धि को आगे बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

उन्होंने कहा कि उन्होंने सिंगापुर में सुरबाना जुरोंग के ग्रुप सीईओ सीन चियाओ से मुलाकात की। वाणिज्य मंत्री ने बताया कि भारत के तेजी से विकसित हो रहे शहरी और औद्योगिक बुनियादी ढांचे के क्षेत्र के लिए कंपनी की योजनाओं पर हमारी एक उपयोगी चर्चा हुई। उन्होंने आगे कहा कि भारत वैश्विक स्तर पर अगली पीढ़ी के बुनियादी ढांचे को आकार देने में सुरबाना जुरोंग के साथ मिलकर काम करने की उम्मीद करता है। इससे पहले केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री गोयल ने सिंगापुर स्थित असबाबवाला फर्नीचर निर्माण कंपनी एचटीएल इंटरनेशनल की मुख?य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) सुश्री फुआ मेई मिंग के साथ बैठक की। इस बैठक के दौरान दोनों नेताओं ने भारत के विनिर्माण क्षेत्र और विशाल खुदरा बाजार में अपार विकास के अवसरों के साथ-साथ कंपनी की विस्तार योजनाओं में भारत की भूमिका पर विचार-विमर्श किया। उल्लेखनीय है कि केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल 12वें पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन के आर्थिक मंत्रियों की बैठक में शामिल होने के लिए लाओस के वियनतियाने के दो दिवसीय आधिकारिक दौरे पर थे।

32 करोड़ जुटाने उतरी कंपनी को 2,221 करोड़ के आवेदन, खुदरा निवेशकों ने 41 गुना से ज्यादा पैसा लगाया

एजेंसी

नई दिल्ली। छोटी और मझोली यानी एसएमई कंपनियों के आईपीओ लगातार रिकॉर्ड बना रहे हैं। 32.34 करोड़ रुपये जुटाने उतरी पैरामाउंट फोर्जिंग को 2,221 करोड़ रुपये के आवेदन मिले हैं। कंपनी ने 39.22 लाख शेयर जारी किए थे। अंतिम दिन उसे 26.96 करोड़ शेयरों के लिए आवेदन मिला। यानी इश्यू करीब 69 गुना भर गया। पैरामाउंट फोर्जिंग के प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम यानी आईपीओ में गैर संस्थागत निवेशकों ने अपने हिस्से की तुलना में 220 गुना ज्यादा आवेदन किया। खुदरा निवेशकों ने 41 गुना से ज्यादा पैसा लगाया। कंपनी का शेयर नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के इमर्ज प्लेटफॉर्म पर सूचीबद्ध होगा। कंपनी ने आईपीओ में शेयरों का भाव 57 से 59 रुपये तय किया था। 1994 में बनी यह कंपनी स्टील फोर्जिंग का विनिर्माण करती है। इससे पहले पिछले महीने दिल्ली की केवल 8 कर्मचारियों वाली कंपनी रिसोर्सफुल ऑटो ने अब तक के सारे रिकॉर्ड ध्वस्त कर दिए हैं। कंपनी को 12 करोड़ रुपये के एवज में 4,800 करोड़ रुपये के आवेदन मिले थे। यानी 400 गुना इश्यू भरा था। हालांकि, शेयरों की सूचीबद्धता वैसी नहीं हुई, जैसी उम्मीद की जा रही थी।

छोटे शहरों के प्रॉपर्टी मार्केट में बूम, गुरुग्राम-नोएडा से आगे निकले रांची, देहरादून और इंदौर जैसे शहर

एजेंसी

नई दिल्ली। लंबे समय तक सुस्ती का सामना करने के बाद अब छोटे शहर भी रियल एस्टेट मार्केट के लिए उम्मीद की नई किरण बनकर उभरे हैं। महानगरों और बड़े शहरों की महंगाई और भीड़ भाड़ के कारण रियल एस्टेट के खरीदारों में छोटे शहरों के प्रति रुचि बढ़ी है। इस बात की जानकारी शहरी विकास मंत्रालय की एक रिपोर्ट में दी गई है। मंत्रालय की रिपोर्ट के मुताबिक कई छोटे शहरों में प्रॉपर्टी की कीमत नोएडा, गुरुग्राम और गाजियाबाद जैसे बड़े शहरों को भी पीछे छोड़ चुकी है। छोटे शहर में भी अब फ्लैट, प्लॉट या विला की मांग काफी बढ़ गई है, जिसके कारण इनकी कीमत दिल्ली-एनसीआर की कीमत के स्तर पर पहुंच गई है। बड़े शहरों की भीड़भाड़ और तनाव भरी जिंदगी से बचने के लिए भी लोग छोटे शहरों में रहना ज्यादा पसंद कर रहे हैं। इस वजह से छोटे शहरों में घरों की मांग तो बढ़ी ही है, लग्जरी लाइफस्टाइल के प्रति भी लोगों में रुझान बढ़ा है। इसी वजह से रियल एस्टेट डेवलपर्स भी बड़े शहरों की तुलना में छोटे शहरों में अपना प्रोजेक्ट लॉन्च करने में ज्यादा दिलचस्पी दिखा रहे हैं। इस रिपोर्ट में बताया गया है कि जयपुर, अजमेर, लखनऊ, वृंदावन, फरीदाबाद, लुधियाना, चंडीगढ़, इंदौर, भोपाल, रांची, हल्द्वानी और देहरादून जैसे शहर इन दिनों रियल एस्टेट सेक्टर के लिए नए हॉटस्पॉट बन गए हैं। केंद्र सरकार की नई शहरी विकास नीति की वजह से पिछले 10 सालों

के दौरान देश के टियर-2 और टियर-3 शहरों का काफी तेजी से विकास हुआ है। खासकर, कोरोना संक्रमण काल के बाद इस विकास में काफी तेजी आई है और कई छोटे शहर अब कीमत के मामले में दिल्ली-एनसीआर से टक्कर ले रहे हैं। रिपोर्ट में बताया गया है कि कई राज्यों ने विशेष रूप से छोटे शहरों में इंडस्ट्रियल एरिया, स्पेशल इकोनॉमिक जोन या आईटी पार्क जैसी सुविधाओं को बढ़ाने की दिशा में काफी ध्यान दिया है। इसकी वजह से छोटे शहरों की अर्थव्यवस्था में भी तेजी आई है। इसके साथ ही छोटे शहरों में भी प्रशिक्षित और कुशल कामगारों और प्रबंधकों की मांग बढ़ी है। इन छोटे शहरों में रोजाना के कामकाज के लिए बड़े शहरों की तुलना में ओवरऑल कम खर्च में काम चल जाता है, जिससे लोग अपने घर के करीब रहकर भी अधिक बचत कर पाते हैं। इसके अलावा केंद्र सरकार द्वारा चलाए जा रहे हैं स्मार्ट सिटी मिशन और अटल मिशन फॉर रिजूवेनेशन एंड अर्बन ट्रांसफॉर्मेशन (एएमआरयूटी) जैसी योजनाओं के कारण भी छोटे शहरों के बुनियादी विकास में तेजी आई है। इस वजह से भी छोटे शहरों के प्रति लोगों का रुझान बढ़ा है। रिपोर्ट में बताया गया है कि छोटे शहरों में बुनियादी ढांचे का तेजी से विकास होने के साथ ही अब शॉपिंग कॉम्पलेक्स, मॉल, एंटरटेनमेंट सेंटर, स्पोर्ट्स सेंटर, अच्छे और नामी स्कूल और हॉस्पिटल जैसी सुविधा भी विकसित हो रही है। इसके साथ ही हाई-वे के काम में तेजी लाए जाने और एक्सप्रेस-वे के निर्माण की वजह से बड़े शहरों के साथ छोटे शहरों की कनेक्टिविटी में भी इजाफा हुआ है। छोटे शहरों में तुलनात्मक तौर पर बड़े शहरों की तुलना में प्रदूषण का स्तर भी कम है। इस वजह से भी लोग छोटे शहरों में रहना अधिक पसंद कर रहे हैं। अपेक्स बिल्डर्स एंड डेवलपर्स के चेयरमैन सतनाम सिंह सचदेवा का कहना है कि मौजूदा समय में देश के टियर-2 और टियर-3 शहरों में रियल एस्टेट सेक्टर काफी तेजी से विकास कर रहा है, जिसकी वजह से चंडीगढ़, लुधियाना, इंदौर, वृंदावन, लखनऊ, अजमेर, जयपुर, रांची और गया जैसे शहरों में प्रॉपर्टी की कीमत काफी तेजी से बढ़ रही है। लोगों का रुझान भी इन शहरों की ओर बढ़ा है। इसी वजह से देश के कई प्रमुख बिल्डर अब एक डेवलपर के रूप में महानगरों की तुलना में छोटे शहरों में काम करना अधिक पसंद कर रहे हैं। इन शहरों में रियल एस्टेट सेक्टर के विकास की पूरी संभावना मौजूद है।

इसी तरह आदर्श डेवलपर्स के सीईओ अनिल शर्मा का कहना है कि छोटे शहरों में जमीन और घरों की मांग लगातार बढ़ रही है, जिसकी वजह से अब बड़े डेवलपर्स भी इन छोटे शहरों में अपना कारोबार बढ़ा रहे हैं। केंद्र सरकार की नीतियों की वजह से छोटे शहरों के विकास में भी तेजी आई है। कई शहरों में शहरी यातायात के लिए मेट्रो कनेक्टिविटी का काम भी शुरू हो गया है। इसके साथ ही बड़े शहरों में मिलने वाली मॉल और शॉपिंग सेंटर जैसी सुविधा अब छोटे शहरों में भी मिलने लगी है। इस वजह से भी महानगरों की तुलना में छोटे शहरों के प्रति लोगों की रुचि बढ़ी है। इसी कारण छोटे शहरों में भी ऑफिस स्पेस और रेजिडेंशियल कॉलोनियां लगातार डेवलप हो रही हैं, जिससे इन शहरों की तस्वीर भी लगातार बदल रही है।

ब्राजील भारतीय तेल व गैस कंपनियों के निवेश का प्रमुख केन्द्र बना

एजेंसी

नई दिल्ली।भारत और ब्राजील ने तेल एवं गैस क्षेत्र में भारतीय कंपनियों द्वारा दिखाए गए भरोसे को मान्यता दी, जिसके परिणामस्वरूप ब्राजील दुनिया में भारतीय तेल एवं गैस कंपनियों द्वारा निवेश के लिए सबसे बड़े गंतव्य देशों में से एक बन गया है। तेल और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने शनिवार को यहां जारी बयान में कहा कि दोनों पक्षों ने देश में भारतीय कंपनियों की उपस्थिति बढ़ाने के लिए नयी संभावित व्यवस्था की पहचान करने की अपनी प्रतिबद्धता की भी पुष्टि की, जिसमें उत्पादन परिसंपत्तियों में नए निवेश के अवसर शामिल हैं। दोनों देश व्यापार क्षेत्र में पूरक सुविधाओं को मान्यता देते हुए, आपसी व्यापार को बढ़ाने के तरीकों की पहचान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं, जिनमें अभिनव उपाय भी शामिल हैं।

भारत के पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप पुरी ने ब्राजील के खान एवं ऊर्जा मंत्री एलेक्जेंडर सिल्वेरा के निमंत्रण पर 19 से 21 सितंबर तक ब्राजील के आधिकारिक दौरा किया। श्री पुरी के साथ अपस्ट्रीम और डाउनस्ट्रीम दोनों क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व करने वाली भारतीय तेल एवं गैस कंपनियों के प्रतिनिधि भी थे।

यात्रा के दौरान, दोनों पक्षों ने ऊर्जा क्षेत्र में मौजूदा सहयोग की समीक्षा की, जिसमें भारतीय अपस्ट्रीम निवेश, द्विपक्षीय व्यापार में पारस्परिक रूप से लाभकारी संबंध और सतत ईंधन, विशेष रूप से जैव ईंधन में सहयोग शामिल हैं।

भारतीय शेयर बाजार के प्रति विदेशी निवेशकों की बढ़ी दिलचस्पी, 20 सितंबर तक हुआ 33,691 करोड़ का विदेशी निवेश

एजेंसी

नई दिल्ली। घरेलू शेयर बाजार में इस महीने विदेशी निवेशकों की रुचि लगातार बढ़ती हुई नजर आ रही है। सितंबर में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने 20 सितंबर तक भारतीय शेयर बाजार में 33,691 करोड़ रुपये का निवेश किया है। साल 2024 के किसी एक महीने में भारतीय शेयर बाजार में विदेशी निवेशकों पर द्वारा किए गए निवेश का ये दूसरा सबसे बड़ा आंकड़ा है। इसके पहले मार्च 2024 में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने भारतीय शेयर बाजार में 35,100 करोड़ रुपये का निवेश किया था। विदेशी निवेशकों द्वारा किए जा रहे निवेश की रफ्तार को देख कर अनुमान लगाया जा रहा है कि इस महीने के शेष बचे हुए कारोबारी दिनों में विदेशी निवेश का आंकड़ा 35,100 करोड़ रुपये के स्तर को आसानी से पार कर जाएगा।

मार्केट एक्सपर्ट्स का अनुमान है कि आने वाले दिनों में भारतीय शेयर बाजार में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों की ओर से खरीदारी का

सिलसिला लगातार जारी रहेगा। खासकर अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में 0.50 प्रतिशत की कटौती करने के बाद विदेशी निवेशकों ने भारत जैसे हाई पोटेंशियल वाले देश के स्टॉक मार्केट में जम कर खरीदारी शुरू कर दी है। इस महीने के पहले 20 दिनों में हुए 33,691 करोड़ रुपये के निवेश समेत विदेशी निवेशक इस साल घरेलू शेयर बाजार में 76,572 करोड़ रुपये का निवेश कर चुके हैं। डिपॉजिटरी के आंकड़ों के मुताबिक जून महीने से ही विदेशी निवेशक घरेलू शेयर बाजार में लगातार बायर की भूमिका में बने हुए हैं। सितंबर के पहले अगस्त के महीने में विदेशी निवेशकों ने 7,320 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश किया था, जबकि जुलाई में ये आंकड़ा 32,365 करोड़ रुपये और जून में 26,565 करोड़ रुपये का था। हालांकि इसके पहले अप्रैल और मई के दौरान विदेशी निवेशकों ने घरेलू शेयर बाजार में शुद्ध रूप से 34,252 करोड़ रुपये की बिकवाली की थी।

इन्वेस्टमेंट रिसर्च एनालिस्ट विनीत गोयल का कहना है कि डॉलर इंडेक्स में आई कमजोरी और अमेरिकी फेडरल रिजर्व के नरम रुख की वजह से विदेशी निवेशकों के लिए भारतीय शेयर बाजार आकर्षक बना हुआ है। इसके अलावा भारत का संतुलित राजकोषीय घाटा, मजबूत वैल्युएशंस और महंगाई पर नियंत्रण को लेकर भारतीय रिजर्व बैंक के रुख की वजह से भी विदेशी निवेशकों के लिए भारत एक आकर्षण केंद्र बना हुआ है। यही वजह है कि आने वाले दिनों में घरेलू शेयर बाजार में विदेशी निवेश और तेज हो सकता है। ऐसा होने पर शेयर बाजार की रफ्तार तेज बनी रह सकती है।

चींटी जितने छोटे बीज, एंटीबायोटिक जैसा काम ! बैक्टीरिया का कर देंगे अंत, किचन में रख लें तुरंत

कलौंजी को औषधीय गुणों से भरपूर माना जाता है. ये छोटे-छोटी बीज शरीर में जाकर नेचुरल एंटीबायोटिक का काम करते हैं और बैक्टीरिया का अंत करते हैं. कोलेस्ट्रॉल और डायबिटीज के मरीजों के लिए कलौंजी बेहद फायदेमंद है.

खाने-पीने का स्वाद बढ़ाने वाली कई चीजें सेहत के लिए कमाल की साबित हो सकती हैं. कलौंजी का इस्तेमाल अचार समेत कई डिशेज में किया जाता है, लेकिन ये छोटे-छोटे काले बीज कई बीमारियों से राहत दिला सकते हैं. आपको जानकर हैरानी होगी कि इन बीजों में नेचुरल एंटीबैक्टीरियल प्रॉपर्टी होती हैं, जो कई तरह के बैक्टीरियल इंफेक्शन का खात्मा कर सकते हैं. हाई कोलेस्ट्रॉल और डायबिटीज के मरीजों के लिए भी कलौंजी को बेहद चमत्कारी माना जा सकता है. इन बीजों में औषधीय गुणों का भंडार होता है और आयुर्वेद में इनका विशेष महत्व है.

हेल्थलाइन की रिपोर्ट के मुताबिक कलौंजी के बीच मेडिसिनल प्रॉपर्टी से भरपूर होते हैं और इन्हें काला जीरा भी कहा जाता है. इसका साइंटिफिक नाम निगेला सैटिवा है. कलौंजी का प्लांट करीब 12 इंच ऊंचा होता है और इससे ये बीज मिलते हैं. सदियों से कलौंजी का इस्तेमाल नेचुरल रेमेडी के तौर पर किया जाता रहा है. ब्रोंकाइटिस से लेकर डायरिया से राहत दिलाने में ये बीज इस्तेमाल किए जाते रहे हैं. कुछ टेस्ट-ट्यूब स्टडीज से पता चला है कि कलौंजी का हाई एंटीऑक्सीडेंट बीमारी से बचाने में मदद कर सकते हैं. कलौंजी में एंटीऑक्सीडेंट और एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं, जिससे इम्यून सिस्टम मजबूत होता है.बीमारियां पैदा करने वाले बैक्टीरिया खतरनाक इंफेक्शन की वजह बनते हैं. इन बैक्टीरिया को मारने में कलौंजी को फायदेमंद माना जा सकता है. कई टेस्ट ट्यूब और ह्यूमन स्टडीज में पाया गया है

कि कलौंजी में एंटीबैक्टीरियल गुण होते हैं, जो इंफेक्शन को कम करने में मददगार हो सकते हैं. एक स्टडी में स्टैफिलोकोकल स्किन इंफेक्शन वाले शिशुओं की त्वचा पर कलौंजी को लगाया गया, तो वैज्ञानिक यह देखकर हैरान हुए कि कलौंजी ने बैक्टीरियल इंफेक्शन पर वैसा असर किया, जैसा इलाज के लिए उपयोग किए जाने वाली एंटीबायोटिक दवा करती है.एक स्टडी में पता चला है कि डायबिटीज के मरीजों में होने वाले जिस बैक्टीरियल इंफेक्शन पर एंटीबायोटिक दवाएं असर नहीं करती हैं, उन पर कलौंजी का अच्छा खासा असर देखने को मिला. कलौंजी ने आधे से अधिक सैंपल्स में इंफेक्शन पैदा करने वाले बैक्टीरिया को मार डाला. कलौंजी में मौजूद तत्व ब्लड शुगर लेवल कंट्रोल करने में मदद करते हैं. कलौंजी के नियमित सेवन से इंसुलिन सेंसिटिविटी में सुधार होता है. कई अध्ययनों से पता चला है कि कलौंजी के सप्लीमेंट्स टोटल और बैड कोलेस्ट्रॉल दोनों को कम करने में कारगर हो सकते हैं.

ब्याज दरों को कम करने का चक्र हुआ प्रारम्भ

अमेरिकी फेडरल रिजर्व के अध्यक्ष जर्मी पोवेल ने दिनांक 19 सितम्बर 2024 को यूएस फेड दर में 50 आधार बिंदुओं की कमी करने की घोषणा करते हुए यूएस फेड दर को 5.5 प्रतिशत से घटाकर कर 5 प्रतिशत कर दिया है। 4 वर्ष पूर्व पूरे विश्व में फैली कोविड महामारी के खंडकाल के पश्चात मुद्रा स्फीति की दर में, पिछले 4 दशकों में, सबसे अधिक वृद्धि दर्ज हुई थी और मुद्रा स्फीति की दर को नियंत्रण में लाने के उद्देश्य से विकसित एवं अन्य कई देश ब्याज दरों को लगातार बढ़ा रहे थे ताकि उत्पादों की मांग बाजार में कम हो तथा उत्पादों की आपूर्ति इस मांग के अनुरूप हो जाए। पिछले 4 वर्षों के दौरान यूएस फेड दर 0 प्रतिशत से बढ़कर 5.50 प्रतिशत तक पहुंच गई थी परंतु अब 4 वर्ष पश्चात यूएस फेड दर को कम करने की घोषणा की गई है।

कई विकसित एवं विकासशील देशों की अर्थव्यवस्थाएं अमेरिका में लागू ब्याज दरों से अत्यधिक प्रभावित होती हैं। जब भी अमेरिका द्वारा ब्याज दरों में वृद्धि की घोषणा की जाती है तो अन्य देशों में अमेरिका एवं अन्य विकसित देशों के संस्थानों एवं नागरिकों द्वारा किया गया निवेश इन देशों से निकलकर अमेरिका में वापिस आने लगता है क्योंकि अमेरिकी वित्तीय संस्थानों एवं अमेरिकी सरकार द्वारा जारी किए जाने बां ड पर उन्हें आकर्षक ब्याज दर मिलने लगती है। इसके विपरीत जब भी अमेरिका द्वारा यूएस फेड दर में कमी की घोषणा की जाती है तो अन्य विकासशील देशों में अमेरिका एवं अन्य विकसित देशों के संस्थानों एवं नागरिकों का निवेश बढ़ने लगता है क्योंकि इन्हें अमेरिकी वित्तीय संस्थानों एवं सरकार द्वारा जारी किए जाने बांड पर तुलनात्मक रूप से कम आय होने लगती है। इसी विशेष कारण के चलते कई देशों को अमेरिकी फेड रिजर्व के निर्णय को ध्यान में रखते हुए ही अपने देश में भी ब्याज दरों को कम अथवा अधिक करना होता है ताकि उनके देश में अमेरिका एवं अन्य विकसित देशों के संस्थानों एवं नागरिकों द्वारा किया जा रहा निवेश बहुत अधिक प्रभावित नहीं हो। चूंकि अब यूएस फेड दर में 50 आधार बिंदुओं की कमी की गई है अतः अन्य कई देश भी ब्याज दरों में कमी की घोषणा कर सकते हैं। इससे पूरे विश्व में ही ब्याज दरों को कम करने का चक्र प्रारम्भ हो सकता है। हालांकि इसकी शुरुआत यूरोपीयन देशों एवं ब्रिटेन द्वारा पूर्व में की जा चुकी है तथा अब विकासशील देश भी ब्याज दरों में कमी की घोषणा शीघ्र ही कर सकते हैं। भारत में भी हालांकि पिछले कुछ समय से मुद्रा स्फीति की दर लगातार नियंत्रण में बनी हुई है परंतु भारतीय रिजर्व बैंक यदि पूर्व में ही ब्याज दरों में कमी की घोषणा करता तो भारत में अमेरिका एवं अन्य विकसित देशों के संस्थानों द्वारा अमेरिकी डॉलर में किये गए निवेश के भारत से निकलने की सम्भावना बढ़ जाती। आज विश्व के कई देश, विशेष रूप से आर्थिक क्षेत्र में, आपस में इतने अधिक जुड़ चुके हैं कि किसी एक देश के आर्थिक क्षेत्र में होने वाले परिवर्तन अन्य देशों के आर्थिक क्षेत्र को भी प्रभावित करते हैं।

अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा यह भी कहा गया है कि केलेंडर वर्ष 2024 में यूएस फेड दर में 25 आधार बिंदुओं की दो बार और कमी की घोषणा की जा सकती है तथा केलेंडर वर्ष 2025 में 100 आधार बिंदुओं की कमी की जा सकती है। इस प्रकार यूएस फेड दर घटकर 3.50 प्रतिशत तक नीचे आ सकती है। यूएस फेड दर में 50 आधार बिंदुओं की कमी की घोषणा के साथ ही 10 वर्षों के लिए जारी अमेरिकी बांड की यील्ड घटकर 3.73 प्रतिशत के स्तर पर आ गई है एवं डॉलर इंडेक्स भी 100.37 के निचले स्तर पर आ गया है। अब अमेरिकी डॉलर पर अंतरराष्ट्रीय बाजार में दबाव बढ़ेगा जिससे अमेरिकी डॉलर का अवमूल्यन हो सकता है। इससे अमेरिकी बाजारों से अब पूंजी निकलकर अधिक आय की तलाश में अन्य इमर्जिंग देशों के शेयर बाजार में जाएगी। इसका सबसे अधिक लाभ भारत को हो सकता है क्योंकि भारत पूर्व में ही MSCI Emerging Market IMI (Investible Market Inde&) Inde& में चीन से आगे निकलकर प्रथम स्थान पर आ गया है। इस इंडेक्स में भारत के शेयरों का भार चीन के शेयरों के भार से अधिक हो गया है। विश्व के वित्तीय संस्थान, सोवरेन फंड, पेंशन फंड एवं अन्य निवेशक स्स्ष्टढ्ढ के इंडेक्स पर अधिक विश्वास करते हैं एवं अपने निवेश भी इस इंडेक्स में शामिल शेयरों में करते हैं। दूसरे, अब बहुत सम्भव है कि भारतीय रिजर्व बैंक भी रेपो दर में कमी की घोषणा शीघ्र ही करे क्योंकि अब अमेरिका में अधिक ब्याज दरों का दौर समाप्त हो रहा है। अमेरिका में बढ़ी हुई ब्याज दरों का विपरीत प्रभाव न केवल भारतीय रुपए पर हो रहा था बल्कि अमेरिका एवं अन्य विकसित देशों से भारत में अमेरिकी डॉलर में होने वाले विदेशी निवेश पर भी दबाव बना हुआ था। अब अमेरिका में यूएस फेड दर के कम करने से भारतीय रुपए पर दबाव एवं भारत से विदेशी निवेश के बाहर जाने का डर भी कम हो जाएगा। साथ ही, यदि भारत में भी ब्याज दरों को कम करने का दौर शुरू होता है तो इससे भारतीय उद्योग जगत को फायदा होगा और उनकी लाभप्रदता में वृद्धि होगी जो विदेशी निवेश को भारत में आकर्षित करने में सहायक होगी। भारत का विदेशी मुद्रा भंडार पहिले से ही अपने उच्चत्तम स्तर 68,900 करोड़ अमेरिकी डॉलर पर पहुंच गया है। अब बदली हुई परिस्थितियों में भारत का शेयर बाजार यदि और अधिक विदेशी निवेश की राशि भारत में आकर्षित करता है तो भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 100,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर के स्तर को पार कर सकने की क्षमता रखता है। तीसरे, भारत में ब्याज दरों के कम होने से उद्योग जगत द्वारा भारत में उत्पादित वस्तुओं की लागत भी कम हो सकती हैं और भारत में निर्मित उत्पाद अंतरराष्ट्रीय बाजार में प्रतिस्पर्धी बन सकेंगे, इससे भारतीय उत्पादों के निर्यात में वृद्धि होने की सम्भावना बन सकेगी। चौथे, अमेरिकी बाजार में ब्याज दरों के कम होने से विशेष रूप से सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में कार्यरत बहुराष्ट्रीय कम्पनियों की लाभप्रदता में वृद्धि के चलते इन कम्पनियों द्वारा नवाचार के लिए रीसर्च पर खर्च में बढ़ौतरी की जा सकती है, जिसका सीधा सीधा लाभ भारत में सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में कार्य करने वाली कम्पनियों को होने जा रहा है।

आम जनता द्वारा बैंकों से लिए गए ऋण की किश्तें भी अब कम हो सकती हैं इससे विशेष रूप से मध्यमवर्गीय परिवारों द्वारा खर्च करने योग्य राशि में वृद्धि होगी जो विभिन्न उत्पादों की मांग निर्मित करने में सहायक होगी। कुल मिलाकर, अब यह कहा जा सकता है कि अमेरिका में यूएस फेड दर के कम करने का अच्छा प्रभाव आगे आने वाले समय में विकसित देशों एवं भारत सहित विश्व की अन्य इमर्जिंग अर्थव्यवस्थाओं पर भी दिखाई देने लगेगा।

संपादकीय

लोकतांत्रिक अभिव्यक्ति

जम्मू-कश्मीर का विशेष राज्य का दर्जा खत्म होने के उपरांत एक दशक बाद हुए विधानसभा चुनावों में मतदाताओं का उत्साह बताता है कि लोगों की लोकतंत्र में गहरी आस्था बरकरार है। पहले चरण में 24 सीटों के लिये हुए शांतिपूर्ण मतदान ने उम्मीद जगायी है कि शेष चरणों में भी यह उत्साह कायम रहेगा। हाल के दिनों में जम्मू क्षेत्र में आतंकवादी हमलों की श्रृंखला ने शांतिपूर्ण मतदान को लेकर संशय पैदा कर दिया था। लेकिन चुनाव आयोग, राज्य प्रशासन व नेताओं द्वारा जनता को जागरूक करने का सकारात्मक प्रतिसाद मिला है। निष्कर्षत- कहा जा सकता है कुछ शिकवे-शिकायतों के बावजूद कश्मीर का जनमानस शांति व लोकतंत्र में विश्वास रखता है।

बहुत सालों बाद कश्मीर में मतदाताओं की लंबी-लंबी कतारें दिखाई दी। ऐसा ही उत्साह हालिया लोकसभा चुनाव में दिखा था जब पिछले साढ़े तीन दशकों के मतदान का रिकॉर्ड टूटा था। इस बार का साठ फीसदी मतदान इसी कड़ी का विस्तार कहा जा सकता है। निश्चित रूप से इन चुनावों को ऐतिहासिक कहा जा सकता है। साथ ही यह उन विदेशी ताकतों को करार जवाब है जो कश्मीर के मुद्दे का अंतर्राष्ट्रीयकरण अपने निहित स्वार्थों के लिये करते रहे हैं। बहरहाल, साबित हुआ कि देश के अन्य भागों की तरह ही कश्मीर के लोग भी शांति व सुशासन चाहते हैं। वे भी महंगाई व बेरोजगारी से निजात चाहते हैं। इस चुनाव में उन्होंने अलगाववादियों को दरकिनार करके मतदान में उत्साहपूर्वक भाग लिया। इसके बावजूद अनुच्छेद 370 हटाने व राज्य का दर्जा खत्म किये जाने के मुद्दे से बहुत लोग सहमत नहीं थे। कश्मीर को केंद्रशासित प्रदेश बनाये जाने को लेकर भी लोगों की राय में विभाजन देखा गया है। कतिपय राजनीतिक दलों के साथ ही कुछ लोगों ने अनुच्छेद 370 की वापसी व राज्यत्व बहाली के मुद्दे को तरजीह दी। बहरहाल, कुछ मुद्दों पर असंतोष के बावजूद लोगों ने लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी की है।

विचारों में यह असहमति लोकतंत्र की खूबसूरती भी है।बहरहाल, राजनीतिक दल विशेष के एजेंडे के इतर हमें स्वीकार करना चाहिए कि भारत एक ऐसा गुलदस्ता है, जिसमें विभिन्न धर्मों व संस्कृतियों के लोगों की हिस्सेदारी रही है। किसी राज्य का विशेष स्वरूप देश-काल व परिस्थितियों के अनुरूप भी तय किया जाता रहा है। वो समय की जरूरत रही है। शेष देश को किसी भी राज्य के धार्मिक, सांस्कृतिक व विशिष्ट स्वरूप का सम्मान करना चाहिए। बहुत संभव है किसी क्षेत्र विशेष की सोच का साम्य शेष देश के मिजाज व जरूरतों से भिन्न हो। लेकिन यही विविधता किसी लोकतंत्र की खूबसूरती है और उसका सम्मान किया भी जाना चाहिए। हमें नहीं भूलना चाहिए कि घाटी के लोगों की आकांक्षाओं की विपरीत परिस्थितियों के बावजूद लोकतंत्र में गहरी आस्था मजबूत हुई है।

वहीं ध्यान रखना चाहिए कि भविष्य में बहुसंख्यक कश्मीरी समुदायों के हितों के साथ अल्पसंख्यक कश्मीरी ब्राह्मणों के हितों का संरक्षण भी किया जाए। जिन्हें कतिपय राजनीतिक दलों द्वारा प्रमुख मुद्दा बनाये जाने के बाद भी न्याय नहीं मिला। उम्मीद करें कि विधानसभा चुनाव के बाद जब राज्य में चुनी हुई सरकार अस्तित्व में आए तो राज्य का दर्जा वापसी के बाद रोजगार व विकास के मुद्दों को प्राथमिकता मिले। इस संवेदनशील सीमावर्ती राज्य में शांति देश के हित में है। जिसके लिये केंद्र से पर्याप्त सहयोग अपेक्षित है। निस्संदेह, राजनीतिक दलों को राष्ट्रीय हितों को दलीय हितों से ऊपर रखना चाहिए।

चुनाव के पहले चरण में मतदाताओं की लंबी-लंबी कतारें बताती हैं कि राज्य के लोग शांति व लोकतांत्रिक व्यवस्था के पक्ष में हैं। यह सुखद ही है कि ये चुनाव राज्य में चुनाव बहिष्कार की धमकियों व चेतावनियों से मुक्त शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुए हैं। मतदाताओं ने ऐसी किसी भी आवाज को तरजीह नहीं दी है। उम्मीद करें कि ये चुनाव आतंकवाद के खात्मे के लिये निर्णायक जनादेश लेकर आएं।

ताकि राज्य कालांतर अलगाववादी सोच का खात्मा करने में सहायक साबित हो सके। एक बार फिर साबित हुआ है कि लोकतंत्र जनता की सक्रिय भागीदारी से ही महकता है। निश्चित रूप से कश्मीर के लोगों की यह जागरूकता राज्य में विकास की आधारभूमि को मजबूत करेगी।

अखिलेश यादव से किनारा करती कांग्रेस और राहुल गांधी

कांग्रेस का समाजवादी पार्टी के साथ गठबंधन को लेकर नजरिया बदलता जा रहा है। अब कांग्रेस और राहुल गांधी सपा प्रमुख अखिलेश यादव को वह अहमियत नहीं दे रही है जो उन्होंने 2024 के लोकसभा चुनाव के समय दी थी। वर्ष 2017 के यूपी विधानसभा और 2024 के लोकसभा चुनाव में गठबंधन करके चुनाव लड़ने वाली समाजवादी पार्टी और कांग्रेस एक-दूसरे के प्रति जिस तरह का व्यवहार कर रहे हैं उससे यही लगता है कि जल्द ही कांग्रेस और सपा के बीच गठबंधन का दौर खत्म हो सकता है। इतना ही नहीं पिछले कुछ समय से जिस तरह से अखिलेश यादव और बसपा सुप्रीमों मायावती के बीच दूरियां बढ़ी हैं उससे भी अखिलेश यादव अपने आप को अकेला महसूस कर रहे हैं। यूपी की दस विधान सभा सीटों पर होने वाले उप चुनाव में यदि समाजवादी पार्टी उम्मीद के अनुसार प्रदर्शन नहीं कर पाई तो उसके लिये आगे के लिये अपनी साख बचाना मुश्किल हो जायेगा। वैसे भी मायावती ने उप चुनाव में बसपा के भी प्रत्याशी उतारने की बात कहकर अखिलेश की धड़कने बढ़ा ही रखी हैं।बात कांग्रेस और सपा के बीच बढ़ती खाई की कि जाये तो पिछले कुछ महीनों में राहुल गांधी एक परिपक्त नेता की तरह आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने अपना गोल निर्धारित कर लिया है उसी के अनुसार आगे बढ़ रहे हैं। जातीय जनगणना और मुस्लिमों को लुभाने में राहुल गांधी हिन्दुओं पर आक्रमक होने से भी परहेज नहीं कर रहे हैं।जिसका उन्हें हरियाणा और महाराष्ट्र चुनाव में फायदा होता भी दिख रहा है।उधर, पहले मध्य प्रदेश और अब हरियाणा में कांग्रेस ने सपा को एक भी सीट नहीं देकर यह संदेश दे दिया है कि उसके लिये समाजवादी पार्टी उत्तर प्रदेश से बाहर मायने नहीं रखती है। ऐसा ही कुछ महाराष्ट्र में भी देखने को मिल रहा है।

कांग्रेस की बैसाखी के सहारे सपा महाराष्ट्र मे अपनी ताकत बढ़ाने की जो कोशिश कर रही थी, उस पर भी पानी फिरता दिख रहा हैं। वैसे सपा की महाराष्ट्र यूनिट ने 12 सीटों पर प्रत्याशी तय कर दिए हैं। यूपी विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय, विधायक इंद्रजीत सरोज, तूफानी सरोज और प्रभारी बनाया गया है। कुल मिलाकर दूसरे प्रदेशों में अपनी जड़े मजबूत करने का सपना देख रहे अखिलेश यादव को कांग्रेस से लगातार झटके पर झटका ही मिल रहा है। महाराष्ट्र इस कड़ी का नया हिस्सा बन गया है। सपा के पास विकल्प की बात की जाये तो वह फिलहाल सिर्फ यूपी विधानसभा की 10 सीटों पर होने वाले उपचुनाव में कांग्रेस को इसका जवाब दे सकती है। यूपी में सपा की स्थिति कांग्रेस से कहीं अधिक मजबूत है।दरअसल, लोकसभा चुनाव में यूपी में 37 सीटें जीतने वाली सपा दूसरे राज्यों की विधानसभाओं में खाता खोलकर राष्ट्रीय दर्जा प्राप्त करना चाहती है। दूसरे राज्यों में सपा का संगठन उतना प्रभावी नहीं है, जितना उत्तर प्रदेश में है। ऐसे में सपा ने कांग्रेस के सहारे चुनाव मैदान में उतरने की कोशिश कई बार की है। पहले मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव में सपा, कांग्रेस के साथ गठबंधन करना चाहती थी। उस चुनाव में कांग्रेस के सपा से गठबंधन न करने पर सपा ने अपने दम पर 22 प्रत्याशी उतारे थे। सपा का खाता तो नहीं खुला, लेकिन कांग्रेस को कुछ सीटों पर नुकसान जरूर हुआ।इसी तरह से हरियाणा की मुस्लिम और यादव बहुल 12 विधानसभा सीटों पर सपा ने कांग्रेस से गठबंधन करने का प्रयास किया था। बात पांच और फिर तीन सीट पर आकर टिक गई थी। कांग्रेस ने अपनी सूची जारी की तो एक भी सीट सपा के लिए नहीं छोड़ा। हालांकि, सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने 'बात सीट की नहीं, जीत की है' कहकर गठबंधन धर्म निभाने के लिए त्याग करने के संकेत दे दिए हैं। हरियाणा के सपा प्रदेश अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह भाटी भी कहते हैं कि तीन सीटों को लेकर कांग्रेस आलाकमान ने राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को संदेश भेजा था। संगठन ने पूरी तैयारी की, लेकिन कांग्रेस इससे पीछे हट गई। वहीं, दूसरी ओर जम्मू-कश्मीर की 20 सीटों पर सपा ने कांग्रेस गठबंधन नहीं होने पर अपने उम्मीदवार उतार दिए हैं। जम्मू-कश्मीर में कांग्रेस और सपा आमने-आमने है। अखिलेश के जम्मू-कश्मीर में प्रचार के लिए भी जाने की तैयारी है। यहां भी अखिलेश को यूपी की तरह मुस्लिम वोट सपा को मुस्लिम वोट मिलने की उम्मीद है।

बेकार माचिस की तीलियों से बनाएं ये खूबसूरत चीजें

माचीस का इस्तेमाल हम सब घरों में आम करते हैं। माचीस के यूज़ के बाद इसकी स्टिक जिसे हम बेकार समझ कर फैंक देते है, उससे घर की सजावट के लिए अलग-अलग तरह के डैकोरेटिव पिस तैयार किए जा सकते हैं। अगर आपको क्रिएटिवी दिखाकर घर सजाने का शौक है तो इनकी मदद से घर को नए और यूनिक तरह के थीम के साथ डैकोरेट किया जा सकता है। जैसे कप- प्लेट, शूज़, झोपडी, गुडिया और छोटा-सा ट्री। इस तरह की डैकोरेशन देखकर आपके घर आने वाले मेहमान भी आपकी तारीफ किए बिना नही रह सकेंगे। अगर आप भी क्रिएटिव काम करने के शौंकीन हैं तो इन तस्वीरों को ध्यान से देखें और घर पर अपनी मनपसंद सामान बनाएं।

लेटेस्ट डिजाइंस के सोफा सेट से घर को दें न्यू लुक



ड्राइंग रूम को घर का सबसे आकर्षक हिस्सा माना जाता हैं क्योंकि उसमें फर्नीचर का खास ध्यान रखा जाता हैं। ड्राइंग रूम में अगर सोफा सेट न हो तो कमरा सूना-सूना सा लगता है। सोफा, कमरे को बेहतरीन लुक देता है। यह घर के फर्नीचर का खास हिस्सा भी है। सोफा सेट खरीदने में अच्छी खासी इंवैस्टमेंट करते हैं क्योंकि सोफा सेट कमरे की बहुत सी जरूरतों को पूरा करता है। घर में आए मेहमान सबसे पहले ड्राइंग रूम ही आकर बैठते हैं। वहीं, कभी कभी इससे बैड का काम भी लिया जाता है। मॉडर्न जमाने की बात करें तो आपको एक से बढ़कर एक लेटेस्ट डिजाइन में सोफा सेट मिल जाएंगे। आजकल लोग 7 और 5 सीटर सोफों को ज्यादा प्रैफरेंस दे रहे हैं। वैसे अगर कमरा छोटा हैं तो 3 सीटर सोफा सेट रखना ही बेहतर हैं। अगर आप भी सोफा सेट खरीदने जा रहे हैं तो कुछ बातों का ध्यान रखें।

-सोफे का रंग और डिजाइन आप कमरे के पैंट और कर्टन से मैच करता ही रखें। अगर बाकी फर्नीचर थोड़ा मॉडर्न हैं तो सोफा सेट भी वैसा ही बनवाएं या खरीदें। - कमरे की रेंज के हिसाब से सोफा सेट चूज करें। जैसे अगर कमरा बहुत बड़ा हैं तो आप 7 सीटर या एल शेप सोफा फिट कर सकते है। नहीं तो छोटे कमरे में 3 प्लस 2 सीटर ही फिट बैठता है। - सोफा कम बैड लोगों को इतने पसंद है कि वह

अच्छी-खासी इन्वेस्टमेंट कर सकते है। दिन में बैठने और रात को सोने का काम देता है। - यह सोफा सेट्स बजट के हिसाब से भी बेहतर है। मार्कीट में आपकी पसंद के हिसाब से मिल जाते है।

-? जिन लोगों के जल्दी-जल्दी तबादले होते रहते हैं। उनके लिए यह बैस्ट च्वाइस है, क्योंकि उन्हें बैड और सोफा दो अलग- अलग चीज़ो पर खर्च नहीं करना पडता।

- आपके पास अगर जगहें कम है,और मेहमानों के आने पर आप इसका इस्तेमाल बैड की तरह भी कर सकते है। लोग सिंगल बेड या अलग से सोफा खरीदने से पहले दो बार जरूर सोच रहे हैं।

पर्दों से दें घर को स्टाइलिश लुक

घर छोटा हो या बड़ा इससे कोई फर्क नहीं पड़ता लेकिन यह स्टाइलिश और अच्छे तरीके से सजा-संवरा होना चाहिए ताकि घर का कोना-कोना आपको आकर्षित करें। बढ़िया पेंट, दरवाजे-खिड़कियां और मॉडर्न जमाने का फर्नीचर घर की शोभा बढ़ाते हैं। एक और चीज जो घर की सजावट में अहम रोल निभाती है, वह है कर्टेन यानी की पर्दे। इसके बिना घर खाली-खाली सा लगता है। यह डैकोरेशन के साथ-साथ कमरों के पार्टिशन और प्राइवेसी को भी बनाए रखने में मदद करते हैं।

वैसे तो आपको मार्किट में बहुत सारे डिजाइन्स और स्टफ में हर क्लर का पर्दा आसानी से मिल जाएगा आप ऑनलाइन साइट्स से भी अपने मनपसंद पर्दे चूज कर सकती है और मंगवा सकती है लेकिन अगर आपको लगता है कि यह आपके बजट में फिट नहीं बैठ रहे और काफी महंगे पड़ रहे हैं तो घबराने की जरूरत नहीं है क्योंकि आप घर पर ही पर्दे बना सकती हैं जो काफी सस्ते भी पड़ेंगे। वैसे यह काम आसान नहीं है इसके लिए आपको मेहनत तो करनी ही पड़ेगी। चलिए आज हम आपको ईजी वे बताते हैं, जिसकी मदद से आप आसानी से कर्टेन तैयार कर सकते हैं।

चलिए, जानते हैं पर्दे बनाने के तरीके

सबसे पहले आपको कर्टेन का सहीं नाप और सिलाई करनी आनी चाहिए। आजकल तो फ्रिल वाले और डबल कर्टेन काफी ट्रैंड में चल रहे हैं। इसी के साथ कर्टन का चुनाव पेंट के हिसाब से करें। अगर कर्टेन किसी और रंग का और पेंट किसी और रंग का होगा तो पूरा कमरा अटपटा सा लगेगा लेकिन हां आप कंट्रास्ट मैंचिग कर सकते हैं जैसे- ग्रे लाइट दीवारों के साथ ग्रे डार्क कर्टेन। - अगर आपके घर में पुरानी साड़ियां पड़ी हैं तो आप उनका इस्तेमाल कर्टेन के तौर पर कर सकते हैं। सिल्क की साड़ियों से बने पर्दे बहुत ही ग्रैसफुल लगते हैं। सिंगल टोंड शिफॉन की साड़ी पर्दों के लिए सबसे बेस्ट मानी जाती हैं क्योंकि यह घर के फर्नीचर से मिक्स एंड मैच हो जाएंगी। - वैसे आजकल तो सर्दी के मौसम में शनील (Shannile Applique) के कर्टेन भी खूब ट्रैंड में हैं। यह देखने में तो आकर्षक लगते ही हैं साथ ही हवा से बचाव करते हैं, जिससे कमरा गर्म रहता है। अगर आप शनील के कर्टेन नहीं लगाना चाहते तो इसकी जगह पर आप किसी मोटे स्टफ का इस्तेमाल कर सकते हैं। आजकल लोग इस तरह के कर्टेन को ज्यादा प्रेफर करने लग गए हैं क्योंकि यह सिंपल सॉबर और डिसेंट सी लुक देते हैं।

- आपके पास ऐसे बहुत सारे दुपट्टे होंगे, जिसके सूट आप पहनकर खराब कर चुके हैं। इन्हें बेकार मत जाने दें। 3-4 दुपट्टों को आपस में मिलाकर पर्दों के रूप में इस्तेमाल करें। - स्टॉल्स या पुरानी चादरों से भी आप घर के लिए सस्ते पर्दे बना सकते हैं। आप 2 से 3 चादरों या स्टॉल्स को आपस में मिक्स करके भी पर्दे तैयार कर सकते हैं। इन्हें आप चैक या स्ट्रैप्स स्टाइल में भी तैयार करें जो देखने में भी बहुत ही क्लरफुल लगेंगे। दूसरा इन पुरानी चीजों का किसी अच्छी जगह पर इस्तेमाल होता है। - अगर आप चाहते हैं कि कमरों में पर्दे भी लगें हो और रोशनी भी पूरी रहे तो पतले कपड़े में कर्टेन लगाएं और लाइट क्लर को प्रैफर करें। - पहले लोग मेजपोश और सोफों को कवर करने के लिए क्रोशिए से बने छाड़ से सजाते थे लेकिन अब तो क्रोशियों के पर्दे भी खूब पसंद किए जा रहे हैं। ये आपके घर को आर्टिस्टिक लुक देते हैं।

मिनटों में चमकेगा बाथरूम, अपनाएं ये असदार घरेलू टिप्स

पूरे घर में बाथरूम ही एक ऐसा हिस्सा हैं, जहां साफ-सफाई की सबसे ज्यादा जरूरत होती है क्योंकि पानी के ज्यादा इस्तेमाल की वजह से वहां चिकनाई और कालिख जमा हो जाती हैं जिससे फर्श और, दीवारे दोनों ही गंदी लगती है। बाथरूम, बाथटब, वॉश बेसिन, वॉटर टेप, फर्श पर पड़े पीले धब्बे, जंग और पानी से पड़ने वाले सफेद दाग-धब्बों को मिटाना। इन भद्दे दिखने वाले धब्बों को न हटाया जाएं तो पूरा घर गंदा और मेला-मेला सा लगता है हालांकि इन्हें हटाने के लिए बाजार में बहुत सारे प्रॉडक्ट्स उपलब्ध हैं लेकिन इन महंगे प्रॉडक्ट्स के इस्तेमाल से भी यह जिद्दी धाग साफ नहीं होते। घर पर अचानक कोई मेहमान आ जाएं तो गंदे बाथरूम पर पड़े निशानों को देखकर खुद को बड़ी शर्मिंदगी महसूस होने लगती है। *बाथरूम में रखें सामान को यूं चमकाएं

-टूथब्रश को साफ और कीटाणुरहित करने के लिए इसे एक घंटे तक सिरके में भिगो कर रखें। बाद में इसे अच्छी तरह पानी से धो लें। बर्तन और बाथरूम टेप व फर्श साफ करने के लिए आप स्पंज का इस्तेमाल करते हैं। स्पंज को भी इसी तरह से भिगोकर रखें और साफ कर लें।

-बाथटब से पानी के सफेद दाग और जंग के निशान दूर करने के लिए हाइड्रोजन पेरोक्साइड का इस्तेमाल करें। दाग-धब्बों वाली जगह पर हाइड्रोजन स्प्रे छिड़कें और 30 से 45 मिनटों के लिए ऐसा ही छोड़ दें। उसके बाद गर्म पानी से धो लें।

-बाथटब के सिंक या किचन सिंक को चमकाने के लिए उस पर सोडा

(वॉटर सोडा) डालें। कुछ मिनटों के बाद उस पर सिरका डालें और ब्रश के साथ अच्छे से रगड़कर और गर्म पानी डालें। सिंक चमक उठेगा। फर्श पर कहीं जंग लगा हो तो यही तरीका अपनाएं। -साइट्रिक एसिड भी पीले दागों को हटाने में कारगर साबित होता है। खुरदुरे शक्कर के दानों जैसा दिखने वाला ये एसिड आपको बाजार में आसानी से मिल जाएगा और यह ज्यादा महंगा भी नहीं है। एक कप पानी में एक पैकेट साइट्रिक एसिड घोलें और इस घोल को स्पंज की मदद से पीले धब्बों पर 20 मिनट लगा रहने दें और बाद में गर्म पानी से उस जगह को धो लें।

*बाथरूम टाइल्स को यूं चमकाएं

-आधा लीटर गर्म पानी में 15 ग्राम साइट्रिक एसिड घोल तैयार करके टाइल्स को साफ करें। फिर साफ पानी से इसे साफ करें। -टाइल्स पर सिरके का स्प्रे करें। 10 मिनट ऐसे ही रहने दें और बाद में साफ पानी से इसे धो लें। इसे चमकाने के लिए सॉफ्ट कपड़े से टाइलों को पोंछे। *कोने से कैसे साफ करें टाइल्स

-टाइल्स के बीच फंसी मिट्टी, काले-धब्बों को साफ करने के लिए सफेद पैराफिन मोमबत्ती का इस्तेमाल करें। मोमबत्ती की कुंद को टाइल्स की लाइनों पर रगड़ें। -बेकिंग सोडे को टूथब्रश की मदद से टाइलों के कौनों पर रगड़ें। बाद में टाइल्स को गर्म पानी से धो लें। फर्श और दीवारें एक बार फिर चमकने लगेंगे। -गर्म पानी में हाइड्रोजन पेरोक्साइड मिलाएं। टाइलों के कोने पर घोल डालें और स्पंज या ब्रश के साथ रगड़ें। बाद में साफ पानी से धो लें। *टॉयलेट बाउल से दाग धब्बे हटाने के लिए

टॉयलेट बाउल क्लीन करने के लिए सरसो पाउडर और साइट्रिक एसिड (बराबर) मिक्स करके डालें। इसके अलावा टायलेट बाउल को साफ करने और बदबू को दूर करने के लिए इस तरीके को अपनाएं।

-1 कप बेकिंग सोडा

-1/4 कप साइट्रिक एसिड

-1/2 टीस्पून सिरका

-1 टीस्पून 6त्न हाइड्रोजन पेरोक्साइड

-15ङ्क20 बूंदें आपका मनपसंद तेल एक कटोरे में बेकिंग सोडा और साइट्रिक एसिड को मिलाएं। दूसरे कटोरे में सिरका और हाइड्रोजन पेरोक्साइड मिक्स करें। फिर सूखे मिश्रण में तरल घोल बूंद-बूंद करके डालें। साथ ही तेल मिक्स करके उस मिश्रण को छोटी- छोटी गेंदों का रूप दें। टायलेट बाउल साफ करने से पहले इस गेंद को बाउल में 6 घंटें तक पड़ा रहने दें। बाद में ब्रश से साफ कर लें। आप इस सामग्री को काचं के जार में सुरक्षित करके रख सकते हैं।

बेकार पड़ी चीजों से यूं बनाएं क्रिएटिव सामान

हम लोग अक्सर नया सामान खरीदने पर पुराने सामान को वेस्ट समझ कर कबाड़ में फैंक देते हैं। कपड़े, प्लास्टिक और फर्नीचर को हम यूं ही बेकार समझ लेते हैं जबकि इनका पुनः प्रयोग किया जा सकता है। आज पूरे विश्व में प्रदूषण और जल संकट की समस्या सिर पर मंडरा रही है। शायद आप यह बात जानते नहीं कि एक जींस को बनाने के लिए लगभग 2500 लीटर पानी की आवश्यकता पड़ती हैं। वहीं, प्लास्टिक को डीकंपोज होने में 450 साल का समय लग जाता हैं। प्लास्टिक का अंधाधुंध इस्तेमाल पूरी दुनिया में मुसीबत बना हुआ है। विश्व भर में हर सेकंड लगभग 8 टन प्लास्टिक का निर्माण हो रहा है। वहीं हर साल लगभग 60 लाख टन प्लास्टिक का कूड़ा-कर्कट समुद्र में पहुंचता है। अगर इसी तरह चलता रहा तो भविष्य संकट में पड़ना तय है। बहुत लंबे समय से चीजों का दोबारा इस्तेमाल करने को लेकर बहस चल रही है लेकिन अगर सही तरीके से इन चीजों का पुनः इस्तेमाल किया जाए तो यह तकनीक सफल हो सकती है। रिसाइक्लिंग की मदद से बहुत सारी चीजें तैयार की जा सकती है। रिसाइक्लिंग के मामले में जर्मनी काफी संजीदा देश है। यहां कूड़ा कर्कट फैंकने के लिए खास रंग के बक्से रखें गए हैं जैसे-प्लास्टिक के लिए पीला, काग्ज के लिए नीला इसी तरह अन्य सामनों के लिए अलग रंग के बक्से वहां उपलब्ध हैं। यूं दिखाएं क्रिएटिविटी

-आजकल हर कोई जींस पहनता है। नई जींस आने पर पुरानी जींस को फैंके न बल्कि रियूज करें। जैसे आप जींस की कटिंग कर बैग्स, बच्चों की ड्रैस, बैडशीट, मैट्स, फुटवियर, कुशन कवर, एप्रेन, शॉर्ट स्कर्ट आदि बना सकते हैं। बाजार में यहीं सामान आपको काफी महंगी कीमत पर मिलेगा। जींस को दोबारा से यूटलाइस करने पर एक तो आप खुद से क्रिएटिवटी दिखा कर कुछ स्टाइलिश सामान तैयार कर सकते हैं, दूसरा पैसे की बचत होगी।

- जींस को चौरस शेप में काटकर आस-पास सिलाई लगाएं और पुराने बैग के हैंडल इसमें लगा लें। इसी तरह आप जींस की कटिंग कर बच्चे की मिनी स्कर्ट या एप्रैन बना सकते हैं। बैड शीट बनाने के लिए अलग-अलग कलर की पुरानी जींस को जोड़कर इन्हें सिलाई करें। जींस के अलावा आप अन्य कपड़ों को भी इसी तरह इस्तेमाल में ला सकते हैं। जींस को हाफ काट लें और किनारों पर फलोरल पट्टी लगाएं और अपने लिए स्टाइलिश शॉर्ट निक्कर तैयार कर सकते हैं। - आप प्लास्टिक की बोतलों का भी बहुत सामान बना सकते हैं। बोतल को सैंटर से काटकर लें। प्लास्टिक का तीखापन हटाने के लिए प्रेस की मदद से कोनें पर हल्का सेंक दे ताकि यह सख्त न रहें। इन्हें आप छोटे गमलों के रूप में इस्तेमाल कर सकते हैं।

- डैकोरेटिव फ्लावर वेस बनाने के लिए प्लास्टिक के बोतल के ऊपरी सिरे को काटकर अलग कर लें और बाकी हिस्से पर कोई पेंटिग बनाएं ताकि यह नया लगें। बस उसमें अपने मन-पसंद फ्लावर लगाएं। आप इसमें मेकअप का सामान और पैंसिल-पैन आदि भी रख सकते हैं। - वेस्ट पड़ी लकड़ियों और पलाई की मदद से आप बच्चों के लिए छोटी कुर्सी या मेज बना सकते हैं। प्लास्टिक की टुटी कर्सियों को भी आप दोबारा से इस्तेमाल कर सकते हैं। - वाहनों के वेस्ट पड़े टाइयर का भी दोबारा इस्तेमाल किया जा सकता है। इन पर कलर कर आप टेबल बना सकते हैं नहीं तो यह गमलों का भी बढ़िया काम देते हैं।

जानकारी

प्रेगनेंट महिलाओं के लिए बहुत फायदेमंद होती है चॉकलेट

प्रेगनेंसी के दौरान डॉक्टर महिलाओं को खाने-पीने की कई चीजों से दूर रहने की सलाह देते हैं।चॉकलेट भी ऐसी ही कुछ चीजों में शामिल होती है। इसमें मौजूद फैट, शुगर और कैफीन मां और बच्चे की सेहत को नुकसान पहुंचा सकते हैं। हालांकि, एक नए शोध की मानें तो गर्भावस्था के दौरान चॉकलेट खाने से कई तरह की स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं को कम किया जा सकता है।

ब्लड सर्कुलेशन ठीक रहता है

कोको से बनी चॉकलेट खाने का सबसे पहला फायदा यह होता है कि इससे शरीर में ब्लड सर्कुलेशन ठीक बना रहता है, जिसकी वजह से भ्रूण के पास मां का पर्याप्त खून पहुंच पाता है।

आयरन और मैगनीशियम से भरपूर

इसमें बहुत सारा मैगनीशियम और आयरन मौजूद होता है, जिसकी वजह से महिला के शरीर में खून की कमी नहीं होती है। इसमें मौजूद मैग्नीशियम से फैटी एसिड कामेटाबॉलिज्म बढ़ता है।

दिल की बीमारी से राहत

प्रेगनेंसी के समय चॉकलेट खाने से दिल मजबूत बनता है, जिसकी वजह से व्यक्ति को दिल से जुड़ी बीमारी नहीं होती।

कोलेस्ट्रॉल की मात्रा घटती है

डार्क चॉकलेट में चीनी और वसा की मात्रा बेहद कम होने की वजह से यह शरीर में कोलेस्ट्रॉल की मात्रा घटा कर रखती है।

तनाव से छुटकारा दिलाए

यह ब्लड प्रेशर को मेंटेन करने के साथ तनाव के लेवल को भी कम करती है।

हृदय और मस्तिष्क पर असर डालता है तनाव

इंसान के शरीर में तनाव झेलने की क्षमता होती है, लेकिन एक सीमित समय तक। ताजा अध्ययन में पता चला है कि तनाव जब लंबे समय तक बना रहता है तो यह कई तरह से घातक साबित होता है। इसका सबसे ज्यादा असर हृदय, मस्तिष्क और अहम अंगों पर पड़ता है। यूं तो दुनियाभर में तनाव के खतरों पर रिसर्च हो रही है, तनाव कम करने के लिए उपाय भी तलाशे जा रहे हैं, लेकिन यह भी सच है कि नई पीढ़ी पर इसका जोरदार हमला हो चुका है, इससे भारत भी अछूता नहीं है। जानिए तनाव के मुख्य कारण, इससे शरीर को होने वाले नुकसान और बचने के उपायों के बारे में-

तनाव के कारण अलग-अलग हो सकते हैं। काम का दबाव, आपसी रिश्तों की खटास या आर्थिक तंगी, कारण चाहे जो हों, लेकिन असर एक जैसे हैं। तनाव जितना ज्यादा रहेगा, हमारे शरीर को स्ट्रेस हार्मोन कोर्टिसोल से जूझना पड़ेगा। कुछ मामले में तनाव स्थायी हो जाता है और यह स्थिति बहुत बुरी होती है।

शरीर को ऐसे पहुंचाता है नुकसान

शरीर में लंबे समय से तनाव बना हुआ है तो यह दिमाग पर असर डालता है। इंसान की मानसिक शक्ति कमजोर होती जाती है। उसका मूड बनता-बिगड़ता रहता है। थोड़ा तनाव अच्छा होता है। इससे प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है, लेकिन तनाव लंबे समय से बना हुआ है तो प्रतिरोधक क्षमता घटा देता है। ऐसे इंसान पर बीमारियां हावी होने लगती हैं। लंबे समय से शरीर में तनाव है तो इसका असर एक किस्म की व्हाइट ब्लड सेल साइटोटोक्सिक टी लिम्फोसाइट्स की कार्यक्षमता पर पड़ता है, जो शरीर को कैंसर जैसी बीमारी से लड़ने की ताकत देती है।

समझिए हार्ट पर कैसे करता है अटैक

जब कोई इंसान तनाव में होता है तो शरीर का नर्वस सिस्टम सिम्पेथेटिक अल्फा-एड्रीनर्जिक रिसेप्टर्स रिलीज करता है। इसके साथ ही गुर्दे से जुड़ी ग्रंथियां रक्त में कैटेकोलामाइन या तनाव हार्मोन जारी करती हैं। इन दोनों (रिसेप्टर्स और हार्मोन) के मिलने से हृदय की धड़कनें बढ़ती हैं। इस कारण हाथ, पैर और हार्ट की तरफ रक्त का प्रवाह बढ़ता है। नतीजन शरीर में ऑक्सीजन की जरूरत बढ़ती है और यह जरूरत पूरी नहीं होती है तो सीधा असर हार्ट पर पड़ता है और अटैक की आशंका रहती है।

न भूख लगेगी, न खाया हुआ पचेगा

तनाव का शरीर पर एक और बड़ा हमला गैस्ट्रोइन्टेस्टनल सिस्टम यानी जठरांत्र प्रणाली या पाचन प्रणाली पर होता है। यह हमला दो मोर्चों पर होता है। पहला - तनाव में इंसान को भूख नहीं लगती और दूसरा - वो जो भी खाता है, वो पचता नहीं है। इसके कारण इरिटेबल बाउल सिन्ड्रॉम (IBS) जैसे डिस्ऑर्डर पैदा होते हैं। IBS से सबसे ज्यादा नुकसान बड़ी आंत को होता है। यानी तनाव हमारी आंतों पर भी नकारात्मक असर डालता है।

तनाव से डरे नहीं, ऐसे करें सामना

विभिन्न रिसर्च में कहा गया है कि थोड़ा-बहुत तनाव जिंदगी का हिस्सा है। हमें यह समझना होगा कि तनाव से कैसे निपटा जाए। परिस्थितियों का सामना सही तरीके से करेंगे तो तनाव का बुरा असर नहीं होगा। कितना भी काम हो, कितना भी तनाव हो, रिलेक्स होने का समय निकालें। कोई समस्या है तो अपने रिश्तेदारों-दोस्तों से बात करें। समस्याओं का सही हल, तनाव से निजात दिला सकता है। तनाव को दूर रखना है तो खुद को सेहतमंद रखें। अच्छा खाएं, योगा-प्राणायम, व्यायाम करें। पैदल चले, स्वीमिंग करें, दौड़- किसी भी तरह की ऐसी वर्जिश दिन में कम से कम 35 मिनट जरूर करें। ऐसा करने पर अच्छा महसूस होगा और शरीर में खुशी पैदा करने वाला एंडोर्फिन यानी हैप्पी हार्मोन दिनभर बना रहेगा।

तनाव से मुक्ति चाहते हैं तो दिन में कम से कम 7 से 8 घंटे जरूर सोएं। वैज्ञानिकों ने अब पता लगा लिया है कि अच्छी नींद का हेल्दी हार्ट और हेल्दी ब्रेन के साथ पक्का संबंध है। जब हम सोते हैं तब हमारा दिमाग सूचनाओं को खंगालता है। अगली बार यदि कोई आइडिया चाहिए तो संबंधित टॉपिक पर रिसर्च करने के बाद सो जाएं, उठेंगे तो शानदार आइडिया मिलेगा। हां, यह जरूर देखे लें कि आइडिया मिलने के बाद प्रजेंटेशन बनाने के लिए कितना समय मिलेगा, क्योंकि जो लोग जरूरी काम को अंतिम समय तक टालते हैं, वे ज्यादा तनाव में रहते हैं। अपने हर काम को अच्छी तरह प्लान करें। किसी भी योजना पर काम शुरू करने से पहले अच्छी और बुरी बातों का अध्ययन जरूर कर लें। इससे आप गैरजरूरी तनाव से बचे रहेंगे।

सुझाव

चंद दिनों में मस्सों को जड़ से गायब कर देगा केला

बेदाग खूबसूरत त्वचा का सपना हर कोई देखता है, लेकिन चेहरे की ये खूबसूरती उस समय फीकी पड़ जाती है, जब चेहरे पर किसी जगह मस्सा उग आए। चेहरे पर ही नहीं मस्से शरीर के किसी भी हिस्से में हो सकते हैं।

हालांकि वैसे तो मस्से व्यक्ति को किसी भी तरह का नुकसान नहीं पहुंचाते हैं, लेकिन यह आपके लुक को प्रभावित कर सकते हैं और आपकी सुंदरता को बिगाड़ सकते हैं। ऐसे में आइए जानते हैं आखिर कैसे इन बिन बुलाए मेहमानों से बड़ी आसानी से छुटकारा पाया जा सकता है।

केले का छिलका

केला ही नहीं इसके छिलकों के भी बेशुमार फायदेमंद हैं। सेहत बनाने के साथ इसका छिलका आपकी खूबसूरती में भी चार चांद लगा सकता है। केले के छिलके में मस्से को सुखाने की क्षमता अदभुत होती है। इसके लिए आप रात को शरीर में मस्से वाली जगह पर केले के छिलके को रखकर उस पर एक कपड़ा बांध लें। ऐसा तब तक करें जब तक कि शरीर की उस जगह से मस्सा साफ न हो जाए।

बेकिंग सोडा

शरीर से मस्सा हटाने के लिए एक चम्मच बेकिंग सोडा में कुछ बूंदें कैस्टर ऑइल डालकर इस पेस्ट को मस्से पर लगाकर हल्के हाथों से उस जगह की मसाज करें। ऐसे नियमित एक घंटे तक करें। चेहरे को एक घंटे बाद स्वच्छ पानी से धो लें। इस तरह से एक महीने में आपको मस्सों की परेशानी से निजात मिल जाएगी।

लहसुन का पेस्ट

लहसुन में पाए जाने वाले एंटीफंगल और एंटीबैक्टीरियल गुण त्वचा से मस्से हटाने में मदद करता है। मस्से हटाने लहसुन की दो कलियां लेकर उनका पेस्ट बना लें। इस पेस्ट को मस्से पर एक घंटे तक लगाकर रखें। थोड़ी देर बाद त्वचा को पानी से धो लें। दिन में दो बार इस उपाय को करें।

डॉक्टर से सलाह अवश्य लें

मस्से हटाने के लिए किए गए इन उपायों को करते समय अगर आपको किसी तरह की कोई जलन या परेशानी महसूस हो तो तुरंत उस जगह को साफ कर लें और फिर अपने डॉक्टर से सलाह लें।



टाईम पास

आज का राशिफल

मेष (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): खान-पान में सावधानी रखें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सबेरे ही निपटा लें। आगे से रुपए पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बनें। शुभांक-3-6-9

वृष (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच मांगलिक कार्य सम्पन्न होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ रहेगा। शुभांक-3-5-7

मिथुन (का की कू घ ङ छ के को हा): कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचे तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। दिमाग में निर्मूल तर्क-कुतर्क पैदा होंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। संतान की उन्नति के योग हैं। शुभांक-4-6-7

कर्क (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे है। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। शुभांक-2-5-6

सिंह (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधानी रखें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। दैनिक सुख-सुविधा में वृद्धि होगी। शुभांक-2-5-7

कन्या (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): सुख-आनंद कारक समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य के लिए भाग-दौड़ रहेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होगी। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। शुभांक-3-6-7

तुला (रा री रु रे रो ता ती तू ते): शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों से समागम होगा। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। शुभांक-5-7-9

वृश्चिक (तो ना नी नू ने नो य यी यू): समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। शुभांक-3-6-7

धनु (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। सुविधाओं में शनैः-शनैः बाधा आएगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। शुभांक-3-5-6

मकर (भो जा जी खी खू खे खो गा गी): सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगा। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। परिवार में अशांति रहेगी। शुभांक-1-4-5

कुंभ (गू गे गो सा सी सू से सो दा): समय पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास सफल होंगे। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। शुभांक-2-5-7

मीन (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है। स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। व्यापार में वृद्धि होगी। शुभांक-2-4-6

काकुरो पहेली - 2596



खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणतः



काकुरो - 2595 का हल



लॉफिंग ज़ोन

भिखारी - भगवान के लिए भिखारी को कुछ दे दो बाबा.

राहगीर - भीख तो दे दूं, पर कैसे मानूं कि तुम अंधे हो?

भिखारी - साहब, क्या सामने वाले लाल मकान के पीछे नीले मकान की छत पर बैठा सफेद कबूतर आपको दिख रहा है.

राहगीर - हां, मुझे तो दिख रहा है.

भिखारी - लेकिन वह कबूतर मुझे दिखाई नहीं दे रहा है.

☺ ☺ ☺

दो पड़ोसियों में किसी बात को लेकर विवाद शुरू हो गया. मामले ने तूल पकड़ा और दोनों ओर से पथराव और मारपीट के पश्चात बंदूकें तन गयी. मोहल्ले वालों की तमाम कोशिशों के बावजूद कोई नहीं रुका.

तभी एक आदमी दोनों पक्षों के बीच में कूद पड़ा और बोला- अगर तुम लोगों को गोली ही चलानी है, तो मुझ पर चलाओ, मुझे मार डालो.

फौरन दोनों पक्षों की बंदूकें नीची हो गयी. बाद में पता चला-बीच में कूदने वाला व्यक्ति दोनों पक्षों का कर्जदार है.

☺ ☺ ☺

रमेश (मुकेश से) - 'इस महंगाई के जमाने में गरीब आदमी क्या सोचता है?'

मुकेश (रमेश से) - शादीशुदा नहीं है तो शादी के बारे में. शादीशुदा है तो मौत के बारे में.'

फिल्म वर्ग पहेली- 2596



बायें से दायें:-

१. मनोज वाजपेयी, अरशद, तब्बू, की 'बाब मेरी ये' गीत वाली फिल्म-२
२. 'जीवन से भरी' गीत वाली राजेश खन्ना, शर्मिला टैगोर की फिल्म-३
४. सुनील शेट्टी, शिल्पा शेट्टी की 'हैलो हैलो बोलके' गीत वाली फिल्म-३
६. 'ऐसा मिलन कल हो ना' गीत वाली सैफअली, काजोल की फिल्म-३
८. कुमार गौरव, विजयेता की 'याद आ रही है' गीत वाली फिल्म-२,२
१०. 'आँखें' ती नायिका कौन थी-२
१२. 'दिल में छुपाके प्यार' गीत वाली दिलीपकुमार, निम्मी की फिल्म-२
१३. दिलीपकुमार, मीना की 'राधा ना बोले ना' गीत वाली फिल्म-३
१४. 'किसी से तुम' गीत वाली लारा दत्ता, प्रियंका, अक्षय की फिल्म-३
१६. राजकपूर, राजेंद्र, वैजयंती की 'मैं क्या करूंराम' गीत वाली फिल्म-३
१७. 'छूकर मेरे मन को' गीत वाली अमिताभ, अमजद, नीतू की फिल्म-३
२०. फिल्म 'कहानी किस्मत की' में धमेंद्र के साथ नायिका कौन थी-२
२२. नसीर, आमिर, सौनाली, उपासना की 'जो हाल दिल' गीत वाली फिल्म-५
२४. 'दिल में जागी धड़कन' गीत वाली लक्की अली, गौरी की फिल्म-२
२५. अशोककुमार के गाये बालगीत 'रेलगाड़ी रेलगाड़ी' वाली फिल्म-४
२७. 'घर आजा परदेसी' गीत वाली सनी देओल, अमीषा की फिल्म-३
२८. संजयदत्त, मनीषा की 'कसम से कसम से' गीत वाली फिल्म-३
२९. अजय, अभिषेक, रानी, एशा की 'कभी नीम नीम' गीत वाली फिल्म-२

ऊपर से नीचे:-

१. सनी देओल, मीनाक्षी की फिल्म-३
२. संजयदत्त, जूही चावला की 'आलारे पाउस अला' गीत वाली फिल्म-३
३. आशुतोष गोवारीकर की बहुचर्चित फिल्म 'लगान' के संगीतकार कौन है-४
४. जीतेंद्र, रीना रामेश्वरी की फिल्म-२
५. संजय खान, मुमताज की 'ऐ हसीनों नाजनीनों' गीत वाली फिल्म-२
७. 'दिल मेरा अकेला' गीत वाली आमिर, फैजल, ट्विंकल की फिल्म-२
९. फिल्म 'मन की आँखें' की नायिका थी-३
११. शाहरूख, माधुरी की 'बड़ी मुश्किल है' गीत वाली फिल्म-३
१२. 'गोरिया रे गोरिया रे' गीत वाली जैकी, जूही, अमृता की फिल्म-३
१३. राजकपूर, नर्गिस की 'काहे कोयल शोर मचाये' गीत वाली फिल्म-२
१४. 'तन्हा तन्हा दिल धड़के' गीत वाली अक्षय कुमार, सोनाली की फिल्म-३
१५. 'अभिमान' में अमिताभ की नायिका-२
१६. राज बब्बर, रेखा की 'राधारानी ना जइयो' गीत वाली फिल्म-३
१८. राजेश खन्ना, बबीता की फिल्म-२
१९. 'बेचारा दिल क्या करे' गीतवाली फिल्म-३
२१. धर्मेन्द्र, राजेश खन्ना, वहीदा की फिल्म-३
२२. 'कोयल बोली दुनिया डोली' गीत वाली फिल्म-४
२३. अमिताभ, संजीव, शर्मिला की फिल्म-३
२५. 'मैं तो हुँ पागल मुंडा' गीत वाली फिल्म-२
२६. संजयदत्त, सलमान, रवीना की फिल्म-२

फिल्म वर्ग पहेली- 2595

सूडोकु -2596

4					1	9		
						8	5	
			7	3				
			3				4	7
9								2
8	5				6			
				5	8			
	7	4						
		6	2					5

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु -2595 का हल

2	4	5	6	9	8	1	7	3
1	7	6	4	3	5	8	2	9
3	8	9	1	2	7	6	5	4
9	1	7	3	6	2	4	8	5
5	6	3	8	7	4	9	1	2
4	2	8	5	1	9	3	6	7
7	3	1	9	5	6	2	4	8
8	9	2	7	4	1	5	3	6
6	5	4	2	8	3	7	9	1

शब्द पहेली - 2596

बाएँ से दाएँ

1.उम्मीद,आशा-2
3.जी,चित्त-2
5.भस्म,खाक-2
7.जाल,फंदा-2
9.चिंतन,सोचना-3
11.ठाठ-बाट-2
13.क्रिकेट में बनते हैं-2
15.एक राशि-3
17.काया,बदन-2
19.एक विदेशी शराब-2
22.बोलने का तरीका-3
24.शालीन,सभ्य-2
26.बल,ताकत-2
28.भैंस जैसा एक पशु-2
30.पुत्री की पुत्री-3
32.कोर्ट में प्रस्तुत दावा-2
34.मोटा आटा-2
36.जुड़वा-3
38.आनंदित-2
41.नौकर,गुलाम-2
43.बूंद-3
45.लक्ष्मी,विष्णुप्रिया -2
47.जंगल,कानन-2
49.मेहंदी-2
51.दृष्टि,निगाह-3
53.बुरी आदत -2
55.बुढ़ापा -2
57.नमस्कार,प्रणाम -3
60.खुमार,सरूर -2
62.भीगा हुआ -2
64.पक्षाघात-3
66.चुनौती-2
67.ऋण,उधार -2
68.भूमि,जमीन-2
69.चस्का,बुरी आदत-2

ऊपर से नीचे

1.फलों का राजा-2
2.साजन,बलमा-3
4.खुमार-2
6.खच्चर,गधा-2
8.वहम,संदेह-2
10.अनुकृति-3
12.झुका हुआ-2
14.आदमी-2
16.वास करना-3
18.आकाश-2
20.घमंड-2
21.बदन-2
23.जातिवाद-3
25.पिघले पत्थर-2
27.रोग,-2
29.हाथ,टैक्स-2
31.लवण-3
33.ताकत-2
35.वचन-2
37.प्रयत्न-3
39.स्थिति -2
40.नवीन-2
42.सच्चा-2
44.राजा-3
46.हार-2
48.टौंटी-2
50.गुमान-2
52.पासों का खेल-3
54.काया-2
56.रात्रि-2
58.हुबहू-3
59. समय-2
61.सब्जी-2
63.गाड़ी-2
65.गैस-2

शब्द पहेली -2595 का हल

कांग्रेस के गलत निर्णय से जम्मू-कश्मीर में 370 का कलंक लगा था, प्रधानमंत्री ने मिटाया: डॉ मोहन यादव

एजेंसी

जम्मू। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने जम्मू-कश्मीर के सांबा विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी सुरजीत सिंह सलाथिया के समर्थन में मॉडर्न एजुकेशन इंस्टीट्यूट, घगवाल और गुर्हा सलाठिया रामलीला मैदान में जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि देश के आजाद होने के बाद कांग्रेस पार्टी के गलत निर्णय के कारण वर्षों तक जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 का कलंक लगा रहा। इस कलंक को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार ने मिटाया। नेशनल कांफ्रेस और कांग्रेस को सबक सिखाने के लिए भाजपा की सरकार बनाएं। अनुच्छेद-370 हटाने के समय कई राजनीतिक दल के नेता और देश विरोधी ताकतें कहती थीं कि जम्मू-कश्मीर से 370 हटने के बाद देश में खून की नदियां बह जाएंगी, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी के राज में एक भी पत्थर किसी ने नहीं फेंका। भाजपा के दस वर्ष के शासनकाल में देश में एक भी दंगा नहीं हुआ।मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि जम्मू-कश्मीर का चुनाव इस बार कई कारणों से बहुत हटकर भी है। यह वह जम्मू-कश्मीर है, जिसको लेकर भाजपा वर्षों से नारा लगाती आई है कि जहां हुए बलिदान मुखर्जी, वह कश्मीर हमारा है। मैं उस कश्मीर की जनता को स्वच्छ और स्थायी शासन देने के लिए भाजपा उम्मीदवार को वोट देने की अपील करने आया हूं। आजादी के समय कांग्रेस ने बहुत बड़ी गलती की थी कि जम्मू-कश्मीर और पंजाब के टुकड़े करके। जम्मू-कश्मीर हमारे देश का मुकुटमणि है।

चित्रकूट मंडल के आध्यात्मिक व पर्यटक स्थलों के विकास पर योगी सरकार का फोकस

लखनऊ/ चित्रकूट। उत्तर प्रदेश को 'उत्तम प्रदेश' बनाने के लिए प्रयासरत योगी सरकार का प्रदेश में पर्यटन विकास पर सर्वाधिक जोर है। उल्लेखनीय है कि सीएम योगी के विजन अनुसार, प्रदेश तेजी से एक ट्रिलियन डॉलर की इकॉनमी बनने की ओर अग्रसर है। ऐसे में, पर्यटन के लिहाज से उत्तर प्रदेश देश के मोस्ट फेवर्ड डेस्टिनेशन के तौर पर स्थापित हो रहा है। प्रदेश देश तथा विदेश के सैलानियों के बीच आकर्षण का केंद्र बना हुआ है और इस प्रक्रिया में और बढ़ोत्तरी हो इसलिए योगी सरकार द्वारा विभिन्न मंडलों में पर्यटन विकास को बढ़ावा देने के लिए कई प्रकार की योजनाएं चलाई जा रही हैं। इसी क्रम में, चित्रकूट मंडल के जिलों में भी पर्यटन विकास को बढ़ावा देने के लिए प्रमुख विकास व निर्माण कार्यों को गति देने की रूपरेखा तय कर ली गई है। परियोजना के अंतर्गत चित्रकूट के प्रसिद्ध रामघाट के सौंदर्यीकरण, विकास व चौड़ीकरण की प्रक्रिया को 18.30 करोड़ की लागत से पूरा किए जाने की तैयारी शुरू हो गई है। वहीं, चित्रकूट के लालापुर व बांदा में कलिंजर फोर्ट के समीप टूरिस्ट फैसिलिटेशन सेंटर, महोबा में सालट फोर्ट के समीप पार्किंग व टूरिस्ट फैसिलिटीज को बढ़ाने पर भी काम किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, चित्रकूट के चर स्थित सोमनाथ मंदिर व हमीरपुर के पातालेश्वर मंदिर में पर्यटन विकास को बढ़ावा देने तथा चित्रकूट में वाल्मीकि आश्रम के समीप म्यूजियम के निर्माण कार्य को भी जल्द पूरा किए जाने पर फोकस किया जा रहा है। इन सभी निर्माण व विकास कार्यों को पूरा करने की जिम्मेदारी उत्तर प्रदेश प्रोजेक्ट कॉर्पोरेशन लिमिटेड को सौंपी गई है।

रेलवे बोर्ड के चेयरमैन ने किया इटारसी जंक्शन का निरीक्षण, बोले- ट्रेनों में बढ़ेंगे जनरल कोच

भोपाल। भारतीय रेलवे बोर्ड के चेयरमैन सतीश कुमार ने इटारसी जंक्शन का निरीक्षण किया। वे शनिवार देर रात तमिलनाडु एक्सप्रेस से सीआरबी स्पेशल परख ट्रेन से यहां पहुंचे थे। वह रविवार सुबह जबलपुर जोन के आला अफसरों के साथ स्टेशन के दौरे पर निकले। यहां पर उन्होंने रेलवे ट्रैक, गार्ड लॉबी रूम सहित रेलवे के मुसाफिर खाने का निरीक्षण किया। निरीक्षण के बाद सतीश कुमार ने पत्रकारों के एक सवाल पर कहा कि अभी हर ट्रेन में दो कोच लग रहे हैं, लेकिन हम दिसंबर तक हर ट्रेन में दो-दो कोच बढ़ा रहे हैं। इसके लिए 2500 नए कोच तैयार किए जा रहे हैं। चार जनरल कोच के अलावा बाकी शयनयान श्रेणी के डिब्बे भी रहेंगे। बाकी 50 प्रतिशत एसी कोच रहेंगे, चूंकि अब यात्री एसी कोच का सफर भी पसंद कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सेंट्रल रेलवे में ही उनकी पहली पोस्टिंग हुई थी, इसलिए यह एरिया उनके लिए नया नहीं है। कुछ तकनीकी बिंदुओं पर निरीक्षण किया है, जो कमियां हैं, उसमें सुधार होगा, वैसे यहां बेहतर काम हो रहा है। रेलवे ऐसा क्षेत्र है, जहां हमेशा सुधार और काम करने की गुंजाइश बनी रहती है, इसके लिए जरूरी हैं, मैदानी क्षेत्र का निरीक्षण किया जाए। हमने रेलकर्मियों से बात की है, उनकी समस्याएं भी सुनी हैं। हमारा परिचालन स्टाफ बेहद संजीदगी और सतर्कता से काम कर रहा है।

रेलवे ट्रैक पर मिले डेटोनेटर, आर्मी जवानों की स्पेशल ट्रेन आने से पहले फटे

बुरहानपुर। खंडवा-भुसावल रेल खंड पर बुरहानपुर जिले के नेपानगर के पास सागफाटा और डोंगरगांव स्टेशन के बीच रेलवे ट्रैक पर कुछ डेटोनेटर (ट्रेन को इमरजेंसी में रोकने के लिए उपयोग होने वाला पटाखा) मिलने से हड़कम्प मच गया। यहां से सेना के जवानों को ले जा रही ट्रेन गुजरने वाली थी। ट्रेन के पहुंचने से पहले ही कुछ डेटोनेटर फट गए। इससे रेलवे अधिकारी अलर्ट हो गए और सागफाटा स्टेशन पर ट्रेन को रोकना पड़ा। यह घटना 18 सितंबर की है, लेकिन रविवार को इसकी जानकारी सामने आई है। इस मामले में आरपीएफ, एटीएस के अलावा कई सुरक्षा और खुफियां एजेंसियां जांच में जुट गई हैं।

पीओके के लोग भारत में विलय के इच्छुक, हम स्वागत को तैयार: राजनाथ

एजेंसी

जम्मू। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि पाकिस्तान के कब्जे वाले (पीओके) कश्मीर के निवासी हमारे भाई हैं और हम उस हिस्से का भारत में विलय करना चाहते हैं। श्री सिंह ने चुनाव प्रचार के तहत एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि पीओके के लोग भारत में मिलना चाहते हैं क्योंकि वे जम्मू-कश्मीर में हो रहे बदलाव और भारत में हो रहे विकास से प्रभावित हैं। उन्होंने कहा, हम पीओके के लोगों को खुले दिल से गले लगाने और उन्हें सम्मानजनक जीवन जीने का अधिकार देने के लिए तैयार हैं।

उन्होंने पाकिस्तान पर हमला करते हुए कहा कि वह सांपों को पाल रहा है और उनका व्यापार करने के परिणाम हमेशा बुरे होते हैं। रक्षा मंत्री ने राजौरी में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, ÷पाकिस्तान ऐसी स्थिति में पहुंच गया है क्योंकि सांपों को पालने और उनका व्यापार करने के हमेशा बुरे परिणाम होते हैं। श्री सिंह ने कहा कि

आतंकवाद के निर्यात का पाकिस्तान का कारोबार अब धीमा पड़ गया है और जम्मू-कश्मीर की धरती से इसे पूरी तरह खत्म कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि सीमा पार से पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ, नेशनल कॉन्फ्रेंस-कांग्रेस गठबंधन के साथ मिलकर जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 को हटाने की मांग कर रहे हैं। रक्षा मंत्री ने कहा, भारत में रहने वाले नेताओं को इन चुनावों में केवल अपने देश की राजनीति करनी चाहिए, पाकिस्तान की ओर से नहीं बोलना चाहिए।

उन्होंने कहा कि पाकिस्तान से आने वाले लोग बार-बार टूटे हुए इंडिया समूह के मुद्दे क्यों उठा रहे हैं... इसकी क्या जरूरत है। ये वही लोग हैं जिन्होंने पुलवामा की घटना, सर्जिकल स्ट्राइक और एयर स्ट्राइक पर सवाल उठाए और सबूत मांगे। यही सवाल पाकिस्तान से आ रहे हैं, ऐसा क्यों होता है, उन्होंने केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख के गलवान का मुद्दा भी उठाया। श्री सिंह ने कहा, यह स्पष्ट है कि नेशनल कॉन्फ्रेंस-पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी और कांग्रेस जम्मू-कश्मीर में पाकिस्तानी एजेंडा चलाने की कोशिश कर रहे हैं। मैं सीमा पार सभी को बताना चाहता हूं कि भारत अब जम्मू-कश्मीर की धरती पर पाकिस्तानी एजेंडा चलने नहीं देगा। लोगों ने बहुत बलिदान दिये हैं और आतंकवाद ने अनगिनत परिवारों को बर्बाद कर दिया है। दुनिया की कोई भी ताकत जम्मू-कश्मीर को आगे बढ़ने से नहीं रोक सकती।

दंतेवाड़ा में तीन महिला समेत 4 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

एजेंसी

दंतेवाड़ा। छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले में तीन महिला नक्सलियों और एक पुरुष नक्सली ने आत्मसमर्पण कर दिया। इन नक्सलियों पर कुल 20 लाख रुपये का इनाम घोषित किया गया था। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि इसके साथ ही जून 2020 में शुरू किए गए लोन वर्राटू (स्थानीय गोंडी बोली में बोले जाने वाला शब्द जिसका अर्थ है अपने घर/गांव वापस लौटो) अभियान के तहत अब तक दंतेवाड़ा में 872 नक्सलियों ने हिंसा का रास्ता छोड़ दिया है। पुलिस अधीक्षक गौरव राय ने बताया कि एक दंपति समेत चार नक्सलियों ने दंतेवाड़ा में वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। उन्होंने बताया कि इनमें से हुंगा तामो उर्फ तामो सूर्या (37) और उसकी पत्नी आयती ताती (35) माओवादियों की क्षेत्रीय कंपनी नंबर 2 में सक्रिय थे और दोनों पर आठ-आठ लाख रुपये का इनाम घोषित किया गया था। राय ने बताया कि वे 2018 में छत्तीसगढ़-तेलंगाना अंतरराज्यीय सीमा पर पामडे (बीजापुर) के जंगलों में सुरक्षाकर्मियों

पर हुए हमले में कथित रूप से संलिप्त थे। उन्होंने बताया कि दो महिला नक्सलियों देवे उर्फ विज्जे (25) और माडवी पर क्रमशः तीन लाख रुपये और एक लाख रुपये का इनाम घोषित किया गया था। राय ने बताया कि पड़ोसी सुकमा जिले के रहने वाले इन चारों लोगों को 25-25 हजार रुपये की सहायता दी गई है और सरकार की नीति के अनुसार उनका पुनर्वास किया जाएगा।

तीन परिवारों ने जम्मू-कश्मीर को 'बर्बाद' किया: नड्डा

एजेंसी

जम्मू। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां), कांग्रेस और पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) पर आरोप लगाते हुए कहा कि इन तीन परिवारों - अब्दुल्ला, मुफ्ती और नेहरू-गांधी ने जम्मू-कश्मीर को बर्बाद कर दिया है।

श्री नड्डा जम्मू उत्तर निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव लड़ रहे पार्टी उम्मीदवार एवं पूर्व मंत्री एस लाल शर्मा के समर्थन में बर्नाई में आज आयोजित एक चुनावी रैली को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि ये पार्टियां 1990 के दशक की स्थिति को फिर से लाना चाहती हैं। दोनों सीमा पार से व्यापार खोलने का समर्थन कर रही हैं, जिससे आतंकवाद को बढ़ावा मिल रहा है। श्री नड्डा ने कहा, अब्दुल्ला, मुफ्ती और नेहरू-गांधी परिवारों ने जम्मू-कश्मीर को भ्रष्टाचार से बर्बाद कर दिया है। उन्होंने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में जम्मू-कश्मीर में आतंकवादी घटनाएं कम हुई हैं और यहां शांति, प्रगति एवं विकास की एक नयी लहर देखी जा रही है। श्री नड्डा ने कहा कि

नेकां और कांग्रेस राष्ट्रीय ताकतें नहीं हैं। पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने अपने बयान से यह खुलेआम प्रमाणित कर दिया है कि दोनों पार्टियां जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 की बहाली का वादा करके अपने एजेंडे को चला रही हैं। उन्होंने कहा है कि जम्मू-कश्मीर अनुच्छेद 370 के हटाने के बाद एक नए युग की ओर बढ़ रहा है और तेजी से प्रगति कर रहा है। उन्होंने लोगों से अपील की है कि वे जम्मू-कश्मीर में भाजपा को विजयी बनाएं।

केशव मौर्य बोले- झारखंड में झामुमो नीत गठबंधन के लिए बांग्लादेशी घुसपैठिए 'वोट बैंक' हैं

एजेंसी

कोडरमा। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने आरोप लगाया कि बांग्लादेशी घुसपैठिए झारखंड में झामुमो नीत गठबंधन के ''वोट बैंक'' हैं और सत्तारूढ़ पार्टी उन्हें राज्य से बाहर नहीं निकालेगी। भाजपा की 'परिवर्तन यात्रा' के तहत कोडरमा में एक रैली को संबोधित करते हुए मौर्य ने हेमंत सोरेन सरकार पर अपने सभी चुनावी वादों को पूरा करने में विफल रहने और झारखंड को भ्रष्टाचार के लिए कुख्यात बनाने का आरोप लगाया।

मौर्य ने कहा, ''बांग्लादेशी घुसपैठिए, जो पहले केवल पश्चिम बंगाल तक ही सीमित थे, बड़ी संख्या में झारखंड में फैल गए हैं, जो एक बड़ी चुनौती है। झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के नेतृत्व वाली सरकार उन्हें राज्य से बाहर नहीं निकाल सकती क्योंकि सत्तारूढ़ गठबंधन घुसपैठियों को अपना वोट बैंक मानता है।'' उन्होंने दावा किया कि भाजपा अवैध

प्रवासियों को झारखंड की ''गरिमा पर धब्बा'' मानती है और वह एकमात्र पार्टी है जो उन्हें राज्य से बाहर निकाल सकती है। भाजपा नेता ने कहा, ''हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली सरकार सभी मोर्चों पर विफल रही है और झारखंड को भ्रष्टाचार के लिए कुख्यात बना दिया। मैं लोगों से गरीबों, किसानों के कल्याण, युवाओं के उज्ज्वल भविष्य और महिलाओं को 'लखपति दीदी' बनाने के लिए आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा को वोट देने की अपील करता हूं।''

श्रीनिवास की जगह अब उदय भानु चिब होंगे भारतीय युवा कांग्रेस के नए अध्यक्ष, पार्टी हाई कमान ने सौंपी जिम्मेदारी

एजेंसी

नई दिल्ली। कांग्रेस ने श्रीनिवास बी.वी. को हटाकर उदय भानु चिब को भारतीय युवा कांग्रेस (आईवाईसी) का नया अध्यक्ष नियुक्त किया। श्रीनिवास बी. वी. गत पांच साल से अधिक समय तक आईवाईसी के अध्यक्ष रहे। उनका

कार्यकाल आईवाईसी के लिए घटनाओं से भरा रहा क्योंकि कोविड महामारी के दौरान उनके राहत कार्य मीडिया में प्रमुख चर्चा के विषय थे।चिब अब तक आईवाईसी के महासचिव पद की जिम्मेदारी निभा रहे थे। वह जम्मू और कश्मीर प्रदेश युवा कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष रह चुके हैं। पार्टी द्वारा जारी विज्ञप्ति में बताया गया कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने तत्काल प्रभाव से उदय भानु चिब को भारतीय युवा कांग्रेस का अध्यक्ष नियुक्त किया है। विज्ञप्ति में कहा गया कि पार्टी निर्वतमान अध्यक्ष श्रीनिवास बी.वी.के योगदान की सराहना करती है। चिब ने सोशल मीडिया मंच परलोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के साथ एक तस्वीर साझा की और लिखा, ''मेरे नेता राहुल गांधी जी के साथ एक यादगार मुलाकात! सामाजिक न्याय के लिए आपका संघर्ष और दृढ़ता हम सभी के लिए प्रेरणा है।'' चिब जम्मू के पलौरा के निवासी हैं और कांग्रेस नेता हरि सिंह चिब के बेटे हैं।

बिरला ने नासिक की समृद्ध विरासत व सामुदायिक भावना की सराहना की!

एजेंसी

नासिक। लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला महाराष्ट्र के नासिक जिला माहेश्वरी सभा द्वारा निर्मित नए सामाजिक-सांस्कृतिक केंद्र के भूमि पूजन कार्यक्रम में शामिल हुए और केंद्र की आधारशिला रखी । बिरला ने समृद्ध ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत के लिए सुविख्यात नासिक में इस कार्यक्रम में शामिल होने पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने देश की परंपराओं और मूल्यों का संरक्षण करने और उन्हें बढ़ावा देने में नासिक के निवासियों द्वारा निभाई जा रही महत्वपूर्ण भूमिका की सराहना की। राष्ट्र की सांस्कृतिक और सामाजिक संरचना में माहेश्वरी समाज के महत्वपूर्ण योगदान पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने सामाजिक सद्भाव और सांस्कृतिक मूल्यों को बढ़ावा देने के लिए उसकी प्रतिबद्धता का उल्लेख

किया। बिरला ने सामाजिक और सांस्कृतिक विकास को बढ़ावा देने के लिए परिकल्पित इस केंद्र की स्थापना के लिए माहेश्वरी समाज की सराहना की और कहा कि इससे सभी को लाभ होगा। राष्ट्रीय प्रगति के लिए सशक्त और एकजुट होकर प्रयास करने वाले समुदायों के महत्व पर जोर देते हुए अध्यक्ष महोदय ने कहा कि देश तभी आगे बढ़ सकता है जब वहाँ का समाज जागरूक हो और सबके कल्याण के लिए प्रतिबद्ध हो। बिरला ने पिछले दशक में देश में हुई उल्लेखनीय प्रगति का उल्लेख करते हुए इस यात्रा में माहेश्वरी सभा सहित प्रत्येक नागरिक और संगठन द्वारा निभाई गई महत्वपूर्ण भूमिका की सराहना की। उन्होंने भारत के साथ-साथ पूरे विश्व में शांति और एकता को बढ़ावा देने के लिए प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा किए जा रहे अथक प्रयासों का उल्लेख किया । उन्होंने यह भी कहा कि लोकतान्त्रिक देश के रूप में भारत को जो उल्लेखनीय सफलता प्राप्त हुई है, वह इसकी जीवंत संसदीय प्रणाली के कारण है, जिसके अंतर्गत विधि निर्माण के सभी पहलुओं पर स्वस्थ वाद-विवाद और चर्चा को बढ़ावा दिया जाता है। श्री बिरला ने नए सामाजिक-सांस्कृतिक केंद्र के लिए माहेश्वरी सभा को अपनी शुभकामनाएं देते हुए यह विश्वास व्यक्त किया कि नया केंद्र आने वाले वर्षों में विकास और उल्लास से भरे भविष्य का आधार बनेगा।

सौर ऊर्जा प्रदेश बनने की ओर अग्रसर मध्यप्रदेश : डॉ यादव

एजेंसी

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में मध्यप्रदेश सौर ऊर्जा उत्पादन के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है। प्रदेश में जहाँ एक ओर विश्व की सबसे बड़ी रीवा सौर परियोजना स्थापित होकर शुरू हो चुकी है। इस परियोजना को हार्वर्ड यूनिवर्सिटी ने केस स्टडी के रूप में शामिल किया है। इसके साथ ओंकारेश्वर में माँ नर्मदा नदी पर दुनिया की सबसे बड़ी 600 मेगावाट क्षमता की फ्लोटिंग सोलर परियोजना भी विकसित की जा रही है। इसके अलावा प्रदेश के विभिन्न अंचलों में भी सौर ऊर्जा की कई छोटी-बड़ी परियोजनाएँ निर्माणाधीन हैं।

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने अपने बयान में कहा कि हाल ही में गुजरात के गांधी नगर में नवकरणीय ऊर्जा को लेकर हुई राष्ट्रीय समिट में अनेक

उद्योगपतियों ने मध्यप्रदेश में सौलर प्लांट लगाने की इच्छा जाहिर की है। राजधानी भोपाल में सरकारी भवनों और नागरिकों को अपने घर की छतों पर सोलर पैनल लगाने के लिये अभियान चलाया जाएगा। इन सभी प्रयासों से मध्यप्रदेश, सौर ऊर्जा प्रदेश बनने की अग्रसर हो गया है। उन्होंने बताया कि दुनिया की सबसे प्रसिद्ध हार्वर्ड यूनिवर्सिटी में मध्यप्रदेश स्थित विश्व के सबसे बड़े रीवा अल्ट्रा मेगा सोलर पॉवर पार्क और प्लांट के उत्कृष्ट प्रबंधन, संचालन और सौर ऊर्जा उत्पादन को आदर्श उदाहरण के रूप में पढ़ाया जा रहा है। रीवा अल्ट्रा मेगा सोलर पावर प्लांट न सिर्फ़ विश्व का सबसे बड़ा प्लांट है, बल्कि विश्व में सबसे सस्ती दर पर व्यावसायिक उर्जा उत्पादन करने वाला प्लांट भी है। यहां से तीन रुपये 30 पैसे प्रति यूनिट बिजली अगले 25 सालों के लिए उपलब्ध हो सकेगी।

मध्यप्रदेश में भरपूर सौर ऊर्जा है। यहां 300 से ज्यादा दिनों तक सूर्य का प्रकाश रहता है। विश्व बैंक के क्लीन टेक्नालाजी फंड के माध्यम से वित्त पोषित देश की पहली सौर परियोजना है। आज विश्व के 10 सर्वाधिक बड़ी सोलर परियोजनाओं में से आधी भारत में है। रीवा सोलर पॉवर प्लांट इनमें से एक है।

कैसे हुई शुरुआत

भारत सरकार ने वर्ष 2014 में सोलर पार्क योजना की शुरुआत की थी। इसका उद्देश्य सोलर पॉवर को बढ़ावा देना था। इस योजना में 500 मेगावाट क्षमता से ज्यादा की सोलर परियोजनाओं को सोलर पार्क में शामिल किया गया और उन्हें अल्ट्रा मेगा सोलर पार्क कहा गया। केस स्टडी में बताया गया कि भारत में 4 लाख 67 हजार वर्ग मीटर बंजर भूमि आंकी गई है। इसका उपयोग सोलर प्लांट लगाने में किया जा सकता है। मध्यप्रदेश में 1579 हेक्टेयर जमीन का आकलन किया गया, जिसमें 1255 हेक्टेयर बंजर जमीन सरकारी और 384 हेक्टेयर प्राइवेट जमीन शामिल है । इस प्रकार रीवा सोलर अल्ट्रा मेगा सोलर प्लांट बनने की शुरुआत हुई।

बंगाल की खाड़ी में ट्रॉलर डूबने से लापता नौ में से आठ मछुआरों के शव बरामद

एजेंसी

कोलकाता । बंगाल की खाड़ी में ट्रॉलर डूबने से लापता हुए नौ में से आठ मछुआरों के शव बरामद किए गए। देर रात बंगाल की खाड़ी में टार्नेडो (तूफान) की चपेट में आकर मछुआरों का एक ट्रॉलर डूब गया था। इस ट्रॉलर का नाम एफबी गोविंद था, जिसमें कुल नौ मछुआरे सवार थे। हादसे के बाद से सभी मछुआरे लापता हो गए थे। सुबह यह खबर मिलने पर काकद्वीप से कई ट्रॉलरों को डूबे हुए ट्रॉलर की तलाश में भेजा गया।

पश्चिम बंगाल के सुंदरबन मामलों के मंत्री बंकीम हाजरा ने बताया कि बंगाल की खाड़ी में आए प्राकृतिक आपदा में एक ट्रॉलर डूब गया, जिसमें नौ मछुआरे लापता हो गए थे। दो दिन



की कोशिशों के बाद ट्रॉलर को ढूंढा जा सका है। अब तक आठ मछुआरों के शव बरामद हुए हैं। एक मछुआरा अभी भी लापता है। उसकी तलाश जारी है। इस हादसे के बाद पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई है। घटनास्थल पर मृतकों के परिजन रोते-बिलखते नजर आ रहे हैं। मौके पर मंत्री हाजरा, मथुरापुर लोकसभा सदस्य बापी हालदार, सुंदरबन जिले के पुलिस अधीक्षक समेत कई अन्य पुलिस अधिकारी भी मौजूद थे।

सुबह से ट्रॉलर को ढूंढने का काम कई मुश्किलों के बाद शुरू किया गया। अंततः ट्रॉलर एफ बी बाबा गोविंद को खोजने के बाद इसे करीब आठ अन्य मछुआरों की ट्रॉलरों की मदद से नामखाना ब्लॉक के हरिपुर के पास लुथियान द्वीप तक खींचा गया। ट्रॉलर में तलाशी अभियान के दौरान अब तक आठ मछुआरों के शव बरामद किए जा चुके हैं। एक मछुआरा अभी भी लापता है, जिसकी खोज जारी है। बरामद सभी मछुआरों के शवों की पहचान की प्रक्रिया चल रही है।

प्रयास ऐसे हों कि आजादी के शताब्दी वर्ष में भारत फिर से विश्व गुरु के रूप में स्थापित हो: केन्द्रीय मंत्री सिंधिया

एजेंसी

ग्वालियर। केन्द्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि भारत अमृतकाल से शताब्दीकाल की ओर बढ़ रहा है। भारत आजादी के शताब्दी वर्ष 2047 में फिर से विश्व गुरू के रूप में स्थापित हो, यह सभी का संकल्प होना चाहिए। इस लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में आरोग्य भारती जैसी संस्थाओं की भूमिका महत्वपूर्ण होगी। उन्होंने कहा कि यदि हम सुंदर कल चाहते हैं तो हमारा आज स्वस्थ होना जरूरी है। इसी भाव के साथ आरोग्य भारती संस्था देशभर में स्वस्थ जीवन शैली जीने की कला सिखा रही है। केंद्रीय मंत्री सिंधिया राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्व विद्यालय ग्वालियर के दत्तोपंत ठेंगड़ी सभागार में आयोजित हुए दो दिवसीय आरोग्य भारती के अखिल भारतीय प्रतिनिधि मंडल सम्मेलन के समापन समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने आरोग्य भारती के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि यह संस्था नर सेवा और नारायण सेवा के मूलमंत्र के साथ काम में जुटी हुई है। इस अवसर पर आरोग्य भारती के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ.राकेश पंडित, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य डॉ.मुधुसूदन देशपांडे, मिहिर कुमार, स्वामी नारायण, प्रवीण प्रभाकर मंचासीन रहे।

केन्द्रीय मंत्री सिंधिया ने कहा कि आज समय बदल चुका है। जीवन में आपाधापी और काम का दबाव ज्यादा होने से लोग



तनाव में जी रहे हैं। शारीरिक रोग के साथ-साथ मानसिक रोग तेजी से बढ़ते जा रहे हैं। इसकी रोकथाम के लिए आरोग्य भारती नए-नए अनुसंधान व नवाचार सामने लाने का काम भी प्रमुखता से करे। उन्होंने कहा कि तनाव से पाचनतंत्र खराब होने के साथ ही आर्थराइटिस और मनोविकार बढ़ते जा रहे हैं। इस समस्या के निजात के लिए आरोग्य भारती सेवाभावी युवाओं को अपने साथ जोडने़ के प्रयास प्रमुखता से करें।

सिंधिया ने कहा कि भारत केवल देश ही नहीं दर्शन शास्त्र है। जीवन कैसे जिया जाए, विचार कैसे होने चाहिए यह हजारों साल पहले हमारे शास्त्रों में बताया गया है। उपनिषद का श्लोक सर्वे भवन्तु सुखिनः, सर्वे सन्तु निरामया। सर्वे भद्राणि पश्यन्तु, मां कश्चिद दुःख भाग्भवेत। अर्थात सभी सुखी रहें, सभी रोग मुक्त रहें। सभी देखें कि क्या शुभ है यानी मंगलमय के साक्षी बनें, किसी को भी दुःख का भागी न बनना पड़े। इसका एक उदाहरण है। भारत आज भी इसी सोच और विचार पर कायम है। हमारी सोच समाज और राष्ट्र तक सीमित नहीं है बल्कि वसुधैव कुटुम्बकम की है। इसी वजह से कोरोनाकाल में हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में न केवल दो वैक्सीन बनाई गई बल्कि देशवाशियों को सफलतापूर्वक लगाकर यह वैक्सीन विदेश में भी भेजी गई। यही नहीं आज हमारे योग को भी विदेश में अपनाया गया है। पूरा विश्व योगमय हो गया है। उन्होंने कहा कि हमारे शास्त्रों में स्वास्थ्य और सेवा पर विशेष जोर दिया गया है। भारत आज न केवल आर्थिक शक्ति के रूप में बल्कि आध्यात्मिक शक्ति के रूप में उभर रहा है। हमारी सोच, हमारी विचार धारा वैश्विक है। इसलिए वसुधैव कुटुंबकम् की तहत प्रधानमंत्री मोदी ने जी-20 में वन अर्थ, वन वर्ल्ड, वन फैमिली, वन फ्यूचर की बात कही। विश्व को सुंयुक्त रूप से अपने कल्याण की भावना उत्पन्न करनी होगी और उसका मूल मंत्र है अगर मनुष्य स्वस्थ रहेगा तो समाज, प्रथ्वी और विश्व स्वस्थ रहेगा।

कुछ तुम बदलो कुछ हम बदलो

कसी भी घर में सुबह से शाम तक पति-पत्नी को बातों में उलझते देखा जा सकता है। शादी के कुछ साल बीतने पर यह प्यार नोक-झोंक और फिर तकरार में बदल जाता है। इसे कभी रोका नहीं जा सकता पर कम अवश्य किया जा सकता है और इसे बड़े झगड़े में बदलने से रोका जा सकता है। दोनों में ही एक बात समान है कि एक-दूसरे को बदलने में लगे रहते हैं पर स्वयं बदलने की कभी कोशिश नहीं करते और एक दिन बदलाव की उम्मीद ही छोड़ देते हैं।

पति- अरे... मेरा पर्स कहां रखा है, न रुमाल मिल रहा है और न ही मेरी फाइलें..., तुमने मेरी पैंट-शर्ट निकाली कि नहीं ..., तुम सुबह से कर क्या रही हो, मेरा सामान भी नहीं निकाल कर रखा...। पत्नी- दिन-रात घर का काम भी करो,

राजू को भी पढ़ाओ..., तुम ऑफिस से आकर या तो टी.वी. देखते हो या फिर दोस्तों के साथ कहीं बाहर निकल जाते हो। तुमसे इतना तो होता नहीं कि अपने बेटे को ही पढ़ा दो...। खुद से कुछ होता नहीं, बस हर बिगड़े काम का दोष मेरे सिर डाल देते हो...। यह उदाहरण किसी एक घर का नहीं है बल्कि सुबह से शाम तक पति-पत्नी को इस प्रकार की बातों में उलझते देखा जा सकता है।

शादी के कुछ साल बीतने पर यह प्यार नोक-झोंक और फिर तकरार में बदल जाता है। इसे कभी रोका नहीं जा सकता पर कम अवश्य किया जा सकता है और इसे बड़े झगड़े में बदलने से रोका जा सकता है। दोनों में ही एक बात समान है कि एक-दूसरे को बदलने में लगे रहते हैं पर स्वयं बदलने की कभी कोशिश नहीं करते और एक दिन बदलाव की उमीद ही छोड़ देते हैं।

पत्नियों की शिकायतें

- जब ऑफिस जाने में थोड़ा टाइम बचता है तो उठते ही बस अपने पर्स, रिस्ट वॉच, टॉवल, कपड़े और यहां तक कि मैड्क्षचग टाई और मोजों तक के लिए भी पत्नियों से ही पूछने में लग जाते हैं। - पति के क्रिकेट प्रेम की दीवानगी से पत्नियां ज्यादा परेशान रहती हैं।
- उनके मायके वालों के लिए तो मन में जरा भी फिक्र नहीं लेकिन हमेशा उम्मीद रखेंगे कि पत्नी अपने सास-ससुर का पूरा ध्यान रखे।
-जब भी वह अपने पति को बाजार से कुछ लाने को कहती हैं तो वे अक्सर भूल जाते हैं।
- ऑफिस से लौट कर भी यह नहीं कि घर के किसी काम में हाथ बंटा दें या फिर बच्चों को पढ़ा दें ताकि एग्जाम में उनके नंबर अच्छे आएं।
- पत्नी की शॉपिंग को फिजूलखर्ची कहेंगे और स्वयं दोस्तों के साथ अक्सर पार्टी करते रहेंगे।
- पत्नी का बर्थडे और शादी की सालगिरह हमेशा भूल जाते हैं।

पतियों की शिकायतें

- पत्नी कभी खुल कर कुछ बताएगी नहीं ऊपर से चाहेगी कि पति उनकी बातों को बिन बताए समझ जाए।
- कितना भी कमा लो लेकिन पैसों की कमी की हमेशा शिकायत करेंगी।
- स्वयं तो पति को घंटों इंतजार करा लेंगी परंतु पति कभी ऑफिस से आधा घंटा भी लेट आए तो सारा घर आसमान पर उठा लेती हैं।
- हर बात में सलाह लेंगी फिर भी करेंगी वही जो उनका मन करे।
-पति को कभी अकेला नहीं छोड़तीं और शिकायत यह कि वे उन्हें वक्त नहीं देते। हर बात पर पतियों से सवाल पूछना और रोक-टोक करना उनका पसंदीदा शगल होता है।

मुस्कुराहट में है जादू

मुस्कुराहट में वह जादू है कि इसके होठों पर आते ही तनाव रूठकर चला जाता है। इसका जादू जल्दी ही आसपास मौजूद सभी लोगों पर छा जाता है और उदास चेहरों पर हँसी बनकर यह राज करने लगती है।

आजकल तनावभरी इस ऊबाऊ जिंदगी में यदि दो पल मुस्कुराहट के मिल जाएँ तो जिंदगी में सुकून का तड़का लग जाता है और जिंदगी हसीन हो जाती है। हँसना हम सभी जानते हैं, पर हम उसकी वजह ढूँढते हैं। हँसने का भी भला कोई बहाना होता है?

हँसना स्वस्थ और सुखी रहने का एक बढ़िया फंडा है जिसने इसे अपना लिया वह कभी उदास हो ही नहीं सकता है इसलिए हमेशा हँसते रहो और हँसाते रहो।

जब मिलता है कोई अज़ीज़

अपने किसी प्रिय दोस्त या रिश्तेदार के मिलने पर हमें बेहद खुशी होती है और उसके साथ अपने अनुभव बाँटते वक्त हँसी-ठहाके लगाना हमारे लिए एक आम बात बन जाती है।

उस वक्त हम अपने तनावों को भूल जाते हैं और दो पल मुस्कुरा लेते हैं। यह हँसी कोई बनावटी नहीं बल्कि दिल से निकली हँसी होती है, जो हमें असीम सुख देती है।

जब होता है परिवार साथ:

रात-दिन दौड़ती-भागती जिंदगी में शाम को जब हम अपने परिवार के साथ होते हैं और सब कुछ भूलकर उन्हीं में रम जाते हैं तब मुस्कुराहट अपना जादू बिखेरती हुई हम सभी को हँसाती है।

अधिकांश कामकाजी लोगों के लिए परिवार का साथ हँसने का बहाना होता है। उनके लिए वे फुर्सत के क्षण तनावरहित जिंदगी से निजात पाने का एक अच्छा मौका होता है। उस मौके को वे गँवाना नहीं चाहते हैं क्योंकि उसके बाद तो उन्हें अगले दिन से अपने रोजमर्रा के कामकाजों में जुट जाना होता है।

आजकल तनावभरी इस ऊबाऊ जिंदगी में यदि दो पल मुस्कुराहट के मिल जाएँ तो जिंदगी में सुकून का तड़का लग जाता है और जिंदगी हसीन हो जाती है। हँसना हम सभी जानते हैं, पर हम उसकी वजह ढूँढते हैं। हँसने का भी भला कोई बहाना होता है?

दोस्तों के साथ कॉफी का मजा:

कॉलेज के विद्यार्थी हों या नौकरीपेशा लोग, सभी जब कॉफी पीने के लिए इकट्ठा होते हैं, तब उन्हें हँसने का एक अच्छा बहाना मिल जाता है।

दोस्तों के साथ गपशप करना और एक-दूसरे की टाँग खींचने में उन्हें इतना मजा आता है कि चाहते या न चाहते हुए भी वे अपना तनाव भूलकर मुस्कुरा ही लेते हैं।

जब जिंदगी हमारी है तो क्यों न हम इसे प्रसन्नतापूर्वक जिएँ। यदि हमारी मुस्कुराहट कई उदास चेहरों पर हँसी ला सकती है तो हमारा मुस्कुराना बहुत अच्छा है। हँसना स्वस्थ और सुखी रहने का एक बढ़िया फंडा है जिसने इसे अपना लिया वह कभी उदास हो ही नहीं सकता है इसलिए हमेशा हँसते रहो और हँसाते रहो।

हंसी मजाक से लाएं रिश्ते में मिठास

अगर आप हंसी मजाक करने वालों में से है और हमेशा हंसी मजाक करते रहते हैं, तो यह आपके रिशतों की ताजगी को बनाये रखने में आपकी मदद करता है। यह आपके वैवाहिक जीवन के लिए भी बहुत ही अच्छा है। हंसी मजाक से आप अपने मैरेज में मिठास ला सकते है। आपकी यह आदत आपकी शादी में आई हुई कई कड़वाहटों को दूर कर सकता है। जो लोग शादी के बाद अपने पार्टनर के साथ हंसी-मजाक करते रहते हैं, उनकी मैरिज लाइफ ज्यादा अच्छी और मजबूत होती है।

आजमाएं हंसी मज़ाक के कुछ नुस्खे और लाए मैरिज लाइफ में मिठास-

1. रिश्ते में उबाऊपन को कम करने और नोंक-झोंक से निपटने के लिए हंसी मज़ाक करना बहुत जरूरी है। इसलिए कोशिश करें कि अपने पार्टनर के साथ ज्यादा से ज्यादा हंसी मज़ाक करें और उन्हें खुश रखें और खुद भी खुश रहें। ताकि आप और आपका पार्टनर शादी की बोरियतों से बच सके।

2. आप अपने मैरिज लाइफ में आई टेंशन को कम करने के लिए आपसी हंसी मज़ाक का तरीका अपना सकते है। लड़ाई-झगड़े के बीच में हंसी मज़ाक करके उसे रोक सकते है। इससे आपके बीच तनाव कम होगा।

3. अगर आप मजाकिया नहीं हैं, तो कोशिश करें कि अपने व्यवहार में मिठास लाएं और प्रैक्टिकल जोक का इस्तेमाल करें। लेकिन ध्यान रहे कि आपके जोक अच्छे हो, जो आपके पार्टनर को सरप्राइज और खुश करें। मजाक ऐसा होना चाहिए जिससे आपका पार्टनर नाराज ना हो और ना उसे कोई बात बुरी लगें। मजाक ऐसा होना चाहिए जिसका अहसास सुखद हो।

4. कोशिश करें कि टीवी पर हंसी मज़ाक के कार्यक्त्रम, कॉमेडी पिक्चर या शो साथ बैठ कर देखें। इससे वाकई आपके रिशतों में मिठास आएगी और आप एक दूसरे के करीब आएगे। लेकिन साथ ही अपने पार्टनर की पंसद का पूरा-पूरा ख्याल रखें कि उसे कौन सी बात ज्यादा खुश करती है।

5. आजकल किसी रिश्ते में बढ़ रहे तनाव की अहम वजह है दोनों लोंगों का कामकाजी होना। काम काज का बोझ हमारे रिश्तों पर भी असर डाल रहा है। दिन भर के भागदौड़ भरी जिंदगी के बाद जब पति-पत्नी दोनों घर लौटते हैं तो पूरी तरह से थके होते है। इस स्थिति में आप एक-दूसरे को बोर करने के बजाय खुश रहें और उस समय का आनंद लें। और यह आपके हंसी मज़ाक भरे मिजाज से ही हो पाएगा। ऐसे में एक-दूसरे को ऑफिस के मजेदार किस्से सुनाएं। साथ हंसी मजाक भरे पल बिताएं।

रोहित ने अश्विन और पंत के प्रदर्शन की सराहना की

एजेंसी

चेन्नई। भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने बंगलादेश के खिलाफ टेस्ट मैच में शानदार प्रदर्शन करने वाले रविचंद्रन अश्विन और ऋषभ पंत की सराहना की। मैच के बाद पत्रकारों से बातचीत में रोहित ने कहा, 'भविष्य को देखते हुए यह हमारे लिए बेहद महत्वपूर्ण जीत है। पंत काफी मुश्किल समय से गुजरे हैं। उन्होंने जिस तरह से उन चीजों का सामना किया वह अदभुत है। यह प्रारुप उन्हें सबसे अधिक पसंद है। हमें हमेशा से पता था कि वह कितने काबिल हैं। यह बस उन्हें गेम टाइम देने का मामला था। हम किसी भी स्थिति में इसी तरह की टीम बनाना चाहते हैं। हम हमेशा चाहते हैं कि हमारे पास तेज गेंदबाजी और स्पिन में विकल्पों की कमी न हो। यह पिच बेहद आसान थी। यहां पर तेज गेंदबाजो के लिए भी मदद थी और स्पिन गेंदबाजो के लिए भी काफी कुछ था। यह ऐसी पिच थी जहां आपको संयम दिखाना पड़ता। अश्विन हमेशा आपके साथ रहते हैं। वह आपको बताते रहते हैं कि क्या करना है और क्या नहीं। ऋषभ पंत ने कहा कि शतक लगाना इसलिये विशेष था क्योंकि मुझे चेन्नई में खेलना मुझे बेहद अच्छा लगता है। चोट के बाद मुझे तीनों प्रारुपों में वापसी करनी थी। चोट बाद यह मेरा पहला टेस्ट मैच था। मैं इस वापसी को हर दिन सेलीब्रेट कर रहा हूं। यह थोड़ा भावनात्मक मामला भी था। मैं अपने हर मुकाबले में अच्छा स्कोर बनाना चाह रहा था। लेकिन ऐसा नहीं कर पाया। टेस्ट क्रिकेट में फिर से वापसी करना मेरे लिए अच्छा ऐहसास है।

जयसूर्या के 5 विकेट, श्रीलंका ने न्यूजीलैंड को पहले टेस्ट में हराया

गॉल। बाएं हाथ के स्पिनर प्रबाथ जयसूर्या के दूसरी पारी में पांच विकेट और मैच में नौ विकेट की मदद से श्रीलंका ने सोमवार को यहां पहले क्रिकेट टेस्ट में न्यूजीलैंड को 63 रन से हरा दिया। श्रीलंका के 275 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए न्यूजीलैंड को अंतिम दिन जीत के लिए 68 रन की दरकार थी जबकि उसके सिर्फ दो विकेट शेष थे। मेहमान टीम ने हालांकि 3.4 ओवर में चार रन जोड़कर अपने बाकी बचे दो विकेट भी गंवा दिए और उसकी पारी 211 रन पर सिमट गई। कल के नाबाद बल्लेबाज रचिन रविंद्र (92) अपने स्कोर में सिर्फ एक रन और जोड़कर जयसूर्या की गेंद पर पगबाधा हो गए। रविंद्र ने 168 गेंद की अपनी पारी में नौ चौके और एक छक्का मारा। जयसूर्या ने अगले ओवर में विलियम ओरोर्के को खाता खोले बिना बोल्ड करके श्रीलंका को जीत दिलाई और टेस्ट क्रिकेट में आठवीं बार पारी में पांच या इससे अधिक विकेट चटकाए। रविंद्र शतक से चूक गए लेकिन उनके 92 रन गॉल में न्यूजीलैंड की ओर से सर्वश्रेष्ठ स्कोर है। उन्होंने रोस टेलर को पीछे छोड़ा जिन्होंने 86 रन बनाए थे। न्यूजीलैंड ने गॉल में अपने पांचों टेस्ट गंवाए हैं और इस दौरान उसका कोई बल्लेबाज शतक नहीं लगा पाया। इस जीत से श्रीलंका विश्व टेस्ट चैंपियनशिप तालिका में तीसरे स्थान पर पहुंच गया है। वह भारत और ऑस्ट्रेलिया से पीछे है। श्रृंखला की शुरुआत तीसरे स्थान पर करने वाला न्यूजीलैंड चौथे स्थान पर खिसक गया है।

युवाओं के लिए प्रेरणा बने 50+ के ये खिलाड़ी, शॉटपुट, रनिंग और स्विमिंग में जीत रहे गोल्ड

नई दिल्ली। पंजाब सरकार की तरफ से खेडां वतन पंजाब दीयां में 50 साल से अधिक के खिलाड़ी अपना दम खम दिखा रहते हुए मेडल जीत रहे हैं। 50 साल से अधिक की कैटेगरी में ज्यादातर वह खिलाड़ी शामिल हैं जो अपने जवान में कभी किसी न किसी खेल इवेंट से जुड़े रहे हैं या फिर किसी डिपार्टमेंट में भर्ती हैं। जिला स्तरीय गेम्स में बुजुगों ने ज्यादातर एथलेटिक्स में ही जोर दिखाया है। तीन दिनों तक 50 साल से ज्यादा की उम्र वर्ग में खिलाड़ी दौड़, शॉटपुट, डिस्कस थ्रो, लांग जंप जैसे इवेंट में पार्टिसिपेट करते हुए पदक जीत चुके हैं। 61 वर्षीय सुरजीत सिंह उम्र के साथ युवाओं के लिए एक प्रेरणा हैं। रिटायर्ड चीफ इंस्पेक्टर ने खेल से ही नौकरी हासिल की और अब भी खेल में पदक जीत रहे हैं। डिस्कस थ्रो और शाटपुट के खिलाड़ी सुरजीत जिम में बेंच प्रेस भी लगाते हैं। पिछले हफ्तों उन्होंने 160 किलो की बेंच लगाकर सबको हैरान किया। खेडों वतन पंजाब दीयां में उन्होंने 61-70 उम्र वर्ग के अंदर डिस्कस में 52.06 मीटर और शॉटपुट में 13.17 मीटर थ्रो लगाकर दो गोल्ड जीते। अब नवंबर में स्टेट गेम्स में पार्टिसिपेट करेंगे। सुरजीत सिंह ने 1985 में विश्व यूनिवर्सिटी गेम्स के डिस्कस थ्री में पार्टिसिपेट किया। अभी पीएपी में ट्रेनिंग करते हैं और बच्चों को सिखा रहे हैं। पिछले साल भी 51 से 60 कैटेगरी में हिस्सा लेते हुए शाटपुट में स्टेट गोल्ड जीता था। साउथ एशियन गेम्स 1987 कोलकाता डिस्कस थो में 51.20 के साथ गोल्ड जीत चुके हैं।

बासित अली ने भारतीय तेज गेंदबाजों की तारीफ की, अकरम-अख्तर-यूनिस से की इन तीनों की तुलना

नई दिल्ली। पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर बासित अली ने भारतीय गेंदबाजी इकाई की विशेष प्रशंसा की और युवा तेज गेंदबाज मयंक यादव को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट मैच में खेलते हुए देखने की इच्छा जताई। भारत ने चेन्नई में बांग्लादेश के खिलाफ पहला टेस्ट मैच एक दिन से अधिक समय पहले ही जीत लिया। 280 रनों की आसान जीत स्टार-स्टडेड लाइन-अप में शामिल प्रत्येक खिलाड़ी के ऑलराउंड प्रदर्शन का मिश्रण थी। पहली पारी में जसप्रीत बुमराह (4/50), मोहम्मद सिराज (2/30) और आकाश दीप (2/19) की तेज गेंदबाजी तिकड़ी ने बांग्लादेश के बल्लेबाजों को 149 रन पर ढेर कर दिया। बुमराह ने पहली पारी में नियंत्रण दिखाया और चार विकेट लिए। आकाश ने आकर्षक स्पेल में शुरुआत में ही बढ़त बना ली और सिराज ने परेशानी खड़ी करने के लिए अपनी निरंतरता पर भरोसा किया।

बुन्देसलीगा: वोल्फ्सबर्ग को 4-3 से हराकर दूसरे स्थान पर पहुंचा बेयर लीवरकुसेन

एजेंसी

बर्लिन। बेयर लीवरकुसेन बुन्देसलीगा में वोल्फ्सबर्ग को 4-3 से हराकर दूसरे स्थान पर पहुंच गया। लीवरकुसेन ने शानदार शुरुआत की, लेकिन पांच मिनट बाद ही वह 1-0 से पीछे हो गया, जब डिफेंडर नॉर्डी मुकीले ने मोहम्मद अमौरा के खतरनाक हेडर को अपनी ही गोल पोस्ट में डाल दिया। हालांकि मैच के 14वें मिनट में फ्लोरियन विर्ट्ज़ ने गोल कर लीवरकुसेन को 1-1 से बराबरी दिला दी। कुछ ही क्षणों बाद लीवरकुसेन ने वापसी की जब जोनाथन ताह ने एलेजांद्रो ग्रिमाल्डो के पास पर हेडर से गोल करके स्कोर 2-1 कर दिया। हालांकि, लेवरकुसेन की बढ़त ज्यादा देर तक कायम नहीं रही, क्योंकि सेबेस्टियन बोर्नौ ने 37वें मिनट में हेडर के जरिये गोल कर स्कोर 2-2 से बराबर कर दिया। इसके बाद मैथियास स्वानबर्ग ने 18 मीटर की दूरी से गोल कर वोल्फ्सबर्ग को हाफटाइम के पहले 3-2 की बढ़त दिला दी। खेल पुनः शुरू होने के बाद, लेवरकुसेन के कोच ज़ाबी अलोंसो ने प्रतिक्रियास्वरूप पिएरो हिनकापी को मैदान में उतारा, जिन्होंने तुरंत प्रभाव

डालते हुए दूसरे हाफ के चौथे मिनट में गोल कर स्कोर 3-3 से बराबर कर दिया। इसके बाद अतिरिक्त समय में विक्टर बोनिफेस ने गोल कर लीवरकुसेन को 4-3 से आगे कर दिया और अंतिम हूटर बजने पर यही स्कोर निर्णायक साबित हुआ। अन्य मुकाबलों में स्टटगार्ट ने डेनिस उन्दाव के दो गोल की बदौलत बोरूसिया डॉर्टमुंड को 5-1 से हराया, जबकि नव पदोन्नत सेंट पॉली ने लीपजिंग के साथ गोल रहित ड्रा खेला।

बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे टेस्ट के लिए भारतीय टीम का ऐलान, टीम में कोई बदलाव नहीं

एजेंसी

नई दिल्ली। भारतीय टीम ने चेन्नई में खेले गए पहले टेस्ट मैच में बांग्लादेश की टीम को 280 रनों से हरा दिया है और दो मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली है। इसी बीच भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच के लिए भारतीय टीम की घोषणा कर दी है। दोनों टीमों के बीच 27 सितंबर से कानपुर के ग्रीन पार्क स्टेडियम में दूसरा और अंतिम टेस्ट मैच खेला जाएगा। चयन समिति ने बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे टेस्ट के लिए भारतीय टीम में कोई बदलाव नहीं किया है। जो टीम पहले मैच के लिए घोषित की गई थी, वही टीम दूसरे टेस्ट मैच के लिए भी बरकरार रखी है। प्रमुख तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह इस मैच के लिए भी उपलब्ध रहेंगे। माना जा रहा था कि बुमराह को दूसरे टेस्ट से आराम दिया जा सकता है लेकिन चयनकर्ताओं ने उन्हें टीम में बरकरार रखा है। सरफराज खान, विकेटकीपर बल्लेबाज ध्रुव जुरेल, तेज गेंदबाज यश दयाल, स्पिन ऑलराउंडर अक्षर पटेल और स्पिनर

कुलदीप यादव भी दूसरे टेस्ट के लिए टीम में बरकरार हैं। इन सभी को पहले मैच में खेलने का मौका नहीं मिल पाया था। अब देखना होगा कि कानपुर टेस्ट के लिए प्लेइंग 11 में कोई बदलाव होता है या इसी टीम के साथ भारतीय टीम उतरने का फैसला करेगी।

रोहित शर्मा (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, शुभमन गिल, विराट कोहली, केएल राहुल, सरफराज खान, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), रविचंद्रन अश्विन, रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, मोहम्मद सिराज, आकाश दीप, जसप्रीत बुमराह, यश दयाल।

यूएसएन इंडियंस ने जीता उत्तराखंड प्रीमियर लीग के उद्घाटन संस्करण का खिताब

एजेंसी

देहरादून। युवराज चौधरी और अखिल रावत के शानदार प्रदर्शन की बदौलत यूएसएन इंडियंस ने उत्तराखंड प्रीमियर लीग के उद्घाटन संस्करण का खिताब जीत लिया है। रात राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम, देहरादून में खेले गए खिताबी मुकाबले में यूएसएन इंडियंस ने नैनीताल एसजी पाइपर्स को 40 रन से हराकर खिताब पर कब्जा किया। युवराज चौधरी को उनके शानदार 103 रन की पारी और गेंदबाजी में 2 विकेट लेने के लिए प्लेयर ऑफ द फाइनल चुना गया।

नैनीताल एसजी पाइपर्स के लिए यह दो दिनों में दूसरी बड़ी निराशा थी। शनिवार को उनकी महिला टीम उपविजेता रही, और उनकी पुरुष टीम भी खिताब नहीं जीत पाई। 204 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी नैनीताल एसजी पाइपर्स की शुरुआत धमाकेदार रही। सलामी बल्लेबाज

अवनीश सुधा और प्रियंशु खंडूरी ने पावरप्ले का भरपूर फायदा उठाते हुए सिर्फ 4 ओवर में 51/0 का स्कोर खड़ा कर दिया। हालांकि, यूएसएन इंडियंस के अग्रिम तिवारी ने प्रियंशु खंडूरी (12 गेंदों में 26 रन) का महत्वपूर्ण विकेट लेकर इस साझेदारी को तोड़ दिया। इसके बाद अवनीश सुधा भी सातवें ओवर में 33 रन (22 गेंदों में) बनाकर स्टंप आउट हो गए।

दोनों सेट बल्लेबाजों के आउट होने के बाद नैनीताल की मध्यक्रम के बल्लेबाजों पर जिम्मेदारी आई, लेकिन वे दबाव में टिक नहीं पाए और लगातार विकेट गंवाते रहे। हर्ष राणा ने 16 गेंदों में 35 रन की संघर्षपूर्ण पारी खेली, लेकिन नैनीताल की टीम 17.1 ओवर में 163 रन पर सिमट गई। यूएसएन इंडियंस की ओर से प्रशांत चौहान ने 3/35 का शानदार प्रदर्शन किया, जबकि युवराज चौधरी और अग्रिम तिवारी ने दो-दो विकेट लिए। इससे पहले नैनीताल एसजी पाइपर्स ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया, यूएसएन इंडियंस की शुरुआत खराब रही। तीसरी ही गेंद पर उनके सलामी बल्लेबाज आरव महाजन बिना खाता खोले आउट हो गए। इसके बाद कप्तान कुनाल चंदेला भी सिर्फ 5 रन बनाकर अगले ही ओवर में पवेलियन लौट गए।

लखनऊ की अर्नवी पाठक व अलीगढ़ अतीक अहमद को दोहरा खिताब

एजेंसी

लखनऊ। उत्तर प्रदेश राज्य बैडमिंटन चैम्पियनशिप 2024 में सब जूनियर (अण्डर-13) स्पर्धा में लखनऊ की अर्नवी पाठक व अलीगढ़ के अतीक अहमद में एकल-युगल में दुहरा खिताब अपने नाम किया। अर्नवी ने नोएडा की वान्या चैधरी को संघर्षपूर्ण मैच में 25-23, 19-21, 21-18 तीन सेटों मे हराया जबकि अलीगढ़ के अतीक ने आगरा के अंकुर प्रताप सिंह को आसानी से 21-11, 21-13 से हराकर एकल का खिताब अपने नाम किया। बालिका वर्ग के युगल में अर्नवी पाठक (लखनऊ), मान्या सिंह (मेंरठ) ने गर्विता त्रिपाठी (मेंरठ) वान्या चैधरी (मेरठ) को एक संघर्षपूर्ण मैच में 21-14, 23-25, 21-18 तथा बालक युगल के अतीक अहमद (अलीगढ़) अंकर प्रताप सिंह (आगरा) ने कुषाग्र द्विवेदी (लखनऊ) व षिवेष गुप्ता (प्रयागराज) को आसानी से 21-17, 21-13 से हराकर दोहरा खिताब जीता।

अर्शदीप छह विकेट, इंडिया डी ने इंडिया बी को 257 रनों से हराया

एजेंसी

अनंतपुर। अर्शदीप सिंह (छह विकेट) और आदित्य ठाकरे (चार विकेट) की शानदार गेंदबाजी के दम पर इंडिया डी ने इंडिया बी को 257 रन से हरा दिया है। इंडिया बी के नीतीश कुमार रेड्डी ने सबसे ज्यादा (नाबाद 40) रन बनाये। वहीं कप्तान अभिमन्यु ईश्वरन (19) और सूर्यकुमार यादव (16) रन बनाकर आउट हुये। इंडिया बी के आठ बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। इंडिया डी ओर से दूसरी पारी में रिकी भुई ने (नाबाद 119)श्रेयस अय्यर (50) और संजू सैमसन ने (45) रनों की पारी के दम पर 305 का स्कोर खड़ा करते हुए इंडिया बी को जीत के लिए 373 रनों का लक्ष्य दिया था। इंडिया बी की ओर से से मुकेश कुमार और नवदीप सैनी ने तीन-तीन विकेट लिए।

इंडिया डी ने पहली पारी में संजू सैमसन ने (106) रिकी भुई (56), केएस भरत (52) और देवदत्त पडिक्कल (50) रनों की पारी के दम पर 349 का स्कोर खड़ा किया था। इंडिया बी के लिए नवदीप सैनी ने पांच विकेट लिये। राहुल चाहर को तीन विकेट मिले। मुकेश कुमार ने एक बल्लेबाज को आउट किया। इसके बाद इंडिया बी से पहली पारी में कप्तान अभिमन्यु ईश्वरन (116) और वॉशिंगटन सुंदर (87) की पारी के दम पर 282 को स्कोर बनाया था। पहली पारी के आधार पर इंडिया को 67 रनों की बढ़त मिली थी। इंडिया डी के लिए सौरभ कुमार ने पांच विकेट लिये। अर्शदीप सिंह को तीन मिले। आदित्य ठाकुर ने दो बल्लेबाजों को आउट किया था। इसके बाद मैच के चौथे दिन आज इंडिया डी के गेंदबाजों ने 373 रन के लक्ष्य पीछा कर रही इंडिया बी को 115 रन पर समेट कर 257 रनों से मुकाबला जीत लिया।

हरयाणवी हंटर्स ने जीता एंटरटेनर्स क्रिकेट लीग 2024 का खिताब

एजेंसी

नई दिल्ली। हरयाणवी हंटर्स ने एंटरटेनर्स क्रिकेट लीग (ईसीएल) टी10 के उद्घाटन संस्करण का खिताब जीत लिया है। इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में रविवार रात खेले गए शानदार मुकाबले में हरयाणवी हंटर्स ने लखनऊ लायंस को 8 विकेट से हराकर खिताब पर कब्जा किया। हरयाणवी हंटर्स के रोहित लांबा को उनके अद्वितीय ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द सीरीज चुना गया। लखनऊ लायंस के कप्तान अनुराग द्विवेदी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया, लेकिन उनकी टीम को शुरुआत में ही झटके लगे। अनुराग खुद 6 गेंदों पर सिर्फ 8 रन बनाकर आउट हो गए। हरयाणवी हंटर्स के तेज गेंदबाज रोहित लांबा ने दूसरा ओवर करते हुए 3 विकेट झटके, जिससे लायंस की टीम का स्कोर 4 विकेट पर 28 रन हो गया। टूर्नामेंट में लगातार शानदार प्रदर्शन करने वाले ऑरेंज कैप धारक आकाश यादव

भी केवल 6 रन बनाकर आउट हो गए। हालांकि, लखनऊ लायंस को अमनदीप सिंह (46 रन, 17 गेंदों पर) और आशीष कुमार मीणा (35 रन, 17 गेंदों पर) के बीच 65 रनों की तेज साझेदारी से थोड़ी स्थिरता मिली, लेकिन निचले क्रम के बल्लेबाज जल्दी आउट हो गए। रोहित लांबा के 3 विकेट (26 रन देकर) और अनुज चौधरी के शानदार 2 विकेट (8 रन देकर) की बदौलत हरयाणवी हंटर्स ने लखनऊ लायंस को 10 ओवरों में 131/9 पर सीमित कर दिया। जवाब में हरयाणवी हंटर्स के कप्तान एल्विश यादव ने अपनी स्टार पावर का परिचय देते हुए धमाकेदार पारी खेली। उन्होंने सिर्फ 8 गेंदों में 30 रन ठोक दिए, जिसमें 5 शानदार छक्के शामिल थे, जिससे उन्होंने टीम के रन चेज की शुरुआत शानदार की। हालांकि, केशव चौधरी 6 रन बनाकर आउट हो गए, फिर भी हंटर्स ने 4 ओवरों में 63/2 का स्कोर बना लिया था। ललित यादव (30*) और अनुज चौधरी (63*) की नाबाद 83 रनों की साझेदारी ने हरयाणवी हंटर्स को 7.1 ओवर में 135/2 के स्कोर तक पहुंचा दिया, जिससे उन्होंने आसानी से लक्ष्य हासिल कर लिया और चैंपियनशिप जीत ली। रोहित लांबा और अनुज चौधरी को संयुक्त रूप से मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया, क्योंकि दोनों ने बल्ले और गेंद से बेहतरीन प्रदर्शन किया। लखनऊ लायंस के आकाश यादव ने 330 रन बनाकर ऑरेंज कैप अपने नाम की, जबकि हरयाणवी हंटर्स के कशिश पुंधीर को 14 विकेट लेकर पर्पल कैप से नवाजा गया।

2551 वें अन्तरराष्ट्रीय टेस्ट मैच के लिए ग्रीनपार्क तैयार, टीमों का इन्तजार

एजेंसी

कानपुर। विश्व क्रिकेट में कानपुर का ग्रीनपार्क स्टेडियम अपने गौरवशाली इतिहास में नई ऊंचाईयों को छूने जा रहा है। 27 सितम्बर से शुरु होने वाले भारत और बांग्लादेश के बीच टेस्ट मैच नए इतिहास की ओर अपना कदम बढ़ाएगा। जब विश्व क्रिकेट टेस्ट का 2551 वां मैच ग्रीनपार्क सेन्ट?र का गवाह बनेगा। इस टेस्ट मैच के लिए आयोजकों की ओर से सभी तैयारियों को अमलीजामा पहना दिया गया है। फिर वो चाहे टीमों की सुरक्षा का मसला हो या फिर दर्शकों की। इसके साथ ही होटल में खिलाड़ियों के रुकने की व्यवस्था से लेकर मैदान को संजोंने का हो, आयोजक यूपीसीए ने सभी तैयारियां पूरी कर ली है। ग्रीनपार्क स्टेडियम अब अपने नए कलेवर में सबको दिखायी देगा जहां एक ओर पहली बार इस सरजमीं पर मैच खेलने आने वाली टीम बांग्लादेश के खिलाड़ी होंगे तो

भारतीय टीम के युवा और तजुर्बेकार खिलाड़ियों का समायोजन भी देखने को मिलेगा। 12 से 14 जनवरी 1952 में मैच नम्बर 346 से शुरु अब ये सिलसिला ढाई हजार टेस्ट पार कर गया है। ये महज संयोग ही कहा जा सकता है कि 51 नम्बर भारत देश में शगुन का नम्बर माना जाता है और टेस्ट मैच संख्या नम्बर 2551 कानपुर की सरजमीं पर ही खेला जाएगा। 2021 नवम्बर में खेले गए भारत और न्यूजीलैण्ड के मैच नम्बर 2435 के साढ़े तीन साल बाद आयोजित मैच की तैयारियों के लिए यूपीसीए, जिला प्रशासन समेत 13 विभाग युद्ध स्तर पर कार्य को सम्पादित करने में जुटे हुए हैं। यूपीसीए के अनुसार ग्रीन पार्क टेस्ट मैच के लिए पूरी तरह से तैयार है और उसने खिलाड़ियों के रहने के लिये होटल से लेकर सभी तैयारियां करीब करीब पूरी कर ली है। ग्रीन पार्क में भारत और बांग्लादेश के बीच दूसरा टेस्ट मैच 27 सितम्बर से शुरु होगा जो 1 अक्टूबर तक खेला जाएगा। मैच खेलने के लिए दोनों टीमें 24 सितम्बर को चार्टर्ड विमान से चकेरी एयरपोर्ट से सीघे होटल जाएंगी जहां उनका परम्परागंत तरीके से स्वागत किया जाएगा। ग्रीनपार्क सेन्टर के वेन्यू डायरेक्टर संजय कपूर ने बताया कि टीमों से लेकर दर्शकों के लिए सभी तैयारियां मुकम्मल कर ली गयी हैं और जो शेष रह गयी हैं उन्हे भी समय से पूरा कर लिया जाएगा। इस प्रकार कानपुर के दर्शकों को एक अच्छा मैच देखने को मिलेगा।

फिडे शतरंज ओलंपियाड में भारत ने पुरुष और महिला वर्ग का जीता खिताब

एजेंसी

बुडापेस्ट। भारतीय पुरुष टीम के बाद हरिका द्रोणावल्ली, आर वैशाली, दिव्या देशमुख, वंतिका अग्रवाल और तानिया सचदेव की महिला टीम ने भी हंगरी में खेली जा रही 45वें फिडे शतरंज ओलंपियाड 2024 स्पर्धा का खिताब जीतकर इतिहास रच दिया है। इसी के साथ भारत ने इस स्पर्धा का दोहरा खिताब अपने नाम कर लिया है।

हरिका द्रोणावल्ली, वैशाली रमेशबाबू, दिव्या देशमुख, वंतिका अग्रवाल, तानिया सचदेव और अभिजीत कुंटे की भारतीय महिला टीम की जीत ओपन वर्ग में अमेरिका के कजाकिस्तान को हारने पर निर्भर थी। अमेरिका और कजाकिस्तान के बीच मुकाबला 1-1 से बराबरी पर रोकने के बाद भारत को विजेता घोषित किया गया। इससे पहले भारतीय महिलाओं ने चीन को 2.5-1.5 से हराकर संयुक्त बढ़त हासिल कर ली। ऐसा पहली बार नहीं हुआ, दिव्या देशमुख शीर्ष वरीयता प्राप्त

भारतीय महिला टीम की नायिका बनीं। भारत के साथ कजाकिस्तान भी तालिका में शीर्ष पर था। कजाकिस्तान ने जॉर्जिया के साथ 2-2 से ड्रा खेला। भारत और कजाकिस्तान के 17-17 अंक हैं और उसके बाद अमेरिका और पोलैंड थे। अंतिम दौरान में भारत ने अजरबैजान को 3.5-0.5 से हराया। इसके बाद अमेरिका और कजाकिस्तान का मुकाबला ड्रा रहा, जिसके बाद भारत को विजयी घोषित किया गया। इसी के साथ फिडे शतरंज ओलंपियाड 2024 में भारत ने दो स्वर्ण पदक अपने नाम किये है। पुरुष टीम में डी गुकेश, आर प्रज्ञानंदधा, अर्जुन एरिगैसी, विदित गुजराती और पेंटाला हरिकृष्णा ने ओपन वर्ग में जीत हासिल की, जबकि हरिका द्रोणावल्ली, आर वैशाली, दिव्या देशमुख, वंतिका अग्रवाल और तानिया सचदेव की महिला टीम ने भी स्वर्ण पदक अपने नाम किया। हरिका द्रोणावल्ली ने गुने मम्मादजादा को हराया। आर वैशाली ने उलविया फतालियेवा को ड्रा कराया। वंतिका अग्रवाल ने खानिम बालाजायेवा को हराया। अमेरिकी खिलाड़ियों के खिलाफ भारत की जीत का श्रेय डी. गुकेश को जाता है, उन्होंने शीर्ष बोर्ड पर दुनिया के तीसरे नंबर के खिलाड़ी फैबियानो कारूआना को हराया। गुकेश ने लगभग 30 चालों में प्लस 3.33 की बढ़त हासिल कर अगले दस चालों में अपने प्रतिद्वंद्वी को पीछे छोड़ते हुए जीत सुनिश्चित की। डी गुकेश और अर्जुन एरिगैसी की जीत से उन्हें स्लोवेनिया पर 2-0 की बढ़त मिल गई है। इसका मतलब यह था कि भारत हार नहीं सकता था और टीम को स्टैंडिंग में चीन पर अजेय बढ़त हासिल करने के लिए अपने विरोधियों के खिलाफ केवल ड्रॉ की जरूरत थी।

अनमोल खरब ने पोलिश इंटरनेशनल का खिताब जीता

एजेंसी

ल्यूबेल्स्की (पोलैंड)। भारत की उभरती बैडमिंटन स्टार अनमोल खरब ने पोलिश इंटरनेशनल 2024 की महिला एकल स्पर्धा का खिताब अपने नाम कर लिया है। यह यूरोप में उनका लगातार दूसरा खिताब। भारत के 17 वर्षीय बैडमिंटन खिलाड़ी ने स्विट्जरलैंड की मिलेना श्नाइडर को महज 33 मिनट तक चले फाइनल में 21-12, 21-8 से हराकर आसानी से जीत दर्ज की। उन्होंने पिछले सप्ताह बेल्जियन इंटरनेशनल में अपने पहले अंतरराष्ट्रीय खिताब हासिल करने से पहले खरब 222वें स्थान पर थीं, जिसके बाद उनकी रैंकिंग में 57 पायदान का सुधार हुआ है और वह 167 स्थान पर है। इससे पहले भारतीय खिलाड़ी ने राउंड ऑफ 32 में डेनमार्क की विश्व में 77वें नंबर की खिलाड़ी अमाली शुल्ज पर 21-17, 21-16 से जीत के साथ शुरुआत की। अनमोल खरब ने पिछले सप्ताह बेल्जियम इंटरनेशनल फाइनल में इसी प्रतिद्वंद्वी को हराने के लिए तीन गेम लिए थे। सेमीफाइनल में अनमोल ने डेनमार्क की 146वीं रैंक की फ्रेडरिक लुंड को 21-15, 21-12 से हराया और उससे पहले क्वार्टरफाइनल में दुनिया की 356वें ??नंबर की यूक्रेन की सोफिया लावरोवा को 21-12, 21-7 से शिकस्त दी थी। उन्होंने राउंड ऑफ 16 में दुनिया की 201वें नंबर की लिथुआनिया की सामंता गोलुबिकेटे को 21-9, 21-17 से हराया था। वहीं एक अन्य मुकाबले में लक्ष्य शर्मा पुरुष एकल सेमीफाइनल में पहुंच गए हैं। ईशान भटनागर-शंकर प्रसाद उदयकुमार और पीएस रविकृष्णा-अक्षन शेट्टी की भारतीय पुरुष युगल जोड़ी भी अलग-अलग प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ अपने सेमीफाइनल हार गई। अनघा अरविंदा पाई और रिद्धि कौर तूर की महिला युगल जोड़ी क्वार्टरफाइनल में बाहर हो गई। इस साल की शुरुआत में अनमोल खरब ने मलेशिया में 2024 बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप में भारतीय महिला टीम को ऐतिहासिक स्वर्ण पदक जीतने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उन्होंने जापान की विश्व नंबर 29 नात्सुकी निदाइरा, जो कि पूर्व जूनियर विश्व चैंपियनशिप कांस्य पदक विजेता थीं, उनको सीधे गेम में और थाईलैंड की विश्व नंबर 45 पोर्नपिचा चोइकेवॉन्ग को हराया था।

इंडिया 'ए' ने इंडिया 'सी' को 132 रनों से हराया

एजेंसी

अनंतपुर। प्रसिद्ध कृष्णा और तनुष कोटियान की शानदार गेंदबाजी के दम पर इंडिया 'ए' ने दलीप ट्रॉफी के छठे मुकाबले में इंडिया 'सी' को 132 रनों से करारी शिकस्त दी है। मैच के दौरान पहली इंडिया ए की पहली पारी में शतक और दूसरी पारी में अर्धशतक बनाने वाले शाश्वत रावत को उनकी शानदार बल्लेबाजी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। इंडिया ए ने पहले बल्लेबाजी करते हुए शाश्वत रावत (124) रनों की शतकीय पारी के दम पर 297 रन बनाए थे। इसके जवाब में इंडिया सी की टीम अभिषेक पोरेल के (82) रनों की पारी बदौलत 234 का स्कोर ही बना पाई। इंडिया ए को पहली पारी के आधार पर 63 रनों की बढ़त मिली गई थी। इसके बाद इंडिया ए ने अपनी दूसरी पारी आठ विकेट पर 286 रन पर घोषित कर दी। इस पारी में रियान पराग ने (73), शाश्वत ने (53) और कुशाग्र ने (42) रनों की पारी खेली। इंडिया ए ने इंडिया सी को जीत के लिए 350 रन का लक्ष्य दिया था। इंडिया के लिए प्रसिद्ध कृष्णा और तनुष कोटियान ने शानदार गेंदबाजी का मुजाहिरा करते हुए इंडिया सी की पारी को 217 के स्कोर पर समेट दिया। इंडिया की ओर से सुदर्शन (111) और कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ (44) रनों की पारी खेली।

रीम शेख

के बाद अब राहुल वैद्य के चेहरे तक पहुंचीं आग की लपटें, कुकिंग शो पर हुआ बड़ा हादसा

छोटे पर्दे का शो 'लाफ्टर शेफ अनलिमिटेड एंटरटेनमेंट' लोगों को काफी एंटरटेन करता हुआ नजर आ रहा है. इस शो में टीवी के स्टार्स को एक साथ कुकिंग करते हुए देखा जा रहा है, जिन लोगों ने कभी खाना नहीं बनाया, उन्हें खाना बनाता देख फैन्स काफी इंजॉय कर रहे हैं. लेकिन इसी बीच इस कुकिंग शो के सेट पर एक के बाद एक बड़े हादसे हो गए. बीते दिनों सेट पर रीम शेख के साथ हादसा हुआ था. अब सिंगर राहुल वैद्य का चेहरा जलने से बाल बाल बचा गया है. इस हादसे ने बाकी कंटेस्टेंट्स के होश उड़ा दिए हैं.लाफ्टर शेफ के सेट पर खाना बनाने के दौरान राहुल वैद्य पैन में कुछ डाल देते हैं, जिसके बाद तेल तेजी से आग पकड़ लेता है और आग की लपटे सीधा सिंगर के चेहरे तक पहुंच जाती है. इस हादसे में राहुल वैद्य की चीखे तक निकल जाती हैं और उनके पास खड़ी निया शर्मा और जन्नत जुबैर बुरी तरह से डर जाती हैं. शो के मेकर्स ने कुकिंग शो का नया प्रोमो शेयर किया है. इस प्रोमो में साफ देखा जा सकता है कि राहुल जैसे ही बर्तन में कुछ डालते हैं, तुरंत आग की लपटें उनके चेहरे उनके चेहरे तक पहुंच जाती है. राहुल के पार्टनर अली गोनी की भी चीख निकल जाती है.

कुकिंग के दौरान हुआ हादसा

सेट पर मौजूद हर कोई घबरा जाता है. लेकिन माना जा रहा है कि राहत की बात ये है कि राहुल सेफ हैं और उन्हें किसी भी तरह की कोई चोट नहीं पहुंची है. राहुल तो बाल बाल बच गए.लेकिन टीवी एक्ट्रेस रीम शेख की किस्मत इतनी अच्छी नहीं थी. बीते दिनों रीम शेख के साथ भी कुकिंग सेट पर ऐसा ही हादसा हुआ था. खाना बनाने के दौरान रीम शेख ने चेहरा काफी जल गया है. रीम कुकिंग के दौरान तेल में कुछ डालती हैं, जिसके बाद तेल की छींटे सीखा उनके चेहरे पर जाती हैं.

रीम के चेहरे पर जलने के निशान

रीम ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर अपने चेहरे की कई तस्वीर भी शेयर की हैं. तस्वीरों में उनके चेहरे पर जलने के निशान साफ-साफ देखे जा सकते हैं. लेकिन रीम के साथ हुए इस हादसे को कुछ दिन गुजर चुके हैं. एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट पोस्ट में शेयर किया है कि अब इस हादसे हील कर रही हैं. हर कोई रीम का हौसला बढ़ाता हुआ नजर आ रहा है. अब ये तो हर कोई जानता है कि किसी भी एक्टर के लिए उसका चेहरा बेहद जरूरी होता है. ऐसे में अपने चेहरे पर इतने सारे जले के निशान देख पाना रीम के लिए काफी मुश्किल रहा होगा. लेकिन सभी के सपोर्ट के चलते वो निराश नहीं हुई हैं. रीम का ट्रीटमेंट जारी है और वो इस हादसे से रीकवर कर रही हैं.

रीम शेख और राहुल वैद्य के अलावा इस शो में जन्नत जुबैर,अंकिता लोखंडे, विक्की जैन, करण कुंद्रा, अर्जुन बिजलानी, अली गोनी, कृष्णा अभिषेक, राहुल वैद्य, निया शर्मा, कश्मीरा शाह और सुदेश लहरी जैसे स्टार्स कुकिंग करते हुए नजर आ रहे हैं. वहीं भारती सिंह इस शो को होस्ट करती हुई दिखाई दे रही हैं.

श्रद्धा कपूर

के घर की ये बड़ी एक्ट्रेस बनेंगी सलमान खान के शो का हिस्सा!

हर साल की तरह इस बार भी बिग बॉस के नए सीजन के लिए दर्शकों की एक्साइटमेंट लगातार देखने को मिल रही है. इस साल बिग बॉस सीजन 18 का प्रीमियर अक्टूबर में होने की बात कही जा रही है. जैसे-जैसे शो के प्रीमियर की डेट पास आती जा रही है, वैसे ही वैसे इसमें शामिल होने वाले कंटेस्टेंट को लेकर भी चर्चा बढ़ती जा रही है. अभी तक इस सीजन में निया शर्मा, धीरज धूपर और शोएब इब्राहिम जैसे कलाकारों का नाम सामने आया है. साथ ही कहा जा रहा है कुछ पुराने कंटेस्टेंट भी इस शो का हिस्सा बन सकते हैं. अब हाल ही में एक और कंटेस्टेंट का नाम सामने आ रहा है, जो कि श्रद्धा कपूर के बेहत करीब हैं.सलमान खान का शो बिग बॉस 18 'टाइम का तांडव' टाइम ट्रैवलिंग ट्विस्ट के साथ कलर्स चैनल पर जल्द वापसी करने वाला है. जैसे शो के कंटेस्टेंट्स का नाम सामने आ रहा है, वैसे ही एक्साइटमेंट और भी ज्यादा बढ़ती जा रही है, हर साल की तरह इस साल भी शो में 18 कंटेस्टेंट शामिल होंगे. टाइम्स नाउ/टेली टॉक इंडिया की रिपोर्ट के मुताबिक, शो के मेकर्स फिलहाल पद्मिनी कोल्हापुरी से शो का हिस्सा बनने पर बातचीत कर रहे हैं. पद्मिनी बॉलीवुड इंडस्ट्री का जाना माना नाम है. साथ ही पद्मिनी श्रद्धा कपूर की मौसी भी हैं. हालांकि, अभी तक ये जानकारी सामने नहीं आई है कि उन्होंने शो में आने के लिए क्या कहा है. बिग बॉस का पहला प्रोमो ऑन एयर हो चुका है.

पद्मिनी को शो पर लाने की हो रही तैयारी

पद्मिनी कोल्हापुरी अभी तक किसी भी रियलिटी शो का हिस्सा नहीं बनी हैं, अगर वो बिग बॉस में शामिल होंगी तो ये उनका पहला रियालिटी शो होगा. उन्हें कंटेस्टेंट के तौर पर देखना काफी मजेदार होगा. सोर्स के मुताबिक, मेकर्स पद्मिनी को शो का हिस्सा बनाने के लिए बहुत एक्साइटेड हैं और इसकी तैयारियों पर काम कर रहे हैं. आगे सब प्लान के हिसाब से चला तो ऑडियंस उन्हें शो में देख पाएगी. पद्मिनी कोल्हापुरी ने 1974 में चाइल्ड आर्टिस्ट के तौर पर अपने करियर की शुरुआत की थी. उन्होंने बॉलीवुड, मराठी और मलयालम इंडस्ट्री की फिल्मों में काम किया है. पद्मिनी ने 60 से ज्यादा किरदार निभाए हैं, 'आहिस्ता आहिस्ता', 'वो सात दिन', 'प्यार झुकता नहीं', 'विधाता' जैसी फिल्मों के नाम शामिल हैं.

नए के साथ पुराने कंटेस्टेंट का भी नाम शामिल

बिग बॉस में इस बार पद्मिनी कोल्हापुरी के अलावा ऋतिक धनजानी, शहजादा धामी के भी जुड़ने की खबर सामने आ रही है. शो में टाइम ट्रैवलिंग की थीम है, जिसमें नए के साथ ही साथ पुराने कंटेस्टेंट भी शामिल हो सकते हैं. पुराने कंटेस्टेंट में फिलहाल दिलजीत कौर का नाम सुनने में आ रहा है.

'गुनाहों का देवता' फेम एक्टर को ऐश्वर्या-अक्षय की फिल्म से रातों-रात निकाला, इस एक्टर को मिला था रोल

जाने-माने एक्टर आशीष शर्मा को आज भी 'रंगरसिया' और 'गुनाहों का देवता' जैसे सीरियल के लिए फैन्स याद करते हैं. एक्टर ने टीवी शो में काम करने के बाद कई फिल्मों में भी काम किया. हालांकि, इस दौरान उन्हें अपने एक्टिंग करियर में कई उतार-चढ़ाव देखने को मिले. कोविड 19 के दौरान एक्टर के पास कोई काम नहीं था. आशीष शर्मा ने हाल ही में खुलासा किया कि कैसे उन्हें अक्षय कुमार और ऐश्वर्या राय स्टारर एक फिल्म का ऑफर मिला था, लेकिन उनका रोल बिना बताए आदित्य रॉय कपूर को दे दिया गया था.फिल्में हों या टीवी, कास्ट किया जाना और निकाला जाना इंडस्ट्री में कोई बड़ी बात नहीं है. अक्सर स्टार्स को रिप्लेस कर किसी दूसरे स्टार को कास्ट कर लिया जाता है. ऐसा ही हुआ टीवी एक्टर आशीष शर्मा के साथ. एक्टर को झटका तब लगा, जब उन्हें फिल्म 'एक्शन रिप्ले' से बिना बताए निकाल दिया गया. आशीष शर्मा ने सिद्धार्थ कन्नन के साथ बातचीत में बताया कि उन्हें 'एक्शन रीप्ले' के प्रमोशन पोस्टर को देखने के बाद पता चला कि उनकी जगह आदित्य रॉय कपूर को कास्ट कर लिया गया है.

अचानक कॉल आनी बंद हो गई और...

जब इंटरव्यू में आशीष से एक्शन रिप्ले के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, मुझे एक बार 'एक्शन रीप्ले' में अक्षय कुमार और ऐश्वर्या राय के साथ काम करने का मौका मिला था. मुझे इसके ऑडिशन के लिए बुलाया गया और खुशकिस्मती से मैं सिलेक्ट भी हो गया, लेकिन रिप्लेस कर दिया गया. एक महीने पहले मुझे बोला गया कि तुम शॉर्टलिस्ट हो. हमारे साथ वर्कशॉप हो रही थी और लगातार 10-15 दिन तक वो वर्कशॉप करते रहे. फिर अचानक कॉल आनी बंद हो गई. उसके बाद जब मैंने एक दिन फिल्म का प्रमोशन पोस्टर देखा तो पता चला कि मुझे रिप्लेस कर आदित्य रॉय कपूर को ले लिया गया है. ऐसे कई सारे बाकिए हुए हैं मेरे साथ.

'एक्शन रिप्ले' में थे ये स्टार्स

'एक्शन रिप्ले' एक साइंस फिक्शन रोमांटिक कॉमेडी फिल्म थी. इसमें अक्षय, ऐश्वर्या राय और आदित्य रॉय कपूर के साथ ही, नेहा धूपिया, ओम पुरी, रणविजय सिंह, किरण खेर, राजपाल यादव और रणधीर कपूर जैले कलाकार शामिल थे. ये फिल्म टाइम ट्रैवल के कॉन्सेप्ट पर बेस्ड थी.

राहा सुनती हैं मलयाली लोरी, आलिया भट्ट बोलीं- उसे सुलाने के लिए रणबीर कपूर खुद सुनाते हैं

आलिया भट्ट और करण जौहर ने नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हो रहे कपिल शर्मा के 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो सीजन 2' से अपनी फिल्म 'जिगरा' का प्रमोशन शुरू कर दिया है. अपने शो के मंच पर आलिया भट्ट का स्वागत करते हुए कपिल ने कहा कि लास्ट टाइम जब आलिया से हमारी मुलाकात हुई थी तब वो आरआरआर के प्रमोशन के लिए हमारे शो में आई थीं. तब उनकी शादी भी नहीं हुई थी और अब आलिया मां बन गई हैं. उनकी बेटी राहा बड़ी ही प्यारी बच्ची हैं. आलिया आप ये बताइए कि रणबीर और राहा की बॉन्डिंग कैसी है ?कपिल ने आलिया से पूछा, जब पिछले सीजन में नीतू मैम यहां आई थीं तब वो बोल रही थीं कि रणबीर वैसे तो बड़ा शांत लड़का है, लेकिन जब राहा उनके सामने आती है, तब उसकी आंखें चमक जाती हैं. क्या ये सच है आलिया ने कपिल के सवाल का जवाब देते हुए कहा कि जो राहा और रणबीर का रिलेशनशिप है, वो बहुत ही अनोखा है. उनके बीच एक अच्छी दोस्ती है. वो राहा के साथ मिलकर कुछ अजीब गेम खुद तैयार करते हैं.

राहा के साथ क्रिएटिव हो जाते हैं रणबीर

आगे आलिया बोलीं, जैसे की कभी वो राहा से पूछते हैं कि क्या तुम अलमारी में जाकर कपड़ों को छूना चाहती हो ? और राहा भी हां बोल देती है. फिर वो दोनों जाते हैं, कपड़ों को छूते हैं. उनका कुछ सेंसरी प्ले होता है. फिर वो उसे सिखाते हैं कि ये वेल्वेट है, ये कॉटन है. रणबीर राहा के साथ बहुत एडवेंचर्स और क्रिएटिव बन जाते हैं. उन्होंने राहा की सिर्फ नैपीज ही नहीं बदली हैं. वो उसके लिए 'उन्नी वावा वू' यानी उसकी एक लोरी भी गाते हैं.

राहा के लिए लोरी गाते हैं रणबीर

आलिया ने बताया कि राहा की एक नर्स हैं जो उसे बचपन से एक गाना सुनाती आई हैं, उस गाने के बोल कुछ ऐसे हैं 'उन्नी वावा वू'. ये गाना अब राहा के लिए लोरी बन गया है. इसलिए जब भी राहा को सोना होता है वो बोलती हैं 'मम्मा वावो, पापा वावो'. यानी वो हमें बताना चाहती है कि अब मुझे नींद आ रही है और मुझे सोना है. रणबीर ने राहा के लिए 'उन्नी वावा वू' भी सीख लिया है. ये एक मलयालम भाषा का गाना है और राहा की नर्स जो हैं वो मलयालम हैं. आलिया की बात सुनने के बाद करण जौहर ने बताया कि राहा ही नहीं उनके बच्चों का खयाल रखने वाली सिस्टर भी मलयाली हैं.

करण जौहर के बच्चों को आती है मलयालम भाषा

करण ने बताया, मेरे जो बच्चे हैं, उनका खयाल रखने वाली सिस्टर भी मलियाली हैं. वो अब साढ़े सात साल के हैं और बचपन से ही ये सिस्टर उनका खयाल रख रही हैं. अब मेरे बच्चे बहुत अच्छी मलयालम भाषा बोलते हैं और उन्हें ये भाषा समझ भी आती है.